

आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

# तरुण छत्तीसगढ़

E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in

Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
phone: 0771-2543112

■ रायपुर, मंगलवार 17 मार्च 2026 ■ चैत्र कृष्ण पक्ष-13 ■ वर्ष -41 ■ अंक-343 ■ पृष्ठ 8 ■ डाक संस्करण 18 मार्च 2026 ■ मूल्य-2.00 रुपये

# 'जी राम जी' के विरोध में स्थगन प्रस्ताव अग्राह्य, नाराज विपक्ष ने किया बहिष्कार

**रायपुर, 17 मार्च।** छत्तीसगढ़ विधानसभा में मंगलवार को मनरेगा को 'जी राम जी' किए जाने के विरोध में कांग्रेस ने शून्यकाल में स्थगन प्रस्ताव लाई. आसंदी के स्थगन प्रस्ताव को अग्राह्य किए जाने से नाराज विपक्ष ने कार्यवाही का बहिष्कार करते हुए सदन से निकले. विधानसभा शून्यकाल के दौरान पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने जी राम जी की तुलना में पहले के मनरेगा को बेहतर बताते हुए स्थगन को ग्राह्य कर चर्चा कराने की मांग की. भाजपा विधायक अजय चंद्राकर ने कहा कि सदन विपक्ष की राजनीति का अड्डा नहीं, ये सदन कांग्रेस का राजनीति का मंच नहीं, ये जनता का मंच है. सदन का समय कीमती है. कल ही इन्होंने बता दिया था कि इस मुद्दे पर सदन में नहीं रहेंगे. इसके साथ ही पक्ष-विपक्ष के बीच तीखी नोक-झोंक शुरू हो गई. पक्ष-विपक्ष ने नारेबाजी करते हुए सदन में जोरदार हंगामा किया. नेता प्रतिपक्ष चरण दास महंत ने कहा कि जनता के मुद्दे पर राजनीति करनी हो तो हम करेंगे. आखिरकार सत्ता पक्ष और विपक्ष के हंगामे के बीच आसंदी ने सदन की कार्यवाही 5 मिनट के लिए स्थगित कर दी. 5 मिनट के बाद सदन की कार्यवाही फिर से शुरू हुई. नेता प्रतिपक्ष चरण दास महंत ने स्थगन सूचना पर बोलते हुए कहा कि मामला सिर्फ नीति बदलने का नहीं है, नियत का भी है. गरीबों से जुड़ा हुआ मामला है. इस पर स्थगन प्रस्ताव ग्राह्य कर चर्चा होनी चाहिए. कवासी लखमा और विपक्ष के अन्य कई सदस्यों ने कहा कि गरीबों से जुड़ा मामला है, इस पर चर्चा होनी चाहिए. लेकिन आसंदी के स्थगन प्रस्ताव को अग्राह्य किए जाने पर विपक्षी सदस्यों ने नाराजगी जताते हुए सदन से बहिर्गमन किया.




## सरकार ने वापस लिया छत्तीसगढ़ धर्म स्वातंत्र्य (संशोधन) विधेयक

**रायपुर, 17 मार्च।** विधानसभा बजट सत्र के दौरान मंगलवार को गृह मंत्री विजय शर्मा ने राज्यपाल द्वारा लौटाए गए छत्तीसगढ़ धर्म स्वातंत्र्य (संशोधन) विधेयक, 2006 पर विचार का प्रस्ताव प्रस्तुत किया. विचार के उपरांत आसंदी ने सरकार को विधेयक वापस लेने की अनुमति दी. विधानसभा में छत्तीसगढ़ धर्म स्वातंत्र्य (संशोधन) विधेयक, 2006 को वापस लेने के अलावा राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा ने छत्तीसगढ़ भू-राजस्व संहिता (संशोधन) विधेयक, 2026 के पुर्नस्थापन प्रस्ताव प्रस्तुत किया. जिसे विधानसभा में सर्वसम्मति से पारित किया. इसके साथ मंत्री ओपी चौधरी ने छत्तीसगढ़ नगर एवं ग्राम निवेश (संशोधन) विधेयक, 2026 के पुर्नस्थापन का प्रस्ताव और छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल (संशोधन) विधेयक, 2026 के पुर्नस्थापन प्रस्ताव प्रस्तुत किया. विधानसभा में दोनों प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित हुआ.एक के बाद एक प्रस्तुत किए गए प्रस्तावों के स्वीकार होने के बाद मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के विभागों से सम्बंधित अनुदान मांगों पर चर्चा शुरू हुआ. विपक्ष ने चर्चा में भाग नहीं लिया.

# पाकिस्तान का अफगानिस्तान पर बड़ा हमला, 400 की मौत

**करांची, 17 मार्च।** पाकिस्तान और अफगानिस्तान के हालात तनावपूर्ण होते जा रहे हैं। पिछले कई दिनों से दोनों ही देश एक दूसरे पर लगातार हमले कर रहे है। सोमवार रात एक बार फिर पाकिस्तान ने अफगानिस्तान पर बड़ा हमला किया। पाकिस्तान सेना ने काबुल में एयर स्ट्राइक कर अस्पताल और रिहायशी इलाकों में बम गिराए। इस हमले में 400 से अधिक लोगों की मौत हो गई है। वहीं 250 से अधिक घायल हैं। अफगानिस्तान के स्वास्थ्य मंत्रालय के प्रवक्ता शराफत जमान ने बताया कि पाकिस्तान ने काबुल में नशा मुक्ति केंद्र पर हवाई हमला किया है। इसमें 400 लोग मारे गए और 250 घायल हुए हैं। तालिबान ने इसे मानवता के खिलाफ हमला बताया है। जबकि पाकिस्तान ने आरोपों को खारिज किया है। जानकारी के अनुसार बीती रात साढ़े 9 बजे पाकिस्तानी वायुसेना ने अपने JF-17 और F-16 विमानों से काबुल में हमला किया। इसमें अफगानिस्तान के रक्षा मंत्रालय के पास रिहायशी इलाके, खुफिया एजेंसी जीडीआई के हेडक्वार्टर के पास रिहायशी इलाके, राष्ट्रपति भवन के पास रिहायशी इलाके और काबुल एयरपोर्ट के पास पुराने नाटो बेस में स्थित 2 हजार बेड वाला सरकारी अस्पताल शामिल था। पाकिस्तानी वायुसेना के भारी पेलोड के इस्तेमाल से रक्षा मंत्रालय औरजीडीआई के हेडक्वार्टर के पास पूरा आसमान आग से भर गया। वहीं राष्ट्रपति भवन के पास के रिहायशी इलाके में भी आग की लपटें उठीं। काबुल के पार्की सनाई कोचक इलाके में नशे के आदी मरीजों के इलाज वाले 2 हजार बेड वाले अस्पताल पर बमबारी के बाद पूरा अस्पताल आग के गोले की तरह धधकने लगा। 23 मिनट में काबुल की पांच जगहों पर पाकिस्तानी सेना द्वारा की गई बमबारी में रात 2 बजे तक की जानकारी के अनुसार 400 लोगों की मौत हो गई और 250 से अधिक लोग घायल हुए। काबुल के अलावा पाकिस्तानी सेना ने अफगानिस्तान के नंगरहार प्रांत में भी बमबारी की, जिसमें फिलहाल किसी के मारे जाने या घायल होने की सूचना नहीं मिली है।

## अवैध प्लॉटिंग-कॉलोनी पर घिरे राजस्व मंत्री, बहिर्गमन

**रायपुर, 17 मार्च।** छत्तीसगढ़ विधानसभा के बजट सत्र के 12 वें दिन मंगलवार को राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा को अवैध प्लॉटिंग और कॉलोनी के मामले में न केवल विपक्ष बल्कि सत्ता पक्ष के भी सदस्यों ने घेर लिया. बहिर्गमन से पहले विपक्ष ने राजस्व मंत्री पर अवैध कारोबार करने वालों को संरक्षण देने का आरोप लगाया.धमतरी और कांकेर में अवैध प्लॉटिंग का मुद्दा उठाते हुए विधायक अंबिका मरकाम ने सदन में राजस्व मंत्री टंक राम वर्मा से सवाल किया कि 2024 से लेकर 31 जनवरी 2026 तक कितनी शिकायतें मिलीं? अवैध प्लाटिंग को लेकर खसरों की जांच और कार्रवाई की जानकारी मांगी. राजस्व मंत्री टंक राम वर्मा ने धमतरी में 3 शिकायत और कांकेर में 5 शिकायत मिलने की जानकारी दी.उन्होंने बताया कि कुल 175 खसरा में 8 की जांच हुई है. इसके अलावा जांच और कार्रवाई प्रक्रियाधीन है, अब तक 3 पटवारियों का इंक्रीमेंट रोका गया है. इसके अलावा कई अधिकारी-कर्मचारियों को नोटिस दिया गया है. विपक्ष सदस्यों के साथ सत्ता पक्ष से अजय चंद्राकर ने भी अवैध प्लाटिंग और कॉलोनी का मुद्दा उठाया. मंत्री वर्मा के जवाब से असंतुष्ट विपक्ष ने ईओडब्लू से जाँच कराने की माँग की.

## ट्रेन की चपेट में आने से आरक्षक की मौत

**रायगढ़, 17 मार्च।** एक आरक्षक की ट्रेन की चपेट में आने से दर्दनाक मौत हो गई। मृतक की पहचान सुजीत मिंज के रूप में हुई है, जो पुलिस अधीक्षक कार्यालय में पदस्थ थे। घटना के बाद पुलिस जांच में जुट गई है। मिली जानकारी के अनुसार सुजीत मिंज बीते शाम ढिमरापुर स्थित अपने घर पर थे। परिजनों के मुताबिक रात में खाना खाने के बाद उन्होंने किसी काम से ड्यूटी जाने की बात कही और घर से निकल गए। परिजनों ने उन्हें रोकते हुए पूछा भी कि दिन में ड्यूटी कर चुके हैं तो रात में क्यों जा रहे हैं, लेकिन वे बिना कुछ बताए घर से चले गए। सुबह जीआरपी से परिजनों को सूचना मिली कि रेलवे ट्रैक के पास एक शव मिला है। जिसकी पहचान सुजीत मिंज के रूप में हुई। इसके बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल भेजा गया।

## भारत चाहे तो तुरंत रुकवा सकता है अमेरिका-ईरान युद्धः फिनलैंड

**नई दिल्ली, 17 मार्च।** पश्चिम एशिया में अमेरिका इजरायल और ईरान के बीच छिड़ी जंग से पूरी दुनिया की शांति भंग हो गई है। इस युद्ध में अब तक सैंकड़ों लोगों की मौत हो गई है। जहां एक तरफ ईरान पर अमेरिकी और इजरायली हमले जारी हैं, वहीं दूसरी पर ईरान ने इजरायल के साथ साथ खाड़ी देशों में अमेरिकी हितों को भी निशाना बनाया है। युद्ध का दायरा अब बढ़ता ही नजर आ रहा है। दूसरी तरफ ईरान पर अमेरिकी इजरायली हमलों दुनिया का सबसे प्रमुख जलमार्ग स्ट्रेट ऑफ होर्मुज लगभग ठप पड़ गया है। इस संकट से निपटने के लिए एक देश ने शांति बहाल करने के लिए भारत पर भरोसा जताया है। हाल ही में फिनलैंड के राष्ट्रपति ने अमेरिका और ईरान के बीच बढ़ते तनाव को कम करने के लिए भारत से कूटनीतिक भूमिका निभाने की अपील की है। फिनलैंड के राष्ट्रपति अलेक्जेंडर स्टब ने एक इंटरव्यू में कहा कि मौजूदा हालात में तुरंत सीजफायर की जरूरत है .

# दिल्ली मेट्रो में सफर कर नॉर्वे की राजदूत ने की तारीफ

**नई दिल्ली, 17 मार्च।** भारत में नॉर्वे की राजदूत मे-एलिन स्टेनर ने वीकेंड पर दिल्ली मेट्रो में यात्रा कर इसके संचालन और स्वच्छता की खुलकर सराहना की। उन्होंने अपने आधिकारिक एक्स (ट्विटर) अकाउंट पर सफर की तस्वीरें और वीडियो क्लिप्स साझा कीं, जो अब सोशल मीडिया पर चर्चा का विषय बन गई हैं। राजदूत ने करीब 5 सेकंड और 7 सेकंड की दो छोटी क्लिप्स पोस्ट कीं। हालांकि उन्होंने यात्रा का विस्तृत विवरण साझा नहीं किया, लेकिन वीडियो में उनके खुशी भरे पल और अनुभव साफ नजर आए। पोस्ट में उन्होंने खास तौर पर मेट्रो की साफ-सफाई, व्यवस्था और बेहतर संचालन की तारीफ की। उनके इस अनुभव ने एक बार फिर दिल्ली मेट्रो की अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बन रही सकारात्मक छवि को उजागर किया है।

शेयर की गई पहली क्लिप में वह खान मार्केट मेट्रो स्टेशन के गेट नंबर-2 से मेट्रो स्टेशन में प्रवेश करती नजर आती हैं। वहीं दूसरी क्लिप में तेज रफ्तार से दौड़ती वायलेट लाइन मेट्रो को कैमरे में कैद किया गया है, जो कश्मीरी गेट मेट्रो स्टेशन की ओर जाती दिखाई दे रही है। इसके बाद उनकी एक तस्वीर सामने आती है, जिसमें उनकी आंखों की चमक उनके अनुभव को बयां कर रही है। राजदूत ने शब्दों में भी अपनी खुशी जाहिर करते हुए मेट्रो की साफ-सफाई, सुगठित संचालन और सुविधाओं की खुलकर तारीफ की। दिल्ली मेट्रो में वीकेंड पर किए गए इस सफर के बाद उन्होंने लिखा, "इस वीकेंड पहली बार दिल्ली मेट्रो में सफर किया! तेज, साफ और बहुत ही बढ़िया। दिल्ली में घूमने-फिरने का एक शानदार तरीका। मुझे यह पहले ही कर लेना चाहिए था! मैं इसे दोबारा जरूर इस्तेमाल करूंगी।" राजदूत ने अपनी पोस्ट में कम शब्दों में ही खुशी, हल्का अफसोस और शानदार अनुभव को बखूबी समेट दिया। उनके इस बयान से साफ है कि दिल्ली मेट्रो की स्पीड, साफ-सफाई और सुविधाएं उन्हें बेहद पसंद आईं।

# भाषण क्यों दे रहे हैं, जितना पूछें उतना बता दो

## मंत्री का लंबा जवाब सुन गुस्साए ओम बिरला

**नई दिल्ली, 17 मार्च।** लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने प्रश्नकाल में सदस्यों से संक्षिप्त प्रश्न पूछने और मंत्रियों से छोटे जवाब देने का अपना आग्रह दोहराते हुए मंगलवार को कहा कि क्या मंत्री 'संक्षिप्त जवाब देने की कोशिश नहीं कर सकते।' प्रश्नकाल में सामाजिक न्याय और अधिकारिता राज्य मंत्री बीएल वर्मा तेलुगुदेशम पार्टी (तेदेपा) के सदस्य जीएम हरीश बालयोगी के पूरक प्रश्न का उत्तर दे रहे थे। इस दौरान बिरला ने उन्हें टोकते हुए कहा, 'आप भाषण क्यों दे रहे हैं। आप तो जवाब दो।' इसके बाद जब वर्मा दूसरे पूरक प्रश्न का उत्तर दे रहे थे तो अध्यक्ष ने कहा, 'आप लोग संक्षिप्त जवाब देने की कोशिश नहीं कर सकते। मैंने कितनी बार सदन में यह आग्रह किया है। हर बार विस्तृत जवाब देते हो आप। जितना (सदस्य) पूछें आप उतना जवाब दे दो।' इससे पहले प्रश्नकाल शुरू होने के दौरान भी बिरला ने सदस्यों से संक्षिप्त प्रश्न पूछने और मंत्रियों से उनके संक्षिप्त जवाब देने का अपना आग्रह दोहराया। उन्होंने कहा, 'मेरा प्रयास है कि प्रश्नकाल में सूचीबद्ध सभी 20 पूरक प्रश्न आ जाएं।' उन्होंने दोपहर 12 बजे प्रश्नकाल समाप्त



होने से पहले एक सदस्य को आज का अंतिम पूरक प्रश्न पूछने का निर्देश देते हुए हल्के-फुल्के अंदाज में यह भी कहा, 'समय कम है, मत्रीजी को लंबा जवाब देना है।' लोकसभा ने मंगलवार को उन आठ विपक्षी सदस्यों का निलंबन रद्द कर दिया जिन्हें संसद के बजट सत्र के पहले चरण में सदन की अवमानना के मामले में निलंबित किया गया था। बिरला ने सोमवार को सभी दलों के नेताओं की एक बैठक बुलाई थी, जिसमें आठ विपक्षी सदस्यों का निलंबन वापस लेने पर सहमति बनी थी। सदन में कांग्रेस के मुख्य सचेतक कोडिकुनिल सुरेश ने आसन से निलंबन रद्द करने का अनुरोध किया और विपक्षी सदस्यों के आचरण पर खेद भी जताया। इसके बाद संसदीय कार्य मंत्री किरेन रीजीजू ने निलंबन खत्म करने का प्रस्ताव सदन में रखा जिसे सदन ने ध्वनिमत से मंजूरी दी।

बजट सत्र के पहले चरण के दौरान तीन फरवरी को आसन की ओर कागज फेंकने के बाद, सदन की अवमानना के मामले में विपक्ष के आठ सांसदों को बजट सत्र की शेष अवधि के लिए निलंबित कर दिया गया था। निलंबित सांसदों में कांग्रेस के मणिकम टैगोर, अमरिंदर सिंह राजा वडिंग, गुरजीत सिंह औजला, हिबी ईडन, डीन कुरियाकोस, प्रशांत पडोले, किरण कुमार रेड्डी और मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) के एस. वेंकटेशन शामिल हैं।

# भारत पहुंचा होर्मुज से निकला एक और जहाज

**नईदिल्ली, 17 मार्च।** एलपीजी संकट के बीच भारत को बड़ी खुशखबरी मिली है। मंगलवार को गुजरात के बंदरगाह पर नंदा देवी जहाज भी पहुंच गया है। खास बात है कि यह स्ट्रेट ऑफ होर्मुज से भारत पहुंचने वाला दूसरा जहाज है। इससे पहले शिवालिक ने सोमवार को भारत में एंट्री की थी। दोनों जहाज मिलकर 90 हजार मीट्रिक टन से ज्यादा एलपीजी लेकर भारत पहुंचे हैं, जो संकट के बीच बड़ी राहत का काम कर सकती है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, 47 हजार मीट्रिक टन से ज्यादा एलपीजी लेकर नंदा देवी जहाज गुजरात के वाडिनार पोर्ट पहुंचा है। शनिवार को ही शिपिंग मिनिस्ट्री में विशेष सचिव राजेश कुमार सिन्हा ने बताया था कि शिवालिक और नंदा देवी 16 और 17 मार्च को भारत पहुंच सकते हैं। नंदा देवी के भारत पहुंचने के बाद संभावनाएं जताई जा रहीं हैं कि 24 हजार मीट्रिक टन तमिलनाडु भेजा जाएगा।



सिन्हा ने कहा था कि संयुक्त अरब अमीरात से लगभग 80,800 टन मुरबान कच्चा तेल ले जा रहा जहाज 'जग लाडकी' और उस पर सवार सभी 22 भारतीय नाविक सुरक्षित हैं। जग लाडकी उन 28 भारतीय जहाजों में से चौथा जहाज है जो पिछले दो हफ्तों से युद्धग्रस्त होर्मुज जलडमरूमध्य में फंसे हुए हैं। वर्तमान में, पश्चिमी फारस की खाड़ी में 611 नाविकों सहित 22 भारतीय ध्वज वाले जहाज फंसे हुए हैं। दो एलपीजी लदे जहाजों ने 13 मार्च को अपनी यात्रा शुरू की और 14 मार्च की सुबह होर्मुज जलडमरूमध्य को पार किया। उन्होंने बताया था कि पहला जहाज, शिवालिक, गुजरात के मुंदड़ा बंदरगाह पर पहुंचा, जहां अग्रिम कागजी कार्रवाई और प्राथमिकता के आधार पर माल उतारने की व्यवस्था की गई थी। दूसरा जहाज, नंदा देवी, मंगलवार सुबह कांडला बंदरगाह पर पहुंचने वाला है। दोनों जहाजों में लगभग 92,712 टन एलपीजी है। यह देश में एक दिन की खाना पकाने की गैस की आवश्यकता के बराबर है। ये उन 24 जहाजों में शामिल थे जो क्षेत्र में युद्ध शुरू होने के बाद से स्ट्रेट ऑफ होर्मुज के पश्चिमी हिस्से में फंसे हुए थे। स्ट्रेट ऑफ होर्मुज के पश्चिमी हिस्से में फंसे 24 जहाजों के अलावा, चार अन्य पूर्वी हिस्से में फंसे हुए थे।

# मोवा रेलवे अंडरब्रिज बंद, मरम्मत के बीच ट्रैफिक व्यवस्था बेहाल



**रायपुर, 17 मार्च।** राजधानी रायपुर में 13 मार्च से मोवा स्थित रेलवे अंडरब्रिज को बंद कर दिया गया है। अंडरब्रिज की हालत लंबे समय से खराब है और यहां सालभर पानी भरा रहता था, जिससे कई हादसे भी हो चुके हैं। लगातार शिकायतों के बाद रेलवे द्वारा अंडरब्रिज की सड़क का मरम्मत कार्य शुरू किया गया है। हालांकि, मरम्मत कार्य को लेकर मौके पर कोई सूचना बोर्ड नहीं लगाया गया है, जबकि इस अंडरब्रिज से रोजाना हजारों लोग गुजरते हैं। सूचना के अभाव में कई राहगीर अंडरब्रिज तक पहुंच जाते हैं और फिर उन्हें वापस लौटना पड़ता है। अंडरब्रिज बंद होने से मोवा ओवरब्रिज पर ट्रैफिक का दबाव काफी बढ़ गया है। दिनभर यहां जाम की स्थिति बनी रहती है, जिससे वाहन चालकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। ओवरब्रिज पर वाहनों की लंबी कतारें लगने से लोग घंटों जाम में फंसे रहते हैं। इस स्थिति को और गंभीर वैकल्पिक मार्ग की कमी बना रही है। इलाके में आवागमन के लिए कोई अन्य रास्ता नहीं है, जिससे स्थानीय रहवासियों, छात्र-छात्राओं और रोजाना आने-जाने वाले लोगों को खासा दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। ऐसे में सोमवार को सूचना बोर्ड नहीं होने के कारण कई राहगीर अंडरब्रिज के पास पहुंच गए और उन्हें वापस लौटना पड़ा। अंडरब्रिज पर आवागमन बंद होने से स्थानीय रहवासियों व छात्र-छात्राओं को भी भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। सुबह से दोपहर तक लंबा जाम लगा रहता है। ट्रैफिक व्यवस्था संभालने के लिए यहां पुलिस का एकमात्र जवान ड्यूटी पर है, जिससे ट्रैफिक व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है।

## ट्रेलर है यह ! फिल्म आना बाकी है. प्रश्न है कितनी ऊंची बाधा और पार करेंगे अर्मांड डुप्लांटिस ?

# नये कीर्तिमान मचा देते हैं खिलाड़ी के मन में खलबली

✍ जसवंत क्लाडियस, तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

मनुष्य की चाहत का कोई अंत नहीं है। वैज्ञानिक के रूप में समुद्र के सबसे नीचले तल में क्या होता है? कौन रहते हैं? जैसे प्रश्न का उत्तर खोजने मनुष्य प्रशात महासागर के सबसे गहरे स्थल में पहुंच चुका है यह करीब 11 किमी गहराई में स्थित है जिसे चैलेंजर डीप के नाम से जाना जाता है। इसी तरह अंतरिक्ष में चंद्रमा तक की दूरी को 384400 किमी को वायु मार्ग से पहुंच चुका है। अर्थात मनुष्य एक जिज्ञासु प्राणी है जो नित नये प्रयोग, नित नई कोशिश करता है। इस प्रयास में कुछ नये कीर्तिमान, कुछ विश्व रिकॉर्ड दर्ज हो जाते हैं.खेलकूद की दुनिया भी बहुत ही रोचक है। इसे हम सिर्फ एथलेटिक्स खेल की दृष्टि से देखें तो ग्रीष्मकालीन ओलंपिक खेलों में शामिल एथलेटिक्स के करीब 23-23 महिला व पुरुष इवेंट तथा 4&400 रिले मिश्रित युगल के साथ मेराथन रेस वाक रिले मिश्रित टीम इवेंट मिलाकर 48 इवेंट होते हैं। इसी तरह प्रत्येक दो वर्ष की अवधि में विश्व एथलेटिक्स स्पर्धा होती है। अगर आप इन दोनों प्रतियोगिताओं के नतीजे पर नजर डालेंगे तो आपको यह जानकार आश्चर्य होगा कि मनुष्य चाहे स्त्री हो या पुरुष एक प्रतिभागी के रूप में प्रतियोगिताओं के प्रत्येक चरण में कम से कम 50 से 60 प्रतिशत तक इवेंट में परिणामों में बदलाव करते हैं। एथलेटिक्स में दौडऩा, कूदना, उछलना और फेंकना प्रमुखतः ये चार विधाएं होती है जिनमें हार जीत के लिए एथलीट खेल मैदान एरिना या ट्रेक पर उतरता है। एथलेटिक्स में नये कीर्तिमान के बनने का सीधा अर्थ है प्रतिभागी ने टूर्नामेंट की तैयारी में पहले से अधिक पसीना बहाया है, नई तकनीक का सहारा लिया है और पिछली बार की अपेक्षा इस बार मानसिक रूप से अधिक मजबूत हुए हैं। एथलेटिक्स के एक इवेंट बांसकूद जिसे अंग्रेजी में पोल वाल्ट कहते हैं इन दिनों चर्चा का विषय बना हुआ है। इसकी वजह स्वीडन के एथलीट डुप्लांटिस हैं जिनके द्वारा 8 फरवरी 2020 से लेकर अब तक पोलवाल्ट के रिकार्ड को 15 बार तोड़कर नया विश्व कीर्तिमान बनाना है । 26 वर्षीय डुप्लांटिस में 5.65 मीटर की ऊंचाई को पार करने या कूद लेने की क्षमता सबसे पहले आई फिर पहली बार 2020 में उन्होंन 6.17 मीटर की ऊंचाई पार करके विश्व रिकार्ड कायम किया फिर लगातार इससे अधिक ऊंचाई पार कर विश्व कीर्तिमान दर्ज करते जा रहे हैं . गत दिनों उन्होंने 6.31 मीटर की बाधा को पार करके सबको आश्चर्यचकित कर दिया। पिछले बार टोक्यो में आयोजित विश्व चैंपियनशिप में डुप्लांटिस ने कीर्तिमान रचते हुए 6.30 मीटर तक ऊंची बाधा पार की थी। 1896 के आधुनिक ओलंपिक खेलों के पहले संस्करण में यह खेल शामिल था। उस समय इतिहास में 17 सितबर 1892 को दर्ज विश्व कीर्तिमान अमेरिका के वालटर रोडनबाघ के नाम था उन्होंने तब 3.49 मीटर ऊंचाई को पार किया था। 1896 के पहले आधुनिक ओलंपिक में बासकूद में अमेरिका के विलियम डायट 3.30 मीटर की बाधा पार करके विजेता बने। उसके बाद आज करीब 130 वर्षों बाद इस खेल में नियमों में बदलाव, नये तकनीक, अत्याधुनिक खेल सामग्री का प्रयोग करते हुए डुप्लांटिस ने 6.31 मीटर बाधा पार करके पूरी दुनिया का ध्यान अपनी उपलब्धि की ओर आकर्षित किया है। वस्तुतः बांसकूद को लोकप्रिय बनाने में इस इवेंट के नियम में किए गए बदलाव ,1900 के दौरान जंप को चार मीटर, फिर 1970 से जंप को 5 मीटर से अधिक दिया गया। 1980 से 1990 तक सर्जेय बुबका ने 6 मीटर की ऊंचाई तक ले गये और लगातार 14 विश्व कीर्तिमान स्थापित किया। 1960 से पहले साइबर डलास फिर कार्बन ग्लास बांस पोल के द्वारा कूदने की अनुमति दी गई जिससे इस खेल में रोचकता बढ़ी। डुप्लांटिस ने आने वाली पीढ़ी को बता दिया है कि लक्ष्य निर्धारित करके प्रयासरत रहें। नियमित अभ्यास और उचित खानपान तथा आधुनिक तकनीक का इस्तेमाल करते हुए ऐसी सफलता पाई जा सकती है।

# नगर साहू समाज ने कलश यात्रा निकालकर कर्मा जयंती मनाई

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता




**उतई, 17 मार्च।** आज कर्मा जयंती के अवसर पर नगर साहू समाज के तत्वावधान में भक्त माता कर्मा जयंती महोत्सव एवं प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन कर्मा सामुदायिक भवन शीतला नगर उतई में धूम-धाम से मनाई गई। कार्यक्रम की शुरुआत भव्य कलश यात्रा निकालकर किया गया। साथ ही कृष्ण जी को खिचड़ी खिलाती भक्त कर्मा माता का जीवंत झांकी निकाला गया ।इसके बाद कर्मा माता की हवन पूजन की, इसके अलावा साहू समाज के बच्चे द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री ताम्रध्वज साहू ने कहा कि समाज में कर्म माता के आदर्शो को घर घर पहुंचाने की आवश्यकता है साहू समाज को संगठित होकर चिंतन करना चाहिए। आगे कहा कि साहू समाज के हर घर में कर्मा माता की फोटो होना चाहिए। उसकी रोज पूजा होनी चाहिए। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे नगर साहु समाज उतई के अध्यक्ष किशोर साहू ने सर्वप्रथम वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया साथ ही विभिन्न निर्माण व समाज के लोगों को एकता के सूत्र में बांधने के प्रयास , युवा ,बुजुर्ग महिलाओं और बच्चों सभी को साथ लेकर चल रहे है जिसका ही परिणाम है कि साहु समाज उतई ने इतनी विशाल कलश यात्रा निकाली और आगे भी सबके प्रयास से समाजहित के कार्य किए जाएंगे।इस अवसर पर पूर्व मंत्री श्रीमती रमशीला साहू ने महिलाओं को एकता के सूत्र में बांधने के लिए नगर साहू समाज को बधाई दी साथ ही महिला सशक्तिकरण को और आगे सभी क्षेत्रों में बढ़ाने की बात कही।छोटे छोटे बच्चों ने संस्कृति कार्यक्रम प्रस्तुत किए,प्रतिभाशाली बच्चो को प्रतीक चिन्ह,साल श्रीफल देकर सम्मानित किया गया।नगर साहू समाज उतई के 54पार प्रमुख का सम्मान किया गया ।मंच संचालन मुकेश साहू और गिरीश साहू ने किया ।विशेष अतिथि के रूप में उतई नगर पंचायत अध्यक्ष श्रीमती सरस्वती साहू, पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष डिकेन्द्र हिरवानी, नगर साहू समाज उपाध्यक्ष खूबीराम साहु,सुनीति साहु,कुशल साहु ,ऋषि साहु, पार्षद राकेश साहू,लक्ष्मण साहू ,द्वारिका साहू ,विजयलक्ष्मी साहु,प्रभा साहु,लीलावती साहु,किरण साहू शकुंतला साहु,राधिका हिरवानी ,शीला साहु,कुंती साहु, तुकाराम साहु,भावेश साहू,गुलशन साहु, छत्रपाल साहु,राजू साहु,यज्ञ साहू,तोषण साहू,कांति साहू, धवेंद्र साहु,युगल साहु,लोकेश साहु, छात्राणि साहु, चंद्रकिरण साहु,,शांति साहू, सोनारीन साहू,चुन्नीलाल साहु,डॉ बृजमोहन साहू, खिलावन साहू ,अरुण साहू,संतोष साहू, कुमार साहू, पदुम साहू,खुमान साहु ओ पी साहू,मोहित साहू,अमलेश साहू,मंजू साहू,पिंकी साहू, तेश्वरी साहू, सहित सैकड़ों साहु समाज के लोग उपस्थित थे।और कार्यक्रम के अंत में नगर साहू समाज उतई के सचिव गिरीश साहू ने आभार प्रकट करते हुए सभी को मिलकर साथ चलने की बात कही।

## समाचार संक्षेप

### दिलीप साहू बने जिला साहू संघ कबीरधाम के मीडिया प्रभारी



**कवर्धा,17 मार्च (तछसं.)।** जिला साहू संघ कबीरधाम की संगठनात्मक गतिविधियों को सशक्त बनाने के उद्देश्य से कार्यकारिणी का विस्तार किया गया, जिसमें समाजसेवी दिलीप साहू को जिला साहू संघ कबीरधाम का मीडिया प्रभारी नियुक्त किया गया है। उनकी नियुक्ति पर समाज के पदाधिकारियों और सदस्यों ने हर्ष व्यक्त करते हुए शुभकामनाएं दीं। संगठन के वरिष्ठ पदाधिकारियों ने विश्वास जताया कि दिलीप साहू अपनी नई जिम्मेदारी का निर्वहन करते हुए समाज की गतिविधियों, कार्यक्रमों और जनहित से जुड़े कार्यों को मीडिया के माध्यम से प्रभावी रूप से जनता तक पहुंचाने का कार्य करेंगे।दिलीप साहू ने नियुक्ति पर जिला साहू संघ कबीरधाम का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे साहू समाज की एकता, विकास और सामाजिक गतिविधियों को मजबूत करने के लिए पूरी निष्ठा के साथ कार्य करेंगे।

### बाघा में स्वामित्व योजना के अंतर्गत करीब 58 हितग्राहियों को पट्टा वितरण किया गया



**कवर्धा,17 मार्च (तछसं.)।** बोडला जनपद क्षेत्र ग्राम पंचायत बांधा में आयोजित स्वामित्व योजना के अंतर्गत करीब 58 हितग्राहियों को पट्टा वितरण किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से गोपाल वर्मा , बोड़ला जनपद उपाध्यक्ष नंद श्रीवास, जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि लोकचंद साहू, नितेश अग्रवाल महामंत्री जिला भाजपा कबीरधाम, नरेश साहू सभापति जनपद पंचायत बोड़ला एवं अन्य अतिथियों के साथ शामिल होकर, संबोधित कर, उन्हें भू-स्वामी अधिकार पत्र वितरित किया। वर्षों से काबिज जमीन का मालिकाना हक मिलने पर ग्रामवासियों ने खुशी जाहिर की। साथ ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी , मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय , उपमुख्यमंत्री माननीय विजय शर्मा के प्रति आभार प्रकट किया।

### अंतर्राष्ट्रीय साहित्य सम्मेलन में भिलाई के साहित्यकारों का सम्मान




**भिलाई, 17 मार्च (तछसं.)।** भगवान शिव की नगरी काशी (वाराणसी) में 12 से 14 मार्च तक आयोजित तीन दिवसीय भारत-नेपाल अंतर्राष्ट्रीय साहित्य एवं सांस्कृतिक मैत्री महासम्मेलन में भिलाई के साहित्यकारों ने अपनी प्रतिभा का प्रभावशाली प्रदर्शन करते हुए क्षेत्र का नाम रोशन किया। यह आयोजन हनुमान प्रसाद पोद्दार स्मृति ट्रस्ट, दुर्गाकुंड के सभागार में भव्य रूप से संपन्न हुआ, जिसमें नेपाल एवं भारत के विभिन्न राज्यों से लगभग 100 साहित्यकारों ने भाग लिया। आयोजन में भिलाई के लब्धप्रतिष्ठित कवि-साहित्यकार गोविन्द पाल, शंकर भट्टाचार्य एवं कवि-गीतकार संतोष जाटव जालौनी को शामिल किया गया, जहां तीनों को अंतर्राष्ट्रीय काशी शिवनाथ शिखर सम्मान से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के प्रथम दिवस की शुरुआत संतोष जाटव जालौनी द्वारा सरस्वती वंदना से हुई, जबकि समापन अवसर पर उन्होंने राष्ट्रगान प्रस्तुत किया। द्वितीय दिवस के मुख्य कार्यक्रम का सफल संचालन गोविन्द पाल ने किया। तीनों रचनाकारों ने अपनी प्रतिनिधि रचनाओं का पाठ कर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया।

### बीएसपी एथलेटिक्स मीट-26 में 95 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया



**भिलाई, 17 मार्च (तछसं.)।** भिलाई इस्पात संयंत्र के क्रीड़ा, सांस्कृतिक एवं नागरिक सुविधाएँ विभाग द्वारा आयोजित अंतर-विभागीय एथलेटिक्स मीट-2026 का आयोजन 14 मार्च को सेक्टर-4 स्थित सेल एथलेटिक्स अकादमी में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। प्रतियोगिता में संयंत्र के विभिन्न विभागों से लगभग 95 खिलाड़ियों ने भाग लिया और कुल 12 स्पर्धाओं में उत्साहपूर्वक अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। पुरुष वर्ग में 100 मीटर में प्रवीण चापले, 200 मीटर में ज्ञान सिंह, 400 मीटर में प्रशांत मीना तथा 800 मीटर में बी.आर. नेलाम विजेता रहे। वहीं लंबी कूद में ज्ञान सिंह, भाला फेंक में वेंकटरमना तथा गोला फेंक में कृष्ण मूर्ति ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। महिला वर्ग में सुश्री लेरीना ने 100 एवं 200 मीटर दौड़ में दोहरा खिताब जीता, जबकि 400 मीटर में सरस्वती विजेता रहीं।

## एक नजर

### पुलिस ने 13 जुआरियों को पकड़ा



**दुर्ग, 17 मार्च (तछसं.)।** दुर्ग सिटी कोतवाली क्षेत्र के जुआ का बड़ा फड पंचशील नगर स्थित मोहलई के खेत में चल रहा था दुर्ग सिटी कोतवाली थाने पुलिस ने दबिश देकर 13 जुआरियों को पकड़ा है पुलिस ने मिलपारा दुर्ग के मोहम्मद फहीम, नेवई के बल्लू वर्मा, जवाहर नगर के किशन साहू, नयापारा के पंकज सोनी, उरला के नितेश जैन, मठपारा के सुरेश गुप्ता, कसारीडीह के शंकर लाल चौधरी, बघेरा के मोहित सिन सिन्हा, शिव नगर के ललित भट्ट, कोटनी के खिलेश्वर निषाद, राम नगर उरला के बसंत कुमार सोनी, पंचशील नगर के राकेश मंडल, कोटनी के मनोज राजपत को पकड़ा गया जुआरियों के पास से तीन गड्डी ताश की पत्ती और नगदी रुपए, प्लास्टिक की ताल पतरी, कम्बल, चादर, 18 मोबाइल फोन बरामद किया गया है। जिसकी कीमत 1.44 लाख, नगद 1.53 लाख रुपये बरामद किया गया है। कुल जब्त 2.97 लाख रुपए का हुआ है कार्रवाई में कोतवाली दुर्ग का अह्म योगदान रहा है।

### मधुमक्खियों के हमले में महिला की मौत

**भिलाई, 17 मार्च (तछसं.)।** भिलाई धमधा थाना क्षेत्र के खेत में काम कर रहीं महिलाओं पर अचानक मधुमक्खियों के झुंड ने हमला कर दिया इस हमले में( 40 साल ) दुर्गा साहू की मौत हो गई, जबकि चार से पांच अन्य महिलाएं घायल हो गईं मामला ग्राम पंचायत रूहा का है जानकारी के अनुसार सोमवार को गांव की कुछ महिलाएं रोज की तरह खेत में काम कर रही थीं इसी दौरान अचानक मधुमक्खियों का एक बड़ा झुंड वहां पहुंचा और महिलाओं पर हमला कर दिया मधुमक्खियों के अचानक हमले से महिलाएं घबरा गईं और इधर-उधर भागने लगीं, लेकिन तब तक कई महिलाओं को मधुमक्खियों ने बुरी तरह काट लिया। आसपास मौजूद ग्रामीणों ने तुरंत उन्हें और अन्य घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र धमधा पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद दुर्गा साहू को मृत घोषित कर दिया वहीं अन्य घायल महिलाओं का इलाज अस्पताल में किया गया ।

# महाविद्यालय में ड्राइंग पेंटिंग एवं कंप्यूटर स्किल पर कार्यशाला आयोजित

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता




**उतई,17 मार्च।** प्रिज्म स्कूल ऑफ एजुकेशन में आईक्यूएसी के तहत महाविद्यालय में विद्यार्थियों की रचनात्मकता एवं तकनीकी दक्षता के विकास के उद्देश्य से ड्राइंग-पेंटिंग तथा कंप्यूटर स्किल्स विषय पर एक विशेष कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं को चित्रकला, रंगों के संयोजन तथा रचनात्मक अभिव्यक्ति की विभिन्न तकनीकों की जानकारी दी गई। साथ ही कंप्यूटर के मूलभूत कौशल जैसे एम.एस. वर्ड, पावरपॉइंट, इंटरनेट उपयोग एवं डिजिटल प्रस्तुति के बारे में भी मार्गदर्शन प्रदान किया गया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. अंजना ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि आज के समय में रचनात्मकता के साथ-साथ तकनीकी ज्ञान भी अत्यंत आवश्यक है। ऐसे कार्यक्रम विद्यार्थियों के व्यक्तित्व विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इस अवसर पर महाविद्यालय के अनेक छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया तथा अपने अनुभव साझा किए। इस कार्यक्रम के तहत सभी सहभागी विद्यार्थियों को सर्टिफिकेट प्रदान किया गया। इस कार्यक्रम में ड्राइंग पेंटिंग एक्सपर्ट देशना गर्ग मैडम तथा कंप्यूटर कौशल जागेश्वर साहू सर द्वारा सफलता पूर्वक सम्पन्न किया गया। कार्यक्रम के समापन में सभी को स्वल्पाहार वितरण किया तथा यह कार्यक्रम प्राध्यापक रेखा नामदेव मैडम के नेतृत्व में सम्पन्न हुआ।

# कुरूद रोड कोहका में आए दिन सुबह और शाम घंटों जाम लगने से लोग परेशान




■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 17 मार्च।** कुरूद रोड कोहका क्षेत्र में इन दिनों लगातार लग रहे जाम से आम नागरिकों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। खासकर सुबह और शाम के व्यस्त समय में सड़क पर वाहनों की लंबी कतारें लग जाती हैं, जिससे स्कूल जाने वाले बच्चों, नौकरीपेशा लोगों और स्थानीय व्यापारियों को काफी दिक्कत होती है। जनहित संघर्ष समिति की संयोजक शारदा गुप्ता ने बताया कि सड़क संकरी होने के कारण यदि कोई बड़ा वाहन मोड़ लेने में अटक जाता है, तो पूरी सड़क जाम हो जाती है। ऐसी स्थिति कई बार देखने को मिल चुकी है, जिससे आमजन लगातार परेशान रहते हैं। उन्होंने बताया कि इस मार्ग पर कई शैक्षणिक संस्थान स्थित हैं, जिसके चलते यातायात का दबाव अधिक रहता है। जाम की स्थिति बनने पर स्थानीय लोग उन्हें फोन कर मदद मांगते हैं, जबकि पुलिस प्रशासन के पहुंचने में भी समय लग जाता है। ऐसे में कई बार स्थानीय कार्यकर्ताओं को ही मौके पर पहुंचकर जाम हटाना पड़ता है। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए शारदा गुप्ता ने पुलिस कप्तान विजय अग्रवाल से फोन पर चर्चा कर मांग की है कि इस मार्ग पर 112 की गाड़ियों की नियमित गश्त सुनिश्चित की जाए और अवैध पार्किंग पर सख्त कार्रवाई हो। साथ ही सड़क चौड़ीकरण और बेहतर ट्रैफिक प्रबंधन की व्यवस्था भी करने की मांग की गई है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि जल्द ही इस समस्या का स्थायी समाधान नहीं किया गया, तो आने वाले समय में स्थिति और भी गंभीर हो सकती है। जाम के कारण एम्बुलेंस और अन्य आपातकालीन सेवाएं भी प्रभावित हो सकती हैं, जिससे किसी बड़ी अनहोनी का खतरा बना रहता है। इस संबंध में क्षेत्र के कई प्रमुख नागरिकों और कार्यकर्ताओं ने प्रशासन से शीघ्र कार्रवाई की मांग की है, ताकि लोगों को जाम की समस्या से राहत मिल सके।

### राष्ट्रीय टीकाकरण दिवस पर दुर्ग से स्वास्थ्य सुरक्षा की बड़ी शुरुआत

**दुर्ग, 17 मार्च ।** दुर्ग जिले में बालिकाओं के स्वास्थ्य संरक्षण और सुरक्षित भविष्य की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए 14 से 15 वर्ष आयु वर्ग की बालिकाओं के लिए जीवन रक्षक एचपीवी (ह्यूमन पैपिलोमा वायरस) वैक्सीन अभियान का शुभारंभ दुर्ग सांसद श्री विजय बघेल के करकमलों से किया गया। इस अवसर पर कलेक्टर श्री अभिजीत सिंह विशेष रूप से उपस्थित रहे तथा उन्होंने अभियान के सफल संचालन के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए। कलेक्टर श्री अभिजीत सिंह ने कहा कि 14 से 15 वर्ष आयु वर्ग की सभी बालिकाओं तक यह जीवन रक्षक वैक्सीन पहुंचाना प्रशासन की प्राथमिकता है, जिससे भविष्य में होने वाले सर्वाइकल कैंसर जैसी गंभीर बीमारी से बचाव संभव हो सके। स्वास्थ्य विशेषज्ञों के अनुसार महिलाओं में पाए जाने वाले प्रमुख कैंसर में सर्वाइकल कैंसर एक गंभीर समस्या है ।

# सर्व समाज कल्याण समिति ने की जरूरतमंदों की आर्थिक सहायता



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 17 मार्च।** कोहका स्थित सर्व समाज कल्याण समिति के अध्यक्ष इंद्रजीत सिंह छोटू के नेतृत्व में क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों, वरिष्ठजनों, माताओं-बहनों एवं युवाओं के साथ आत्मीय भेंट एवं संवाद का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में उपस्थित लोगों ने क्षेत्र की विभिन्न समस्याओं, आवश्यकताओं एवं विकास से जुड़े महत्वपूर्ण सुझावों को विस्तारपूर्वक साझा किया। सभी विषयों को गंभीरता से सुनते हुए उनके त्वरित एवं प्रभावी निराकरण हेतु हरसंभव सहयोग का आश्वासन दिया गया। बैठक के दौरान समाजसेवा एवं जनकल्याण की भावना को आगे बढ़ाते हुए सर्व समाज कल्याण समिति एवं यूथ सिख सेवा समिति द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में सहयोग प्रदान किया गया। पूर्व में प्राप्त आवेदनों के आधार पर तीन जरूरतमंद विद्यार्थियों की स्कूल फीस हेतु क्रमशः रु 7500, रु 5950 एवं रु 11040 की आर्थिक सहायता चेक के माध्यम से प्रदान की गई। साथ ही एक मेधावी खिलाड़ी को प्रोत्साहन एवं उसके उज्ज्वल भविष्य के लिए रु 10000 की आर्थिक सहायता भी दी गई, जिससे युवाओं में आगे बढ़ने की प्रेरणा मिले। इस दौरान विभिन्न सामाजिक, सांस्कृतिक एवं जनकल्याणकारी आयोजनों के लिए आमंत्रण भी प्राप्त हुए, जिन्हें सहर्ष स्वीकार करते हुए आयोजकों को सफल आयोजन हेतु शुभकामनाएं प्रेषित की गईं। कार्यक्रम में उपस्थित नागरिकों ने इस पहल की सराहना करते हुए इसे समाज में सहयोग, संवेदनशीलता एवं सकारात्मक परिवर्तन की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया।



### विधान सभा को घेरने के लिए कांग्रेसी रवाना:गोपाल चंद्रवंशी

**कवर्धा,17 मार्च (तछसं.)।** विधानसभा को घेरने के लिए कबीरधाम जिले से हजारों कांग्रेसी कार्यकर्ता जा रहे है ओर 70 गाड़िया जा चुकी है । गोपाल चंद्रवंशी जिला कांग्रेस कमेटी महामंत्री ओर जिला कांग्रेस सचिव जलेश्वर यादव ने जानकारी देते हुए कहा की जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष नवीन जायसवाल के नेतृत्व में विधानसभा को घेरने के लिए रायपुर जा रहे है ।

# डोडा बिक्री मामले में दो लोग किए गए गिरफ्तार



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**दुर्ग,17 मार्च।** दुर्ग निलंबित भाजपा नेता विनायक ताम्रकार के खेत में मिले 8 करोड़ रुपए के अफीम पौधे मामले में पुलिस पूछताछ में आरोपी विकास बिश्नोई खुलासा मामले में डोडा और अफीम की बाजार तैयार करने वाले दो और आरोपियों को दुर्ग पुलिस ने बेमेतरा से गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से 304 ग्राम अफीम डोडा (चुक्की) एवं 1,29,000 नगद जब्त की है। इस प्रकरण में अन्य संलिप्त व्यक्तियों के संबंध में विवेचना जारी है जेवरा सिरसा चौकी पुलिस ने बताया कि चौकी जेवरा सिरसा में दर्ज धारा 8, 18, 29 एनडीपीएस एक्ट के अंतर्गत ग्राम समोदा में अवैध अफीम की खेती के प्रकरण में पूर्व में आरोपी विकास बिश्नोई, विनायक ताम्रकार, मनीष उर्फ गोलू ठाकुर एवं छोटू राम को गिरफ्तार कर न्यायालय में प्रस्तुत किया गया था। पुलिस रिमाण्ड के दौरान आरोपी विकास बिश्नोई से पूछताछ में महत्वपूर्ण जानकारी मिली कि अवैध रूप से की गई अफीम की खेती से उत्पादित डोडा (अफीम फल) को अन्य व्यक्तियों द्वारा खरीदकर अपने होटल/ ढाबा में रखकर विक्रय किया जाता था। साथ ही यह भी जानकारी सामने आई कि आगे उत्पादित होने वाले डोडा को भी खरीदने की योजना आरोपियों ने बनाई गई थी। प्राप्त सूचना, तकनीकी साक्ष्य एवं मेमोरण्डम कथन के आधार पर 15 मार्च को पुलिस टीम ने बेमेतरा-सिमगा रोड स्थित ग्राम कठिया में श्री रामदेव होटल एवं राजस्थानी हाइवे ढाबा में एनडीपीएस एक्ट में निहित वैधानिक प्रक्रिया का पालन करते हुए रेड कार्रवाई की गई रेड कार्रवाई के दौरान आरोपी रणछोड़ राम उर्फ रणजीत (50 साल ) निवासी ग्राम कुड़ी, थाना कल्याणपुर, जिला बालोतरा (राजस्थान), हाल मुकाम ग्राम कठिया, जिला बेमेतरा (छत्तीसगढ़) के होटल ढाबा के कमरे से 304 ग्राम अफीम डोडा (चुक्की), 1,29,000 नगद राशि एवं एक मोबाइल बरामद किया गया साथ ही आरोपी सुनील देवासी (28 साल ) निवासी ग्राम कुड़ी, थाना कल्याणपुर, जिला बालोतरा (राजस्थान), हाल मुकाम ग्राम कठिया, थाना कोतवाली बेमेतरा (छत्तीसगढ़) के पास से अफीम डोडा को चुक्की बनाने के लिए प्रयुक्त मिक्सी (जार सहित) एवं एक मोबाइल जब्त किया गया है।

### ब्राम्हण समाज ने होली मिलन समारोह में फाग गाकर,फूलों की होली खेली



**भिलाई, 17 मार्च।** सरयूपारीण ब्राह्मण समाज द्वारा स्मृति नगर स्थित ब्रह्म प्रकाश भवन में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में समाज के सदस्यों ने उत्साह और उल्लास के साथ भाग लेते हुए आपसी प्रेम, भाईचारे एवं एकता का संदेश दिया। इस अवसर पर खुर्सीपार भिलाई की प्रसिद्ध फाग गीत टीम द्वारा मनमोहक एवं जीवंत प्रस्तुति दी गई। प्रेम सागर मिश्रा एवं उनकी टीम ने अपने संगीतमय फाग गीतों से पूरे वातावरण को भक्तिमय एवं रंगमय बना दिया, जिसमें प्रमुख रूप से जितेंद्र तिवारी, रामचंद्र, विजय पहलवान, सुरेश शर्मा, मनोज तिवारी, गुड्डू तिवारी, मार्कण्डेय तिवारी एवं रमेश तिवारी ने शानदार प्रस्तुति दी। कार्यक्रम के दौरान महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष प्रीति दुबे के नेतृत्व में महिलाओं ने फूलों की होली खेलते हुए एक-दूसरे को शुभकामनाएं दीं तथा नृत्य एवं गीतों की आकर्षक प्रस्तुतियां दीं, जिससे आयोजन और भी जीवंत हो उठा। इस अवसर पर समाज के महासचिव रामलखन मिश्रा ने सभी को होली की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि होली का पर्व प्रेम, सौहार्द और सामाजिक समरसता का प्रतीक है, जो हमें आपसी भेदभाव मिटाकर एकजुट रहने का संदेश देता है। उन्होंने समाज को संगठित एवं सशक्त बनाने के लिए सभी से मिलकर कार्य करने का आह्वान किया। संगीतमय माहौल में उपस्थित सदस्यों ने एक-दूसरे को गुलाल एवं फूलों से होली खेलकर बधाई दी।

# अवैध पार्किंग संचालित करने वाला गिरफ्तार

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**भिलाई,17 मार्च।** भिलाई जुनवानी इलाके में स्थित सूर्या मॉल के बाहर अवैध वाहन पार्किंग का बड़ा खेल चल रहा था एक शख्स निगम के फुटपाथ पर ही पार्किंग संचालित कर वाहन मालिकों से बाकायदा रसीद काटकर वसूली कर रहा था देर रात पुलिस ने यहां दल बल के साथ दबिश देकर कार्यवाही किया है पुलिस ने मौके पर मौजूद वाहन मालिकों को ई चालान थमाया जिन वाहन के मालिक मौजूद नहीं थे, ऐसे वाहन को जप्त कर नेहरू नगर ट्रैफिक पुलिस कार्यालय लाया गया है वहीं मामले में अवैध रूप से पार्किंग संचालित करने वाले आशीष कुमार को हिरासत में लेकर स्मृति नगर चौकी पुलिस में धारा 285 के तहत अपराध दर्ज किया गया है सूर्या मॉल के सामने मुख्य सड़क पर बने निगम के फुटपाथ पर संचालित अवैध पार्किंग के खिलाफ बीती रात ट्रैफिक पुलिस और स्मृति नगर चौकी की टीम ने संयुक्त रूप से कार्यवाही किया है भिलाई नगर सीएसपी सत्यप्रकाश तिवारी के नेतृत्व में कार्यवाही के लिए पहुंची पुलिस टीम ने अवैध पार्किंग को लेकर सूर्या मॉल के मैनेजर विनोद सिंह से पूछताछ किया मैनेजर विनोद सिंह के मुताबिक सूर्या मॉल की पार्किंग अंदर बनी हुई है सड़क पर बने फुटपाथ का इस्तेमाल किसी आशीष कुमार नाम के शख्स द्वारा अवैध रूप से वाहनों के पार्किंग के लिए किया जाता है जिस जगह पर अवैध पार्किंग चल रहा है, उस पर भिलाई नगर निगम का स्वामित्व है उनके द्वारा समय समय पर नगर निगम प्रशासन को अवैध पार्किंग होने की जानकारी दी जाती रही है। एक बार नगर निगम और पुलिस ने संयुक्त रूप इसी अवैध पार्किंग के खिलाफ कार्यवाही किया था लेकिन नियमित निरीक्षण नहीं होने से फिर से वाहनों को अवैध पार्किंग में खड़ी कर वसूली की जा रही थी जानकारी के अनुसार सूर्या मॉल में काफी ज्यादा भीड़ उमड़ती है इस से मॉल के अंदर की वाहन पार्किंग स्थल में जगह कम पड़ने लगता है नतीजतन अनेक लोग अपने चार पहिया और दोपहिया वाहन को मुख्य सड़क के फुटपाथ पर खड़े कर देते हैं ऐसे वाहनों से मधु एसोसिएट नामक संस्था की रसीद काटकर शुल्क वसूला जा रहा था। चार पहिया के लिए 60 और दोपहिया वाहन के लिए 20 रुपए शुल्क तय किया गया था सूर्या मॉल के मैनेजर विनोद सिंह ने इस पार्किंग और वसूली में अपनी किसी भी तरह की भूमिका होने से इंकार किया है जब कि नगर निगम की ओर से भी फुटपाथ पर पार्किंग संचालित करने किसी को अधिकृत नहीं किया गया है इस से स्पष्ट है कि नगर निगम की जमीन पर पार्किंग संचालित कर आशीष कुमार नाम के शख्स द्वारा अवैध उगाही की जा रही थी इससे सड़क यातायात व्यवस्था पर नकारात्मक असर पड़ रहा था।

### बच्चों का भीख मांगना और नशा करना चिंताजनक !

**कवर्धा, 17 मार्च।** कवर्धा बस स्टैंड में सुबह से बच्चों का भीख मांगना और नशा करना चिंतनीय विषय बनती जा रही है । जिला प्रशासन को इस और ध्यान देना चाहिए जिससे की बच्चे भीख ना माँगे ओर नशा ना करे । बच्चों के लिए आंगन बाड़ी और स्कूल खुले है फिर भी बच्चे सुबह से भीख मांगते हुए दिख रहे है आखिर ऐसा क्यों चर्चा का विषय बना हुआ है । बस संचालक , बस मैनेजर ने कहा की चिंतनीय विषय है लेकिन नाम ना लिखे ।

**एक नजर**

### ग्राम किरवई में मवेशी बाजार प्रतिबंधित

**बलौदाबाजार 17 मार्च (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** मवेशी बाजार खोलने या पशुओं के क्रय-विक्रय करने से लोक शांति भंग होने की आशंका को दृष्टिगत रखते हुये अनुविभागीय दण्डाधिकारी सिमगा के द्वारा ग्राम किरवई में मवेशी बाजार को प्रतिबंधित कर दिया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार थाना प्रभारी द्वारा प्रस्तुत इस्तगासा एवं प्रतिवेदन का अवलोकन एसडीएम सिमगा द्वारा किया गया।ग्राम किरवई के पशु बाजार में पशु तस्करी की शिकायतों के कारण वर्ष 2025 में मवेशी बाजार का ठेका अनुबंध निरस्त किया गया, जो वर्तमान में बंद है। वर्ष 2021 से 14 मार्च 2026 तक कुल 24 प्रकरणों में 49 आरोपियों के विरूद्ध छत्तीसगढ़ कृषक पशु परिरक्षण अधिनियम 2004 के तहत् गिरफ्तारी की गयी है। वर्ष 2025 में ग्राम विश्रामपुर एवं गणेशपुर के 4 हड्डी गोदामों को बंद करने का आदेश पारित किया गया था। कबीर धर्मनगर दामाखेडा का सरहदी ग्राम होने से ग्राम किरवई में मवेशी बाजार खोलने या पशुओं के क्रय-विक्रय करने से लोक शांति भंग होने की आशंका को देखते हुए अनुविभागीय दण्डाधिकारी सिमगा द्वारा धारा 152 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 के अंतर्गत ग्राम किरवई में आगामी आदेश पर्यन्त मवेशी बाजार प्रतिबंधित किया गया है।

### माता रमाई सम्मान समारोह में भाटापारा की भजन गायिका सुमित्रा देवी भांडेकर का सम्मान



**भाटापारा 17 मार्च (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** रायपुर के टाउन हॉल, कलेक्टरेट परिसर में आयोजित माता रमाई सम्मान समारोह में समाज के विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय कार्य करने वाली महिलाओं को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर भाटापारा रविदास समाज की गौरवशाली महिला भजन गायिका मातेश्री सुमित्रा देवी भांडेकर को भी विशेष रूप से सम्मानित किया गया। इस दौरान सुमित्रा देवी भांडेकर ने मंच से भारत रत्न बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर पर स्वयं की लिखी हुई एक प्रेरणादायक भजन प्रस्तुत की। उनके मधुर स्वर और भावपूर्ण प्रस्तुति ने वहां उपस्थित सभी लोगों का मन मोह लिया। गीत के माध्यम से उन्होंने बाबा साहेब के विचारों, संघर्ष और समाज के प्रति उनके महान योगदान को भावपूर्ण ढंग से प्रस्तुत किया।

### शासकीय उचित मूल्य दुकान पाण्डेटोला में मिली अनियमितता,चावल जब्त

**राजनांदगांव 17 मार्च (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** कलेक्टर श्री जितेन्द्र यादव के निर्देशानुसार जिले में सार्वजनिक वितरण प्रणाली (पीडीएस) के सुचारू संचालन एवं राशन की कालाबाजारी रोकने के लिए खाद्य विभाग द्वारा सघन जांच अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में आज छुरिया विकासखंड के ग्राम पाण्डेटोला में मां शीतला स्व-सहायता समूह द्वारा संचालित शासकीय उचित मूल्य दुकान में गंभीर अनियमितता पाए जाने पर बड़ी मात्रा में चावल जप्ती की कार्रवाई की गई। खाद्य विभाग की टीम द्वारा जनपद सदस्य, पंचों एवं ग्राम पटेल की उपस्थिति में ग्राम पाण्डेटोला के शासकीय उचित मूल्य दुकान का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान पाया गया कि दुकान के विक्रेता वीरेन्द्र साहू द्वारा माह फरवरी 2026 का 28 कट्टा चावल अवैध रूप से ग्राम के ही टीकेश्वर साहू के घर में छिपाकर रखा गया था। जांच के दौरान पाया गया कि नियमों का उल्लंघन करते हुए विक्रेता वीरेन्द्र साहू द्वारा टीकेश्वर साहू के घर से 4 कट्टा चावल का वितरण किया गया है। साथ ही दुकान के भौतिक सत्यापन के दौरान ऑनलाइन रिकॉर्ड और मौके पर उपलब्ध स्टॉक में बड़ी मात्रा में अंतर पाया गया। ऑनलाइन रिकॉर्ड में 30 किलो चावल, 39 किलो शक्कर एवं 20 किलो नमक शेष दिख रहा था, जबकि मौके पर स्टॉक का मिलान करने पर विसंगती पाई गयी। इसके अतिरिक्त विक्रेता द्वारा संबंधित स्टॉक का डीओ भी जांच दल के समक्ष प्रस्तुत नहीं किया गया। पंचों की उपस्थिति में टीकेश्वर साहू के घर से शेष बचे 24 कट्टा (11.70 क्विंटल) चावल को जप्त किया गया। इस गंभीर अनियमितता एवं राशन की हेराफेरी के प्रकरण में संबंधितों के विरूद्ध छत्तीसगढ़ सार्वजनिक वितरण प्रणाली (नियंत्रण) आदेश 2016 के प्रावधानों के तहत वैधानिक कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

### चिरायु दल के प्रयास से अयांश को मिला नया जीवन

**राजनांदगांव 17 मार्च (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** कलेक्टर श्री जितेन्द्र यादव के मार्गदर्शन में चिरायु दल द्वारा जिले के सभी स्कूलों एवं आंगनबाड़ी केन्द्रों का भ्रमण कर बच्चों की स्वास्थ्य जांच एवं उपचार किया जा रहा है। साथ ही गंभीर बीमारी से ग्रसित बच्चों का जिला एवं राज्य तथा राज्य के बाहर आवश्यकता अनुसार निःशुल्क ईलाज कराया जाता है। चिरायु दल को घुमका विकासखंड के भ्रमण के दौरान जन्मजात कैटेगीरी-ए का हृदय रोग से पीड़ित अयांश मिला। चिकित्सकों को बच्चे के प्राथमिक जांच में हृदय रोग से पीड़ित होने का संदेह होने पर उसे उच्च संस्थानों को रेफर किया गया। बच्चे के स्वास्थ्य जांच में ज्टेट्रालॉजी ऑफ फैलोटज नामक गंभीर हृदय रोग से ग्रसित होने की पुष्टि हुई। जिसका समय पर ईलाज जरूरी था। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. नेतराम नवरतन ने बताया कि मामले की गंभीरता को देखते हुए बच्चे के उपचार के लिए मिशन मोड में कार्य किया गया।

# कुरुभाँठ में नवीन सोसायटी के विरोध में किसानों ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**डोंगरगढ़ 17 मार्च।** शासन प्रशासन द्वारा ग्राम कुरूभांठ में नवीन सोसायटी प्रारंभ करने के आदेश के विरोध में राका,मुड़पार, बधियाटोला,छिरपानी के दर्जनों किसान राजनांदगांव कलेक्टोरेट कार्यालय पहुंचकर शासन द्वारा ग्राम कुरुभाठ में नवीन सोसायटी नहीं खोलने की मांग रखते हुए ज्ञापन के माध्यम से मांगपत्र सौंपा गया है। आपको बता दें कि इस विषय के निराकरण के लिए किसानों द्वारा बढ़ियाटोला मुरमुंदा मार्ग पर शांतिपूर्वक दो बार चक्काजाम किया जा चुका है और कई बार शासन प्रशासन को ज्ञापन के माध्यम से मांगपत्र सौंपा गया है परन्तु इस विषय का निराकरण नहीं निकल पाया है जिससे किसान अपने आप को ठगा महसूस कर रहे है। किसानों ने अपर कलेक्टर प्रेम प्रकाश शर्मा से मिलकर चर्चा कर ज्ञापन सौंपा गया है जिसमें उल्लेख है कि पूर्व में ग्राम राका में सोसायटी खोले जाने हेतू आदेश हुआ था परन्तु ग्राम राका के स्थान पर ग्राम कुरुभांठ में नवीन सोसायटी स्थानान्तरण किया जा रहा है। जिसे रोककर हमारे ग्राम बधियाटोला, छिरपानी, रामनगर या ग्राम राका में नवीन सोसायटी खोला जावे यादि सम्भव ना हो तो वर्तमान में संबंधित सोसायटी मुड़पार में यथावत् रखा जावे, यदि इन सभी गांव वालो को बिना जानकारी के अगर चोरी छिपे ग्राम कुर्रुमाठ नवीन सोसायटी में जोड़ने की प्रयास करती है तो आगामी दिवस के भीतर मांग पुरी नही की जाने पर बधियाटोला-राका मार्ग पर हमारे द्वारा चक्का जाम किया जावेगा, जिसके लिए शासन स्वयं जिम्मेदार होगा। हमारे द्वारा लगभग 10 माह पूर्व से समय-समय पर संबंधित अधिकारीयो को आवेदन दिया गया है परन्तु आज तक कोई कार्यवाही नही हुई है जिससे हम सभी कृषकगण बहुत परेशान है और शासन प्रशासन से निवेदन करते है कि नवीन सोसायटी बधियाटोला या राका में दिया जाए और अगर यहां नवीन सोसायटी नही होगा तो यथावत मुड़पार को रखा जावे।

### मुख्यमंत्री सामूहिक कन्या विवाह योजना में 6412 जोड़ों का कराया गया विवाह

# गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में दर्ज हुआ छत्तीसगढ़ का सामूहिक विवाह





**रायपुर, 17 मार्च।** छत्तीसगढ़ ने सामाजिक समरसता, जनभागीदारी और संवेदनशील शासन की दिशा में एक ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल करते हुए विश्व स्तर पर अपनी विशिष्ट पहचान दर्ज कराई है। मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के अंतर्गत आयोजित राज्य स्तरीय सामूहिक विवाह समारोह को गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में स्थान मिला है। एक ही दिन में हजारों जोड़ों का विवाह संपन्न कराकर छत्तीसगढ़ ने सामाजिक एकता और अंत्योदय की भावना का ऐसा प्रेरक उदाहरण प्रस्तुत किया है, जिसकी देशभर में सराहना हो रही है।

गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में दर्ज हुआ छत्तीसगढ़ का सामूहिक विवाह

10 फरवरी को राजधानी रायपुर के साइंस कॉलेज मैदान में आयोजित इस भव्य समारोह में मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के सान्निध्य में पूरे प्रदेश से कुल 6,412 जोड़े वैवाहिक बंधन में बंधे। इनमें से 1,316 जोड़ों का विवाह रायपुर में प्रत्यक्ष रूप से संपन्न हुआ, जबकि शेष जोड़े प्रदेश के विभिन्न जिलों से वर्चुअल माध्यम से इस ऐतिहासिक आयोजन से जुड़े। सभी विवाह धार्मिक परंपराओं और सामाजिक रीति-रिवाजों के अनुरूप संपन्न कराए गए, जिससे यह आयोजन केवल एक सरकारी कार्यक्रम न रहकर सामाजिक समरसता और सामूहिक खुशियों का विराट उत्सव बन गया।

गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में दर्ज हुआ छत्तीसगढ़ का सामूहिक विवाह

इस ऐतिहासिक आयोजन को गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में दर्ज किया जाना छत्तीसगढ़ के लिए गर्व और गौरव का विषय है। इस समारोह की विशेषता यह भी रही कि इसमें हिंदू, मुस्लिम, ईसाई, बौद्ध तथा विशेष पिछड़ी जनजाति बैगा समुदाय के जोड़ों ने अपने-अपने धार्मिक रीति-रिवाजों के अनुसार विवाह संपन्न किए। यह आयोजन छत्तीसगढ़ की सांस्कृतिक विविधता, आपसी सद्भाव और सर्वधर्म समभाव की भावना का जीवंत प्रतीक बन गया।

**गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में दर्ज हुआ छत्तीसगढ़ का सामूहिक विवाहः** मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने इस अवसर पर कहा कि मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना गरीब और जरूरतमंद परिवारों के लिए सम्मान, विश्वास और सामाजिक सुरक्षा का मजबूत आधार बन गई है। उन्होंने कहा कि एक समय ऐसा था जब आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के लिए बेटियों का विवाह बड़ी चिंता का विषय होता था, लेकिन इस योजना ने उस चिंता को दूर कर हजारों परिवारों के जीवन में नई खुशियां और विश्वास का संचार किया है। योजना के अंतर्गत प्रत्येक नवविवाहित दंपति को 35 हजार रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान की गई। महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े ने कहा कि मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना की शुरुआत पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह के नेतृत्व में की गई थी और वर्तमान सरकार इसे और अधिक व्यापक स्वरूप देते हुए समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि सरकार की प्राथमिकता है कि जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ समाज के हर वर्ग तक पहुंचे और सामाजिक समरसता को और मजबूत बनाया जाए।

यह ऐतिहासिक आयोजन इस बात का प्रमाण है कि जब शासन की योजनाएं संवेदनशीलता, जनभागीदारी और सामाजिक सहयोग के साथ लागू होती हैं, तब वे केवल सरकारी योजनाएं नहीं रह जातीं, बल्कि समाज में सकारात्मक परिवर्तन की प्रेरणा बन जाती हैं। गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में दर्ज यह उपलब्धि छत्तीसगढ़ को सामाजिक समरसता और जनकल्याण के क्षेत्र में राष्ट्रीय स्तर पर नई पहचान प्रदान करती है।

### सरपंच राहुल सिंह ठाकुर ने हादसे रोकने एसडीएम को दिया आवेदन



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**सिमगा 17 मार्च।** सरपंच संघ उपाध्यक्ष एवं सरपंच ग्राम पंचायत बनसांकरा राहुल सिंह ठाकुर ने रायपुरङ्कबिलासपुर राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 130 में लगातार बढ़ रही सड़क दुर्घटनाओं को देखते हुए अनुविभागीय अधिकारी राजस्व स्ष्ठरूसिमगा को दिया आवेदन7 सरपंच ने कहा कि यह मार्ग छत्तीसगढ़ की लाइफ लाइन है, जहां प्रतिदिन हजारों लोगों का आवागमन होता है, लेकिन सुरक्षा मानकों की अनदेखी के कारण दुर्घटनाएं लगातार बढ़ती जा रही हैं।

श्री ठाकुर ने कहा कि हाईवे में अवैध क्रॉसिंग, सड़क किनारे अनियंत्रित निर्माण, वाहनों का बिना निर्धारित स्थान के रुकना तथा आवश्यक सुरक्षा बैरियर और डिवाइडर की कमी दुर्घटनाओं का मुख्य कारण बन रही है। यात्री बसों के लिए बस स्टॉप ग्राम पंचायत दरचुरा, अड़बंधा, बैंकोंनी इन गांवों में यात्री प्रतीक्षालय बनने की संबंधित विभाग से मांग की है और साथ ही दुर्घटना संभावित स्थानों का चिन्हांकन कर तत्काल क्रॉस बैरियर, डिवाइडर और अन्य आवश्यक सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। विगत दिनों NH-130 (रायपुर-बिलासपुर हाईवे) पर स्थित दरचूरा में एक भीषण सड़क दुर्घटना हुई। सुरक्षित यात्री प्रतीक्षालयों के अभाव में एक यात्री बस सवारी भरने हेतु मुख्य मार्ग पर रुकी थी, जिसे पीछे से आ रहे ट्रक ने जोरदार टक्कर मार दी। इस हृदयविदारक हादसे में 5 लोगों की अकाल मृत्यु हो गई और 15 लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं। हाईवे पर सुरक्षित बस स्टॉप और मुख्य सड़क से अंदर हटकर (10-15 फीट) यात्री प्रतीक्षालय न होना ही ऐसी दुर्घटनाओं का मुख्य कारण है। अनुविभागीय अधिकारी राजस्व SDM अतुल सेटे जी ने अवश्वत करते हुए कहा कि NHAI को आवेदन लिखते है और क्षेत्र की समस्या को देखते हुए जल्द ही उचित कार्यवाही करेंगे

### 3 आदतन अपराधियों को किया गया जिलाबदर

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**बलौदाबाजार-भाटापारा 17 मार्च।** जिला बलौदाबाजार-भाटापारा पुलिस द्वारा कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने हेतु जिले में बदमाशों पर लगातार कार्यवाही हो रही हैं। इसी क्रम में पुलिस अधीक्षक श्रीमती भावना गुप्ता की अनुशंसा पर कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी बलौदाबाजार-भाटापारा द्वारा जिले के 03 आदतन अपराधियों को 01 वर्ष की कालावधि के लिए जिलाबदर कर दिया गया है। सांथ ही पुलिस द्वारा जिले के अन्य आदतन बदमाशों के ऊपर भी जिलाबदर की कार्यवाही हेतु प्रतिवेदन कलेक्टर कार्यालय में भेजा गया है, जो कि अभी प्रक्रिया में हैं। जिला कलेक्टर द्वारा छत्तीसगढ़ राज्य सुरक्षा अधिनियम 1990 की धारा 3, 5 ख के तहत पारित आदेश के अनुसार यह आदेश दिया है कि 24 घंटे के अन्दर सीमावर्ती जिला- बिलासपुर, रायपुर, रायगढ़, जांजगीर-चांपा, मुंगेली, महासमुंद, सक्ति, बेमेतरा, सारंगढ़-बिलाईगढ़ तथा जिला क्षेत्र से 01 वर्ष की कालावधि के लिए बाहर चले जाए और जब तक यह आदेश लागू रहेगा, बिना वैधानिक पूर्वानुमति लिए इस जिले एवं उल्लेखित सीमावर्ती जिलों की सीमा में प्रवेश नहीं करना है। जिलाबदर आरोपियों को इस आदेश का तुरन्त पालन करने और पालन न करने पर उनके विरूद्ध वैधानिक कार्यवाही के आदेश दिए गए हैं। ये जिला बदर आरोपी लगातार चोरी मारपीट, लड़ाई झगड़ा, अन्य अपराध एवं अवैध रूप से शराब बिक्री जैसे अपराधों में सक्रिय रहे है।

**जिलाबदर आरोपियों के नाम-** 1. खेमलाल उर्फ शिवा सोनकर उम्र 24 साल निवासी भवानी नगर सिमगा थाना सिमगा- इस आरोपी के विरुद्ध 02 आबकारी एक्ट, 03 मामले लड़ाई झगड़ा मारपीट के, 02 मामले आर्म्स एक्ट का एक मामला एवं अवैध मादक पदार्थ की बिक्री का है। सांथ ही जिलाबदर आरोपी के विरुद्ध 03 बार प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की गई है। आरोपी को सर्वप्रथम वर्ष 2022 में सार्वजनिक स्थान पर नशापन करते हुए पकड़ा गया था, उसके बाद जिलाबदर आरोपी द्वारा लगातार विभिन्न प्रकार के अपराध को अंजाम दिया गया है।

2. विलास चेलक उर्फ कानू उम्र 25 वर्ष निवासी वार्ड नंबर 7 पुरानी बस्ती बलौदाबाजार- इस आरोपी के विरुद्ध मारपीट लड़ाई झगड़ा के कुल 05 मामले, अवैध रूप से शराब बिक्री का 01 मामला सहित अनावेदक के विरुद्ध 02 बार प्रतिबंधात्मक कार्यवाही की गई है। आरोपी को सर्वप्रथम 2021 में एक मारपीट के मामले में गिरफ्तार किया गया था। इसके बाद आरोपी द्वारा लगातार विभिन्न प्रकार के मारपीट की घटनाओं सहित हत्या जैसे गंभीर घटना को अंजाम दिया गया है।

3. राहुल भारती उम्र 21 वर्ष निवासी भैंसापसरा बलौदाबाजार थाना सिटी कोतवाली आरोपी के विरुद्ध मारपीट आदि के कुल 07 मामले एवं आबकारी एक्ट का एक मामला पंजीबद्ध है। साथ ही आरोपी पर एक बार प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की गई है। आरोपी को सर्वप्रथम 2018 में हत्या के प्रयास सहित गंभीर धाराओं के तहत गिरफ्तार किया गया था, इसके बाद आरोपी द्वारा लगातार विभिन्न प्रकार की घटनाओं को अंजाम दिया गया है।

# महालक्ष्मी फालूदा फैक्ट्री में संयुक्त टीम ने दबिश देकर 15 सिलेंडर किए जब्त

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**बलौदाबाजार,17 मार्च।** कलेक्टर कुलदीप शर्मा के निर्देश पर जिले में अवैध एलपीज़ी गैस सिलेंडर के जमाखोरी व कालाबाजारी के विरुद्ध जांच एवं कार्यवाही की जा रही है। इसी कड़ी में सोमवार को संयुक्त टीम द्वारा भाटापारा एवं खरतोरा में जांच अभियान चलाया गया जिसमें द 15 नग अवैध घरेलु सिलेंडर जब्त किया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार संयुक्त टीम के द्वारा एसडीएम श्यामा पटेल के नेतृत्व में भाटापारा के लालबहादुर शास्त्री वार्ड स्थित महालक्ष्मी फालूदा फैक्ट्री मे दबिश दी गई। फालूदा फैक्ट्री मे 6 नग घरेलू एलपीजी सिलेंडर व्यावसायिक उपयोग करते पाए जाने पर जब्ती की कार्यवाही की गई। इसीतरह बस स्टैंड चौक स्थित दादा भाई बिरयानी सेंटर से 1 नग घरेलू सिलेंडर जब्त किया गया। इसके साथ ही खरतोरा नाका पलारी में सागर स्वीट्स हरिकिशन साहू के यहां से 5 नग,रंगला पंजाब ढाबा के प्रॉपराइटर कैप्टनसिंह के प्रतिष्ठान से 3 नग खाली घरेलु सिलेंडर जब्त किया।उक्त कार्यवाही द्रवीकृत पेट्रोलियम गैस (प्रदाय एवं वितरण विनियमन ) आदेश 2000 के प्रावधानों के तहत किया गया है। इस दौरान तहसीलदार, खाद्य निरीक्षक एवं राजस्व विभाग के अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

### आंगनबाड़ी में सहायिका पद के लिए 1 अप्रैल तक ऑनलाइन आवेदन

**राजनांदगांव 17 मार्च (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** एकीकृत बाल विकास सेवा परियोजना राजनांदगांव (शहरी) अंतर्गत आने वाले आंगनबाड़ी केन्द्र वार्ड क्रमांक 1 नवागांव में सहायिका के एक पद पर भर्ती के लिए 1 अप्रैल 2026 तक ई-भर्ती पोर्टल URL httpÑ//aww.e-bharti.in/ के माध्यम से ऑनलाईन आवेदन आमंत्रित की गई है। भर्ती के लिए इच्छुक एवं पात्र आवेदक निर्धारित तिथि तक ऑनलाईन आवेदन प्रस्तुत कर सकते है। इस संबंध में विस्तृत जानकारी कार्यालय एकीकृत बाल विकास परियोजना राजनांदगांव (शहरी) से प्राप्त की जा सकती है।

### भारत सरकार के देश में एचपीवी टीकाकरण की शुरुआत के बाद

# जिले में भी एचपीवी टीकाकरण शुरू, सर्वाइकल कैंसर से होगा बचाव

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता




**बलौदाबाजार, 17 मार्च।** भारत सरकार द्वारा देश में एचपीवी टीकाकरण का शुभारंभ प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी द्वारा किया गया है। इसी कड़ी में अब जिले में भी टीका लगाना शुरू किया जा चुका है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ राजेश अवस्थी ने बताया कि एचपीवी अर्थात ह्यूमन पैपिलोमा वायरस से बचाव हेतु यह टीकाकरण अभी उन किशोरावस्था की बालिकाओं को लगाया जा रहा है जिन्होंने अपना 14 वां जन्मदिन तो मनाया हो पर 15 वां पूरा न किया गया हो । आयु के प्रमाण हेतु आधार अथवा फ़ोटो आईडी मान्य की जाएगी । यदि पहचान पत्र उपलब्ध नहीं है तो अभिभावकों द्वारा हस्ताक्षरित घोषणा पत्र के आधार पर भी टीकाकरण किया जा सकेगा।

जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ के. के.टेम्भूरने के अनुसार इसका उद्देश्य किशोरावस्था की बालिकाओं को एचपी वायरस से बचाव करना है जो बाद में सर्वाइकल कैंसर का कारण बनता है । महिलाओं में यह कैंसर प्रमुख रूप से दिखाई पड़ता है। निजी अस्पतालों में भी यह टीका लगाया जाता रहा है जहाँ पैसे खर्च होते किंतु शासन ने इसे निःशुल्क रखा है जिससे लोग लाभ ले सकें। अपनी बच्ची वैशाली को जिला अस्पताल में टीका लगवाने आए शिक्षक अरुण वर्मा ने बताया कि समाचार और विभिन्न सोशल मीडिया माध्यम से उन्हें इस टीकाकरण की जानकारी मिली । पहले वह निजी अस्पताल जाने वाले थे पर अब यहाँ निःशुल्क टीका लग रहा है तो जिला अस्पताल आ कर टीका लगवाएं हैं। प्रत्येक टीकाकरण सत्र स्थल पर प्रतीक्षालय, टीकाकरण कक्ष तथा निगरानी कक्ष की समुचित व्यवस्था की की गई है। टीकाकरण के बाद प्रत्येक लाभार्थी को 30 मिनट तक निगरानी में रखा जाएगा।

# योजना तो अच्छी है,अमल बेहतर हो तो और अच्छा

कोई भी सरकार हो उसकी नीति अच्छी होती है,नीयत अच्छी होती है,अच्छी योजना भी बनाती है लेकिन अच्छी योजना का लाभ राज्य और राज्य के लोगों को मिले तो सबको अच्छा लगता है।किसी भी अ्चछी योजना का लाभ तब ही राज्य व राज्य के लोगों को मिलता है जब उस पर अमल बेहतर हो, उसकी नियमित मानिटरिंग हो। रोज यह सुनिश्चित किया जाए कि योजना पर वैसा अमल हो रहा है या नहीं जैसा की योजना में तय किया गया है।अक्सर योजना बना दी जाती है और निचले स्तर तक उसकी मानिटरिंग नहीं होती है यानी कोई देखनेवाला नहीं होता है कि योजना पर अमल कैसा हो रहा है, योजना के लिए जो पैसा दिया जा रहा है,खर्च किया जा रहा है उसका सदुपयोग हो रहा या नहीं।पांच साल तक योजना के आंकड़े बताए जाते हैं लेकिन पांच साल बाद चलता है कि भ्रष्टाचार के कारण योजना में पैसा तो बहुत खर्च हुआ लेकिन उसका जितना लाभ राज्य व लोगों को मिलना था नहीं मिला। साय सरकार की राज्य व राज्य के लोगों के लिए अनेक योजनाएं बनाई हैं,उसका लाभ भी लोगों को मिल रहा है। साय सरकार से यह अपेक्षा की जा रही थी कि वह गोवंश सुरक्षा के लिए कोई योजना बनाएगी और गो संरक्षण व गोसेवा का काम राज्य में बेहतर ढंग से किया जाएगा। आए दिन यह खबर पढ़ने को मिलती है कि सड़क पर बैठे निराश्रित गोवंशों की हादसों में मौत हो जाती है।उनके कारण हादसे होते हैं,उनके रहने व खाने की कोई अच्छी व्यवस्था नहीं है।भूख से उनकी मौत हो जाती है, बीमारी से उनकी मौत हो जाती है। इसे रोकने के लिए पिछली सरकार ने गोठान बनाए थे इसलिए साय सरकार से भी अपेक्षा की जा रही थी कि साय सरकार भी गोवंश के संरक्षण सेवा के लिए ऐसी कोई योजना बनाएगी।यह योजना वैसे तो साय सरकार के बनते ही बन जाती थी लेकिन कुछ देर से ही सही साय सरकार ने प्रदेश में ११ जिलों में २९ गोधामों का संचालन गत शनिवार को शुरु कर दिया है। इस मौके पर सीएम साय ने बिलासपुर के कोटा ब्लाक के ग्राम जोगीपुर में राज्य के प्रथम गो अभयारण्य का शिलान्यास भी किया।यह अभयारण्य १८४ एकड़ में विकसित किया जाएगा।प्रथम चरण में इसके लिए १.३२ करोड़ रुपए खर्च किए जाएंगे । इसके पूर्ण होने पर यहां एक साथ २५०० गोवंश के संरक्षण व देखभाल की व्यवस्था होगी।गोधाम योजना के तहत राज्य में १४६० सुरभि गोधाम स्थापित किए जाएंगे ताकि राज्य में गोधन संरक्षण व गोसेवा अच्छे से हो सके। गोधाम योजना के तहत प्रति वर्ष पांच लाख रुपए अधोसंरचना निर्माण व मरम्मत के लिए,४७ हजार से २.८५ लाख रुपए प्रति वर्ष १.५ एकड़ में चारा विकास के लिए,१३१२६ रुपए प्रतिमाह गोसेवको को मानदेय दिया जाएगा।१०९१६ रुपए प्रति माह चरवाहे को मानदेय दिया जाएगा।इसके अलावा अनुदान के रुपए में पहले साल प्रति दिन प्रति पशु १० रुपए,दूसरे साल २० रुपए,तीसरे साल ३० रुपए और चौथे साल ३५ रुपए दिया जाएगा। साय सरकार की इस योजना से गोसंरक्षण होगा और गोसेवा भी होगी ऐसी उम्मीद की जा रही है क्योंकि पिछली सरकार से साय सरकार ने गोवंश के लिए जहां अधोसंरचना निर्माण,चारागार की व्यवस्था की है, वहीं उनकी अच्छी देखभाल के लिए गोसेवक व चरवाहे की व्यवस्था भी की है और उनके लिए मानदेय की व्यवस्था भी की है,इससे साफ है कि यह गोसंरक्षण के साथ ही स्थानीय लोगों को इस योजना में रोजगार भी मिलेगा। गोवंश की सेवा के साथ ही लोगों को रोजगार मिलना तो सोने में सुहागे की तरह है।गोधाम में पशुपालन,हराचारा उत्पादन तथा गोबर से उपयोगी उत्पाद बनाने का प्रशिक्षण मिलने से लोग स्थानीय लोगों को भी लाभ होगा। इससे जो पशु फसलों को नुकसान पहुंचाते थे, नहीं पहुंचाएंगे, जो पशु सड़कों पर बैठे रहते थे अब वह गोधाम में रहेंगे और उनको नियमित अच्छा आहार मिलेगा,स्वस्थ रहेंगे, बीमार होने पर उपचार होगा,बीमारी से मरेंगे नहीं।इससे पशुधन हादसे के शिकार नहीं होगे, उनके सड़क पर बैठे रहने से जो हादसे होते थे अब नहीं होंगे। भारतीय संस्कृति व परंपरा में गोसेवा को सबसे ज्यादा पुण्य का काम माना जाता है।छ्त्तीसगढ़ में पोरा में गोधन की पूजा की जाती है।भाजपा की विचारधारा में भी गो संरक्षण व सेवा का खासा महत्व है। गो को माता मानकर उसकी सेवा को माता की सेवा माना जाता है।इसलिए देर से ही सही साय सरकार ने वह काम भी अब शुरू कर दिया है जिसकी अपेक्षा उससे राज्य में सरकार बनने के बाद से की जा रही थी।भाजपा घोषणा करती रही है कि गाय को राष्ट्र माता का दर्जा दिया जाएगा, गो हत्या पर रोक लगाई जाएगी।अब भाजपा सत्ता में है तो कई संत महात्मा भाजपा से यह मांग करते रहते हैं कि वह कब गाय को राष्ट्रमाता का दर्जा देगी,कब उसकी हत्या पर रोक लगाने का कानून लाएगी। भाजपा का विचार गोकल्याण का है,उसने गौ कल्याण के लिए कई काम किए हैं। गौरक्षा के लिए अभियान चलाए हैं।गोतस्करों को पकड़कर पुलिस के हवाले किया है।हर राज्य में सरकार बनने पर भाजपा गोमाता के कल्याण के लिए योजना जरूर बनाती है ताकि गोमाता का संरक्षण व सेवा उसकी सरकार में अच्छे से हो सके।साय सरकार ने भी ऐसा किया है तो इसकी सराहना की जानी चाहिए कि भाजपा जैसा कहती है वैसा करती भी हौ।

समसामयिक

# इन बेगुनाह मासूम स्कूली बच्चियों के खून का कौन जिम्मेदार?

**मनोज कुमार अग्रवाल**



ईरान में एक स्कूल में 165 बच्चियां क्लास पढ़ाई के लिए मौजूद थी लेकिन उन्हे इस बात का गुमान नही रहा होगा कि प्रभुत्व की सनक में दुनिया के कथित ताकतवर देश की अंधी मिसाइल उनके जीवन का खात्मा कर देंगी। स्कूल पर हुए मिसाइल हमले को लेकर अब पेंटागन की शुरुआती जांच रिपोर्ट सामने आई है. रिपोर्ट में संकेत मिले हैं कि 28 फरवरी को ईरान के मिनाब शहर में स्थित शजराह तैय्यबेह स्कूल पर हुआ हमला दरअसल अमेरिकी सेना की एक गंभीर गलती का नतीजा था. जांच के मुताबिक अमेरिकी सेना उस इलाके में एक ईरानी नौसैनिक ठिकाने को निशाना बना रही थी. लेकिन टार्गेट तय करते समय पुराने और गलत टार्गेटिंग डेटा का इस्तेमाल किया गया। इसी वजह से दागी गई टॉमहॉक क्रूज मिसाइल अपने असली लक्ष्य से भटक गई और सीधे स्कूल की इमारत से जा टकराई.

माना जाता है कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता एआइ ने जीवन के अनेक क्षेत्रों में काम को काफी आसान बना कर अच्छा अनुभव दिया है। मैडिकल, लीगल और एजुकेशन जैसे सैक्टर्स में डाटा संग्रहण और त्वरित गणना की सुविधा से कई अच्छे कार्य हो रहे हैं लेकिन इसी बीच ईरान युद्ध के दौरान अमरीका द्वारा किए गए ए. आई. के इस्तेमाल और इस निशाने में हुई चूक के कारण हुई स्कूली बच्चियों की मौत ने दुनिया में दहशत की इबारत लिख ममदी है। शुरुआती जांच में माना गया है कि यह हमला जानबूझकर नहीं किया गया था, बल्कि खुफिया जानकारी और टार्गेटिंग सिस्टम में हुई चूक के कारण यह हादसा हुआ. इस घटना के बाद अमेरिकी सैन्य तंत्र के अंदर भी टार्गेटिंग प्रक्रिया और डेटा की सटीकता को लेकर सवाल उठने लगे हैं. वहीं इस हमले को लेकर जो खुलासा सामने आ रहा है उसमे गंभीर चूक का अनुमान है पुरानी इंटेलिजेंस की वजह से शायद अमेरिका ने ईरान के एक एलिमेंट्री स्कूल पर जानलेवा मिसाइल हमला किया, जिसमें लड़ाई के शुरुआती घंटों में 165 से ज्यादा लोग मारे गए, जिनमें से ज्यादातर बच्चे थे. स्कूल पर बमबारी और उसमें बच्चों की मौत युद्ध का मुख्य मुद्दा बन गई है. अगर यह कन्फर्म हो जाता है कि यह यूएस के हाथों हुआ था, तो यह पिछले दो दशकों में अमेरिकी मिलिट्री ऑपरेशन की वजह से हुई सबसे ज्यादा आम लोगों की मौत की घटनाओं में से एक होगी.

दरअसल अग्रणी ए.आई. कंपनी एंथ्रोपिक ने इस साल जनवरी ही में पेंटागन के उस अनुबंध पर हस्ताक्षर करने से इंकार कर दिया, जिसके तहत अमरीकी सेना को 'सभी वैध उद्देश्यों' के लिए उसकी तकनीक तक 'असीमित पहुंच' मिल जाती। अनुबंध पर हस्ताक्षर करने के लिए, एंथ्रोपिक के सी.ई.ओ. डारियो अमोदेई ने 2 स्पष्ट शर्तें रखीं-अमरीकियों की बड़े पैमाने पर जासूसी नहीं की जाएगी और मानवीय निगरानी के बिना पूरी तरह से स्वायत्त हथियारों का इस्तेमाल युद्ध में नहीं किया जाएगा! इस निर्णय से एंथ्रोपिक को भारी नुकसान हुआ, परन्तु प्रतिद्वंद्वी कंपनी ने तुरंत पेंटागन के साथ मानव नियंत्रण के बिना पूर्ण ए.आई. नियंत्रण के लिए समझौता कर लिया। इस समझौते के बाद अमरीका और



इसराईल ने ईरान के खिलाफ व्यापक सैन्य अभियान शुरू कर दिया। युद्ध के पहले ही दिन 28 फरवरी को ईरान के सर्वोच्च नेता अली खामेनेई और उनके 10 टॉप कमांडरों की हत्या उनके परिसर में कर दी गई, जिसे दोनों देशों ने ए.आई. पर्शियन हमले की एक बड़ी जीत माना।लेकिन उसी दिन, 28 फरवरी को, एक और घातक हमला मीनाब में स्थित शजराह तैयबा गर्ल्स स्कूल पर भी किया गया। 2 मिसाइलों ने 45 सैकेंड में स्कूल को नष्ट कर दिया था। मीनाब में जो हुआ, वह ए.आई. के अंधाधुंध उपयोग का सबसे भयावह उदाहरण है।

'शजराह तैयबा' गर्ल्स प्राइमरी स्कूल, जिसमें 165 से अधिक मासूम बच्चियां मौत से लड़ती, चीखती-चिल्लाती रहीं, तकनीकी भाषा में इसे ' सटीक हमला' कहा गया। जबकि ट्रम्प यह दावा कर रहे हैं कि लड़कियों के स्कूल पर ईरान ने टोमहॉक मिसाइल से हमला किया था, जबकि सभी जानते हैं कि ईरान के पास यह मिसाइल नहीं है, यहां तक कि इसराईल के पास भी नहीं है, इसलिए उनके द्वारा सोशल मीडिया पर फैलाए गए झूठ से सच को छिपाने का काम किया जा रहा है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने शुरू में हमले के लिए ईरान को जिम्मेदार ठहराया, बाद में कहा कि उन्हें पक्का नहीं पता कि कौन दोषी है, और फिर कहा कि वह पेंटागन की जांच के नतीजों को मान लेंगे. यह हाल ही में यह मामला और ज्यादा पेचीदा हो गयी जब न्यूयॉर्क टाइम्स ने पहली बार रिपोर्ट किया कि शुरुआती जांच में पाया गया कि यूएस जिम्मेदार है. शुरुआती नतीजों के बाद पेंटागन से तुरंत और जानकारी मांगी गई. व्हाइट हाउस की प्रेस सेक्रेटरी कैरोलिन लेविट ने कहा कि जांच अभी भी चल रही है. 28 फरवरी को शजारेह तैयबेह एलिमेंट्री स्कूल पर हुआ हमला, जो ईरानी रिवोल्यूशनरी गार्ड के पास के बेस के पास है. हमले के लिए अमेरिका की जिम्मेदारी की ओर इशारा करते हुए सबूत बढ़ रहे हैं. ऐसे कई संकेत हैं जिससे पता चलता है कि स्कूल पर हमला टाला जा सकता था.

बताया जा रहा है कि यह सारा मामला एआइ की चूक से हुआ है दरअसल 10 साल पहले इस क्षेत्र पर इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कोर ईरानी सशस्त्र बलों का एक सैन्य परिसर था।लेकिन डाटाबेस अपडेट न होने के कारण ए.आई. को यह मालूम नहीं पड़ा कि अब उसी स्थान पर बाईं ओर एक अस्पताल और दाईं तरफ एक अलग प्रवेश द्वार वाला स्कूल मौजूद है।

ए.आई. एल्गोरिद्म यह भी समझने में नाकाम रहा कि 7 से 12 साल की बच्चियां 'दुश्मन' नहीं होतीं। एक मशीन के लिए वे केवल 'कोलेटरल डैमेज' थीं। यह घटना साबित करती है कि जब हम युद्ध का पूर्ण नियंत्रण ए. आई. को देते हैं, तो हम युद्ध के मैदान से 'दया' और 'विवेक' को पूरी तरह से खत्म कर देते हैं।ए.आई. आधारित व्यापक निगरानी हमारी मौलिक स्वतंत्रताओं के लिए गंभीर और नए प्रकार के खतरे पैदा कर सकती है।किंग्स कॉलेज लंदन की रिसर्च ने पहले ही चेतावनी दे दी है कि उन्नत ए. आई. मॉडल्स युद्ध की स्थिति में 95 प्रतिशत बार परमाणु विकल्प या अत्यधिक आक्रामकता को चुनते हैं। मशीनों के लिए 'जीत' ही एकमात्र लक्ष्य है, चाहे उसकी कीमत पूरी दुनिया का विनाश ही क्यों न हो। अगर हम आज ए.आई. को रक्षा क्षेत्र और समाज में खुली छूट देते हैं, तो हम एक ऐसे भविष्य की ओर बढ़ रहे हैं, जहां युद्ध का फैसला जनरल नहीं, बल्कि एक कोडिंग प्रोग्राम करेगा। लोगों की सुरक्षा ए.आई. डाटा का विश्लेषण करेगा! लेकिन 'ट्रिगर' पर उंगली और समाज का नियंत्रण हमेशा एक इंसान का ही होना चाहिए। क्या विश्व में लोकतंत्र का झंडाबरदार अमेरिका 165 बेगुनाह बच्चियों के नृशंसता पूर्ण हत्या का गुनाह कबूल करेगा? क्या इन मासूमों की हत्या का कोई अनुतोष हो सकता है? क्या यह नपुंसकता किसी देश को ताकतवर करार दे सकती है?

## आज का राशिफल

मेष राशि : आज का दिन आपके लिए लाभदायक रहेगा। आज असंभव सा लगने वाले किसी काम में आज आपको सफलता मिलेगी। आपके आत्मविश्वास में बढ़ोतरी होगी। करियर से संबंधित किसी समस्या से छुटकारा मिलेगा। आज आपको अपने किसी भी काम को टालने से बचना चाहिए ,समय से काम पूरा कर लेना बेहतर रहेगा। आज आपको किसी पारिवारिक अनुस्थान में शामिल होने का सुअवसर मिल सकता है। सीनियर्स आपके काम से खुश होंगे।

वृष राशि : आज आपका दिन सामान्य रहेगा। आज ऑफिस में कार्यभार अधिक होने से आपको थकान लगेगी फिर भी आप किसी काम के लिए जितना ज्यादा कठिन प्रयास करेंगे, काम उतना ही आसान और बेहतर ढंग से होगा। आज किसी अनुभवी की राय आपके लिए बेहतर साबित होगी। जीवनसाथी के साथ अपने रिश्तों को लेकर आप ज्यादा भावुक हो सकते हैं।

मिथुन राशि : आज आपका दिन खुशियों से भरा रहेगा। आज आप जिम्मेदारियों को बखूबी निभाने में सफल होंगे, घर के लिए कुछ नये सजावट के सामान की खरीदारी करेंगे। आज आप जीवनसाथी की तरक्की से खुश होंगे। कारोबारियों के लिए धन लाभ के योग बन रहे हैं। आज आप नया व्यापार शुरू करने का मन बनाएंगे। अगर आप कला के क्षेत्र से जुड़े हैं, तो आज आपको परफोर्मेंस करने का मौका मिलेगा। फिजिक्स के स्टूडेंट्स के लिए दिन नए अचीववमेंटस से भरा रहेगा।

कर्क राशिः आज का दिन आपके लिए फेवरेबल रहेगा। आज परिवार वालों का सहयोग प्राप्त होगा। आपके सालों से रुके हुए पैसे वापस दिलाने मे कुछ इष्ट मित्र मददगार साबित होंगे। ऑफिस में आपके कर्मठशीलता की तारीफ होगी।आपकी कार्यक्षमता में बढ़ोतरी होगी। दांपत्य रिश्तों में मधुरता बनी रहेगी। कॉमर्स स्टूडेंट्स के लिए दिन फायदेमंद रहने वाला है, उनको नया कामर्सियल प्रोजेक्ट पर काम करने कों मिलेगा।

सिंह राशि : आज आपके दिन की शुरुआत अच्छी रहेगी। आज आओ जीवनसाथी के सहयोग से घरेलू कार्य पूरा करने में सफल होंगे। आपको माता-पिता का भरपूर सहयोग मिलेगा प्राप्त होगा। आपकी किसी पुराने मित्र से मुलाकात होने की उम्मीद है, जिसकी आपको हेल्प करने का अवसर मिलेगा। आज ऑफिस में आपको किसी नए प्रोजेक्ट की जिम्मेदारी मिलेगी। लवमेट आज किसी धार्मिक स्थल पर घूमने जाने का प्लान करेंगे।

कन्या राशि : आज का दिन आपके लिए बढिया रहने वाला है। आज आपको नई जानकारी मिलेगी आपके लिए यह जानकारी भविष्य के लिये बहुत फायदेमंद साबित होगी। आज आलस्य व सुस्ती छोड़कर काम में मन लगाने की जरूरत है। बिजनेस बढ़ाने की योजनाओं पर अमल करने के लिए आज का दिन अच्छा है। नई तकनीक के इस्तेमाल पर विचार-विमर्श होगा। आज आपको ऑफिस में अपने दस्तावेज संभालकर रखने की जरूरत है।

तुला राशि : आज आपका दिन अच्छा रहेगा। आज आपको आर्थिक लाभ के अच्छे अवसर मिलेंगे। आज आपको किसी यात्रा पर जाने का योग बन रहा है, जिससे आपको लाभ भी होगा। परिवार में सभी सदस्यों के साथ आपसी सामंजस्य बना रहेगा। अध्यात्म की तरफ आपका रुझान अधिक रहेगा। आप जिस किसी काम को करने का प्रयास करेंगे, उस काम में आपको अच्छी कामयाबी मिलेगी।

वृश्चिक राशि : आज का दिन आपके लिये सामान्य रहने वाला है। आज किसी खास रिश्तेदार की मदद से आपका रुक हुआ काम समय पर पूरा ही जाएगा। आज आपके प्रति शत्रु भाव रखने वालों व्यक्तियों से सावधान रहें। किसी भी कार्य को करते समय मन एकाग्र रखेंगे तो काम आसानी से व बिना किसी व्यवधान के पूरा हो जायेगा। कुछ लोग रुकावटें भी पैदा करेंगे। अफवाहों पर ध्यान न देकर अपने कामों पर फोकस करें। निश्चित तौर पर आपको सफलता मिलेगी। स्टूडेंट्स अपनी पढ़ाई पर ध्यान देंगे।

धनु राशि : आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। आपके बच्चे बिजनेस में आपका पूरा सपोर्ट करेंगे। जल्दबाजी में किए गए पूंजी निवेश से आपको थोड़ी बहुत टेंशन हो सकती है। सिनेमा जगत के कलाकारों के लिए दिन विशेष रूप से अच्छा है। समस्याओं के लिए दूसरों लोगों को जिम्मेदार मानने से आपके रिश्तों में दरार आ सकती है। आमतौर पर आप किसी बात का बुरा नहीं मानेंगे। अपने अहम पर काबू करके परिस्थिति को ठीक से समझने की कोशिश करेंगे तो आपको आसानी से हल मिल जायेगा।

मकर राशि : आज का दिन आपके लिए सामान्य से बेहतर रहने वाला है। आज आपके कार्यस्थल पर काम ज्यादा रहेगा। आज आपका किसी के प्रति अधिक आत्मविश्वास से नुकसान हो सकता है, इससे आपके पारिवारिक संबंध खराब हो सकते हैं। आप सामाजिक स्तर पर कुछ नए बदलाव करने की सोचेंगे आपको अनुभवी लोगों का साथ भी मिलेगा इससे आपका काम आसान हो जायेगा।

कुंभ राशि : आज का दिन आपके लिए उमंग से भरा रहने वाला है। आज कारोबार संबंधी योजनाओं को अपरिचित लोगों के सामने जाहिर न करें, कोई इसकी नकल कर सकता है इससे आपको नुकसान भी उठाना पड़ सकता है। पुरानी प्रॉपर्टी के सेल परचेज संबंधी बिजनेस में अच्छी डील होगी। इस राशि की वर्किंग महिलाएं कामकाज की वजह से व्यस्त रहेगी साथ ही थोड़ा बहुत तनाव भी रह सकता है। घर में शांति पूर्ण माहौल रहेगा।

मीन राशि :आज का दिन आपके लिए खुशियों से भरा रहने वाला है। आज आपके तय किए काम समय से पूरे होते हुए नजर आ रहे हैं साथ ही कुछ काम वक्त से पहले पूरे करने की वजह से खुद के लिए प्रसन्नता मिलेगी। मानसिक रूप से जिन लोगों के साथ परेशानी है, उसे दूर करने का उपाय मिलेगा और मेडिटेशन को रुटीन मे अपनाएंगे। लोगों के विचार और आपके बारे में बोली गई बातों के कारण आप मन ही मन परेशान हो सकते है। इस राशि के स्टूडेंट आज अपनी पढ़ाई को लेकर उत्साहित होंगे.

गंभीर मुद्दा

# परमाणु प्रसार को रोकने की जंग या उसे तेज करने की भूल?

**डॉ. सत्यवान सौरभ**



परमाणु हथियारों का प्रसार आधुनिक अंतरराष्ट्रीय राजनीति की सबसे गंभीर चुनौतियों में से एक है। द्वितीय विश्व युद्ध के बाद से वैश्विक व्यवस्था का एक प्रमुख उद्देश्य यह रहा है कि परमाणु हथियारों का विस्तार सीमित रखा जाए और नए देशों को इस श्रेणी में प्रवेश करने से रोका जाए। इसी उद्देश्य से अनेक अंतरराष्ट्रीय संधियाँ, निगरानी तंत्र और कूटनीतिक पहलें अस्तित्व में आईं। इसके बावजूद समय-समय पर यह विचार सामने आता रहा है कि यदि किसी देश के परमाणु कार्यक्रम से वैश्विक या क्षेत्रीय सुरक्षा को खतरा उत्पन्न हो रहा हो, तो उसे रोकने के लिए निवारक या पूर्व-emptive युद्ध का सहारा लिया जा सकता है। परंतु आलोचकों का तर्क है कि इस प्रकार के सैन्य हस्तक्षेप कई बार उस समस्या को हल करने के बजाय और जटिल बना देते हैं, क्योंकि वे अन्य देशों को भी परमाणु हथियार हासिल करने के लिए प्रेरित कर सकते हैं। पश्चिम एशिया में हाल के दशकों की घटनाएँ इस बहस को और अधिक प्रासंगिक बनाती हैं। निवारक युद्ध की अवधारणा इस विचार पर आधारित है कि संभावित खतरे को उसके पूर्ण रूप लेने से पहले ही समाप्त कर दिया जाए। यदि किसी देश के पास परमाणु हथियार बनने की क्षमता विकसित हो रही है, तो कुछ शक्तियाँ यह मान सकती हैं कि सैन्य कार्रवाई करके उस कार्यक्रम को नष्ट कर देना ही सबसे सुरक्षित विकल्प है। इस रणनीति का तर्क यह है कि यदि खतरे को प्रारंभिक चरण में ही समाप्त कर दिया जाए, तो भविष्य में बड़े युद्ध या विनाश से बचा जा सकता है। परंतु व्यवहार में यह नीति कई बार अपेक्षित परिणाम नहीं दे पाती। पश्चिम एशिया इस संदर्भ में अत्यंत संवेदनशील क्षेत्र है। यहाँ लंबे समय से भू-राजनीतिक प्रतिस्पर्धा, धार्मिक-सांप्रदायिक तनाव, ऊर्जा संसाधनों पर नियंत्रण और बाहरी शक्तियों के हस्तक्षेप जैसे अनेक कारक मौजूद हैं। इस क्षेत्र में परमाणु हथियारों की संभावना को लेकर लगातार चिंता बनी रही है। कुछ देशों के परमाणु कार्यक्रमों को लेकर अंतरराष्ट्रीय समुदाय में संदेह और बहस दोनों रहे हैं। ऐसे माहौल में निवारक युद्ध या सैन्य कार्रवाई का विचार अक्सर चर्चा में आता है। इतिहास में ऐसे उदाहरण मिलते हैं जहाँ संभावित परमाणु खतरे को रोकने के लिए सैन्य कार्रवाई की गई। इन कार्रवाइयों का उद्देश्य यह था कि संबंधित देश के परमाणु बुनियादी ढाँचे को नष्ट करके उसे हथियार विकसित करने से रोका जाए। प्रारंभिक दृष्टि में यह रणनीति प्रभावी प्रतीत हो सकती है, क्योंकि इससे परमाणु कार्यक्रम को तत्काल नुकसान पहुँचता है। लेकिन दीर्घकालिक प्रभावों को देखें तो स्थिति अधिक जटिल दिखाई देती है। पहला महत्वपूर्ण पहलू यह है कि निवारक युद्ध किसी देश में असुरक्षा और अविश्वास की भावना को बढ़ा सकता है। यदि किसी राज्य को यह लगता है कि उसकी संप्रभुता और सुरक्षा को बाहरी शक्तियों से लगातार खतरा है, तो वह अपनी रक्षा को मजबूत करने के लिए अधिक आक्रामक कदम उठा सकता है। ऐसे में परमाणु हथियारों को "अंतिम सुरक्षा गारंटी" के रूप में देखा जाने लगता है। परिणामस्वरूप वह देश अपने परमाणु कार्यक्रम को और अधिक गुप्त तथा तेज गति से आगे बढ़ाने की कोशिश कर सकता है। दूसरा पहलू क्षेत्रीय सुरक्षा संतुलन से जुड़ा है। पश्चिम एशिया में कई देश एक-दूसरे के प्रति अविश्वास और प्रतिस्पर्धा की भावना रखते हैं। यदि किसी देश के खिलाफ निवारक सैन्य कार्रवाई होती है, तो अन्य देशों को भी यह आशंका हो सकती है कि भविष्य में उनके साथ भी ऐसा हो सकता है। इससे वे अपनी सुरक्षा नीति में परमाणु विकल्प को अधिक गंभीरता से लेने लगते हैं। इस प्रकार एक देश के खिलाफ की गई कार्रवाई पूरे क्षेत्र में परमाणु प्रसार की दौड़ को तेज कर सकती है। तीसरा महत्वपूर्ण पहलू अंतरराष्ट्रीय कानून और वैश्विक व्यवस्था से संबंधित है। निवारक युद्ध अक्सर विवादास्पद होता है, क्योंकि इसमें संभावित खतरे के आधार पर सैन्य कार्रवाई की जाती है, जबकि खतरा अभी पूरी तरह वास्तविक नहीं होता। यदि शक्तिशाली देश इस सिद्धांत को बार-बार लागू करते हैं, तो यह अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था में अस्थिरता पैदा कर सकता है। अन्य देश भी अपने सुरक्षा हितों के नाम पर इसी प्रकार की कार्रवाइयों को उचित ठहराने लग सकते हैं। इससे वैश्विक स्तर पर संघर्ष और अविश्वास बढ़ सकता है। पश्चिम एशिया की समकालीन परिस्थितियों में यह बहस और भी जटिल हो जाती है। क्षेत्र में कई ऐसे देश हैं जो सुरक्षा चुनौतियों, क्षेत्रीय प्रतिस्पर्धा और बाहरी हस्तक्षेपों से घिरे हुए हैं। कुछ देशों के परमाणु कार्यक्रमों को लेकर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर गहन निगरानी और कूटनीतिक प्रयास चल रहे हैं। लेकिन समय-समय पर यह आशंका भी व्यक्त की जाती है कि यदि कूटनीति विफल हो जाती है, तो सैन्य विकल्प अपनाया जा सकता है। यही वह स्थिति है जहाँ यह प्रश्न महत्वपूर्ण हो जाता है कि क्या निवारक युद्ध वास्तव में समस्या का समाधान है। आलोचकों का कहना है कि सैन्य कार्रवाई अक्सर अल्पकालिक समाधान देती है, जबकि दीर्घकाल में वह समस्या को और गहरा कर सकती है। जब किसी देश के परमाणु प्रतिष्ठानों पर हमला होता है, तो इससे राष्ट्रीय गौरव और सुरक्षा की भावना को चोट पहुँचती है। इससे उस देश की जनता और राजनीतिक नेतृत्व में यह विश्वास मजबूत हो सकता है कि परमाणु हथियार ही बाहरी दबाव से बचने का सबसे प्रभावी साधन हैं। इस प्रकार निवारक युद्ध उस उद्देश्य के विपरीत परिणाम दे सकता है, जिसके लिए उसे किया गया था। इसके अलावा, आधुनिक समय में परमाणु कार्यक्रम केवल एक या दो स्थलों तक सीमित नहीं होते। वे कई संस्थानों, वैज्ञानिकों और तकनीकी क्षमताओं के व्यापक नेटवर्क पर आधारित होते हैं। इसलिए किसी एक प्रतिष्ठान को नष्ट करने से पूरे कार्यक्रम को समाप्त करना संभव नहीं होता। अक्सर ऐसा होता है कि हमले के बाद संबंधित देश अपने कार्यक्रम को और अधिक सुरक्षित तथा गुप्त रूप से विकसित करने लगता है। इससे अंतरराष्ट्रीय निगरानी और नियंत्रण और कठिन हो जाते हैं। हालाँकि यह भी सत्य है कि कुछ परिस्थितियों में निवारक कार्रवाई को सुरक्षा के दृष्टिकोण से आवश्यक माना जाता है। यदि किसी राज्य के पास परमाणु हथियार बनने की क्षमता अत्यंत निकट हो और वह क्षेत्रीय या वैश्विक स्थिरता के लिए गंभीर खतरा उत्पन्न कर रहा हो, तो कुछ देश यह तर्क दे सकते हैं कि सैन्य हस्तक्षेप अपरिहार्य है। लेकिन इस प्रकार की कार्रवाई को अंतिम विकल्प के रूप में ही देखा जाना चाहिए, क्योंकि इसके परिणाम व्यापक और अनिश्चित हो सकते हैं। इस संदर्भ में कूटनीति, अंतरराष्ट्रीय सहयोग और बहुपक्षीय संस्थाओं की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण हो जाती है। परमाणु प्रसार को रोकने के लिए केवल सैन्य शक्ति पर निर्भर रहना पर्याप्त नहीं है। विश्वास निर्माण, पारदर्शिता, निरीक्षण तंत्र और आर्थिक-राजनीतिक प्रोत्साहनों के माध्यम से भी देशों को परमाणु हथियारों की दौड़ से दूर रखा जा सकता है। पश्चिम एशिया जैसे संवेदनशील क्षेत्र में यह दृष्टिकोण विशेष रूप से आवश्यक है, क्योंकि यहाँ किसी भी सैन्य टकराव के व्यापक क्षेत्रीय और वैश्विक परिणाम हो सकते हैं। इसके साथ ही यह भी महत्वपूर्ण है कि अंतरराष्ट्रीय समुदाय परमाणु निरस्त्रीकरण की दिशा में भी गंभीर प्रयास करे। यदि केवल कुछ देशों के पास परमाणु हथियार बने रहें और अन्य देशों को उनसे दूर रहने के लिए कहा जाए, तो यह

व्यवस्था लंबे समय तक टिकाऊ नहीं रह सकती। वैश्विक स्तर पर समान और न्यायसंगत सुरक्षा व्यवस्था ही परमाणु प्रसार को प्रभावी ढंग से रोक सकती है। अंततः यह कहा जा सकता है कि निवारक युद्ध की रणनीति परमाणु प्रसार को रोकने का एक विवादास्पद और जोखिमपूर्ण तरीका है। पश्चिम एशिया की समकालीन परिस्थितियाँ यह संकेत देती हैं कि सैन्य हस्तक्षेप कई बार समस्या को हल करने के बजाय उसे और जटिल बना देता है। इससे क्षेत्रीय असुरक्षा बढ़ सकती है, अविश्वास गहरा सकता है और अन्य देशों को भी परमाणु हथियार विकसित करने की प्रेरणा मिल सकती है। इसलिए परमाणु प्रसार की चुनौती से निपटने के लिए दीर्घकालिक और बहुआयामी रणनीति की आवश्यकता है, जिसमें कूटनीति, सहयोग और वैश्विक संस्थागत ढाँचे की केंद्रीय भूमिका हो। यदि अंतरराष्ट्रीय समुदाय स्थायी शांति और सुरक्षा की दिशा में गंभीर है, तो उसे यह समझना होगा कि परमाणु प्रसार जैसी जटिल समस्या का समाधान केवल सैन्य शक्ति से नहीं बल्कि संवाद, विश्वास और न्यायसंगत वैश्विक व्यवस्था से ही संभव है।

### सू- दोकू क्र.345

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 6 | 3 | | 8 | | 1 | | 4 |
| 8 | | | 3 | | 4 | | 7 | |
| | 4 | | | 5 | | 8 | | |
| 3 | | 8 | | | 1 | | 4 | |
| | 1 | | | 4 | | 9 | | 7 |
| | | 4 | | | 2 | | 1 | |
| 1 | | | | 3 | | 4 | | 8 |
| | 8 | | 2 | | 9 | | 3 | |
| | | 9 | | 1 | | 2 | | 5 |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गो का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

### सू-दोकू क्र.344 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 7 | 9 | 2 | 4 | 5 | 3 | 1 | 8 |
| 2 | 1 | 8 | 3 | 7 | 6 | 9 | 5 | 4 |
| 7 | 6 | 4 | 5 | 2 | 8 | 1 | 3 | 9 |
| 3 | 8 | 1 | 6 | 9 | 7 | 2 | 4 | 5 |
| 9 | 2 | 5 | 4 | 1 | 3 | 8 | 6 | 7 |
| 8 | 3 | 7 | 9 | 6 | 4 | 5 | 2 | 1 |
| 5 | 4 | 2 | 8 | 3 | 1 | 7 | 9 | 6 |
| 1 | 9 | 6 | 7 | 5 | 2 | 4 | 8 | 3 |
| 4 | 5 | 3 | 1 | 8 | 9 | 6 | 7 | 2 |

### शब्द सामर्थ्य -345

(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं**

1. व्यर्थ, अकारण, बेवजह (उर्दू) 4. साथ में, सहित 5. वर्षा, बारिश, बरखा 8. कथा, किस्सा 9. चिढ़चिड़ा, बदमिजाज 11. प्रलय, आफत, हलचल 12. लाख ढकने का कपड़ा 13. पिता, क्लर्क, सम्मानित व्यक्ति 14. वायु, पवन 16. निवास करना, उपस्थित होना, ठहरना 18. जिसे लात खाने की आदत हो गई हो 19. सेवक, दास, चाकर 21. भ्राता 22. मेघ, जलद, नीरद।

**ऊपर से नीचे**

1. विशेष, विशिष्ट 2. सुगंध, खुशबू 3. आदमी, मनुष्य, मानव 5. अपेक्षाकृत, अपेक्षया 6. कष्ट, दर्द, दिक्कत 7. पठन, पढ़ने का काम, शिक्षा 10. किस्मत, नसीब, भाग्यवान 12. एक पक्षी जो पुराने समय में संदेश वाहक का काम करता था 13. बाल, बच्चा, लड़का, छोकरा 17. वायु संबंधी, हवा में रहने, उड़ने या होने वाला, बिलकुल काल्पनिक और निर्मूल 19. नाव, कश्ती 20. वर्ष, बरस, एक इमारती वृक्ष।



### शब्द सामर्थ्य क्रमांक 344 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| पं | क्ति | | स्वा | द | | स | ब | ब |
| जा | | सु | हा | ना | | | ली | द |
| ब | हु | धा | | द | ल | ना | | ल |
| | | क | मा | न | | ग | ह | ना |
| भं | व | र | | | | वा | म | |
| गी | त | | म | ज | बू | र | | ट |
| | न | म | स्का | र | | | | र |
| | | र्या | | | बी | | ना | का |
| सं | वि | दा | | ब | स | च | ल | ना |

## एक नजर

### कलेक्टर ने सभी प्रकरणों के त्वरित निराकरण करने के दिए निर्देश

**कांकेर, 17 मार्च।** कलेक्टर श्री निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर के निर्देशानुसार अपर कलेक्टर श्री जितेन्द्र कुर्रे द्वारा मंगलवार को समय-सीमा की बैठक ली गई, जिसमें पीएम पोर्टल, मुख्यमंत्री जनदर्शन पोर्टल, शासन स्तर से प्राप्त पत्रों एवं कलेक्टर जनदर्शन में प्राप्त आवेदनों के निराकरण की समीक्षा की गई तथा सभी आवेदनों को तेजी से निराकृत करने के लिए विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया गया। बैठक में समय-सीमा में निराकृत करने वाले पत्रों पर की गई कार्यवाही की समीक्षा भी की गई तथा सभी प्रकरणों को समय-सीमा के भीतर निराकृत करने के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया गया। शासकीय अधोसंरचना निर्माण के लिए जमीन का चिन्हांकन करने हेतु अनुविभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए गए। हाउसिंग बोर्ड द्वारा सभी ब्लॉक मुख्यालयों में सामुदायिक भवन का निर्माण किया जाना प्रस्तावित है, जिसके लिए जमीन का चिन्हांकन करने के निर्देश दिए। बैठक में अपर अंतागढ़ ए.एस. पैकरा, सभी एसडीएम, विभिन्न विभागों के जिला अधिकारी, जनपद सीईओ और नगरीय निकायों के अधिकारी मौजूद थे।

### 14 से 15 वर्ष की बालिकाओं को निःशुल्क एचपीव्ही टीका लगाने का अभियान शुरू

**कांकेर, 17 मार्च।** राष्ट्रीय टीकाकरण दिवस के अवसर पर आज मातृ एवं शिशु अस्पताल अलबेलापारा कांकेर में नगरपालिका अध्यक्ष श्री अरूण कौशिक के मुख्य आतिथ्य में एचपीव्ही वेक्सिनेशन के जिला स्तरीय अभियान का शुभारंभ किया गया। इस अभियान के तहत 14 वर्ष पूर्ण कर चुके लेकिन 15 वर्ष से कम आयु वर्ग की बालिकाओं का निःशुल्क एचपीव्ही वेक्सिनेशन किया जाएगा। शुभारंभ अवसर पर 06 बालिकाओं का वेक्सिनेशन उनके अभिभावकों की उपस्थिति एवं डॉक्टरों की निगरानी में किया गया। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आर.सी. ठाकुर, जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. ओ.पी. शंखवार, डॉ. सुनील सोनी, बीएमओ डॉ. शशांक गुप्ता, शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. हेमंत नाग, सीपीएम डॉ. हमित कश्यप, डॉ. विनोद वैद्य, जिला कार्यक्रम प्रबंधक रोहित वर्मा सहित स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी-कर्मचारी मौजूद थे।

### पंडरीपानी व मुसुरपुट्टा जनसमस्या निवारण शिविर स्थगित

**कांकेर, 17 मार्च।** कलेक्टर श्री निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर द्वारा चारामा विकासखण्ड के ग्राम पंडरीपानी में 18 मार्च बुधवार एवं नरहरपुर विकासखण्ड के ग्राम मुसुरपुट्टा में 25 मार्च बुधवार को आयोजित होने वाला जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण को अपरिहार्य कारणों से स्थगित किया गया है।

# दंतेवाड़ा जिले के पत्रकार रौनक की गिरफ्तारी के विरोध में प्रदर्शन

- पत्रकारों ने मौन धरना देकर सौंपा ज्ञापन
- पूरे मामले की न्यायिक जांच की मांग

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता






**जगदलपुर/दंतेवाड़ा 17 मार्च।** पत्रकार रौनक शिवहरे और परिवार के खिलाफ दंतेवाडा जिले के गीदम थाने में गलत धाराओं के साथ साथ एसटी एससी एक्ट के तहत दर्ज आपराधिक मामला एवं गिरफ्तारी के विरोध में सोमवार को दंतेवाड़ा में पत्रकारों ने मौन रहकर धरना दिया। इसके बाद कलेक्टर की गैरमौजूदगी में एसडीएम को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में मुख्य रूप से पूरे घटनाक्रम का उल्लेख करते हुए न्यायिक जांच की माँग की गई है। प्रेषित ज्ञापन में बताया गया है कि विगत 6 मार्च को दक्षिण बस्तर दंतेवाड़ा जिला के गीदम में निवासरत पत्रकार रौनक शिवहरे के घर के सामने एक ट्रैक्टर चालक ने पत्रकार की स्कूटी को टक्कर मारते हुए उनके पिताजी और उनकी दो साल की छोटी बच्ची पर ट्रैक्टर से दबाने की कोशिश की जिसमें दोनों बाल बाल बचे। इसकी जानकारी मिलने के बाद पत्रकार रौनक जब वहाँ पहुंचे तो वहा ट्रैक्टर चालक से हुई विवाद के बाद पत्रकार रौनक ने ने गीदम थाने में इसकी लिखित शिकायत दी, परन्तु थाना प्रभारी ने उक्त शिकायत पर एफआईआर दर्ज नहीं की, उल्टा ट्रैक्टर चालक एवं उनके सहयोगियों के दबाव में गीदम थाना प्रभारी ने रौनक एवं उनके माता पिता के खिलाफ एसटी-एससी सहित अन्य गंभीर धाराओं के तहत अपराध दर्ज कर लिया। आरोपी के दबाव में पुलिस ने पत्रकार को बिना जांच के जेल भेज दिया। यह उचित नहीं है, क्योंकि इस बात के प्रमाण है कि पत्रकार और उसके माता पिता खिलाफइन धाराओं के तहत मामला नहीं बनता। एक समूह के दबाव के आधार पत्रकार के खिलाफइस प्रकार की कार्रवाई से पूरे पत्रकारों में आक्रोश का माहौल है। इस संदर्भ में पत्रकारों की मांग है कि इस पूरे प्रकरण की न्यायिक जांच करवा कर इस मामले की उचित विवेचना करवाई जाए। कलेक्टर के माध्यम से ज्ञापन सौंपने के बाद पत्रकारों ने दंतेवाड़ा पुलिस अधीक्षक गौरव रॉय से मुलाकात की। पूरे घटनाक्रम की जानकारी देते हुए पत्रकारों की चिंताओं से अवगत करवाया। पुलिस अधीक्षक श्री रॉय ने पत्रकारों को आश्वस्त किया कि दंतेवाड़ा जिलें में बीते समय के पूरे घटनाक्रम को गंभीरता से लेकर जाँच करवाई जा रही है। उन्होंने आश्वस्त किया कि किसी भी पक्ष के दबाव में किसी के भी खिलाफकोई कार्रवाई नहीं हो इसे सुनिश्चित किया जाएगा।

### संघर्ष से स्वावलंबन तक का सफर

# बिहान योजना से बदली बस्तर की नवती दीदी की किस्मत

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**जगदलपुर, 17 मार्च।** छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन बिहान आज ग्रामीण क्षेत्रों में महिलाओं के लिए केवल एक शासकीय योजना नहीं, बल्कि उनके आत्म-सम्मान और आर्थिक आजादी का आधार बन चुकी है। इसी मिशन की एक सशक्त कड़ी के रूप में उभरकर सामने आई हैं बस्तर जिले के लोहण्डीगुड़ा जनपद अंतर्गत ग्राम चित्रकोट की निवासी श्रीमति नवती कश्यप। शिक्षित होने के बावजूद एक समय ऐसा था जब नवती दीदी के पास रोजगार का कोई साधन नहीं था, लेकिन फरवरी 2019 में गंगा मैया स्व सहायता समूह से जुड़ने के बाद उनके जीवन की दिशा पूरी तरह बदल गई। नवती दीदी ने अपनी उद्यमिता की यात्रा अगस्त 2019 में बीसी सखी के रूप में शुरू की। शुरुआत में उन्हें कई तकनीकी और सामाजिक चुनौतियों का सामना करना पड़ा, लेकिन अपनी अटूट लगन के कारण वे निरंतर इस कार्य में डटी रहीं। उनकी इसी मेहनत का परिणाम है कि आज वे अपने क्षेत्र की 5 ग्राम पंचायतों में एक भरोसेमंद बैंकिंग सखी के रूप में सेवा दे रही हैं। छत्तीसगढ़ ग्रामीण बैंक कियोस्क और सीएससी आईडी के माध्यम से वे ग्रामीणों के घर-घर जाकर बैंकिंग सुविधाएँ उपलब्ध करा रही हैं, जिससे ग्रामीणों को अब बैंक के चक्कर नहीं काटने पड़ते।

आज नवती दीदी के माध्यम से ग्रामीणों को वृद्धावस्था पेंशन, मनरेगा का भुगतान और महतारी वंदन योजना जैसी महत्वपूर्ण जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ सीधे उनके गाँव में ही मिल रहा है। इसके साथ ही वे समूहों के आपसी लेनदेन और बैंक से जुड़ी अन्य समस्त आवश्यक सेवाएँ भी सुलभ करा रही हैं। आर्थिक रूप से देखें तो यह बदलाव किसी चमत्कार से कम नहीं है। जिस कार्य की शुरुआत में उनकी मासिक आय मात्र एक हजार से दो हजार रुपये थी, वह आज उनके अथक परिश्रम एवं लगन के बूते बढ़कर 15 हजार रुपये तक पहुँच गई है। इस आय से वह अपने घर-परिवार को खुशहाली की ओर अग्रसर कर चुकी हैं। श्रीमती नवती कश्यप की यह कहानी आज बस्तर की अन्य



महिलाओं के लिए एक मिसाल है, जो यह सिखाती है कि सही प्रशिक्षण, समूह का सहयोग और साहस के छोटे-छोटे निवेश से कोई भी महिला आर्थिक रूप से सशक्त हो सकती है। बिहान योजना के माध्यम से आज उन्होंने यह सिद्ध कर दिया है कि संकल्प और मेहनत से ग्रामीण स्तर पर भी आत्मनिर्भर बनना पूरी तरह संभव है।

### प्रशिक्षण के बाद पशुधन संरक्षण की ओर महिला शक्ति के बढ़ते कदम

**जगदलपुर, 17 मार्च।** राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती प्रदान करने के लिए प्रशिक्षित पशु सखियाँ अब धरातल पर बदलाव की नई पटकथा लिख रही हैं। ये महिलाएं न केवल एक प्रशिक्षित सामुदायिक कैडर के रूप में उभरी हैं, बल्कि पशुपालन को आधुनिक और लाभप्रद बनाने के लिए गाँव-गाँव जाकर तकनीकी सहायता भी प्रदान कर रही हैं। हाल ही में कृषि विज्ञान केंद्र और पशुपालन विभाग के समन्वय से आयोजित 17 दिवसीय विशेष हेल्प प्रशिक्षण प्राप्त करने के बाद इन सखियों ने वर्तमान में जगदलपुर और बस्तर ब्लॉक के विभिन्न क्षेत्रों में सघन टीकाकरण और स्वास्थ्य प्रबंधन अभियान की शुरुआत की है। क्षेत्रीय गतिविधियों की कड़ी में जगदलपुर ब्लॉक के ग्राम माड़पाल में एक सराहनीय उदाहरण देखने को मिला, जहाँ पशु सखी ने जानकी दीदी के घर पहुँचकर लगभग 250 बत्तखों को कृमि नाशक दवा पिलाई। इसी निरंतरता को आगे बढ़ाते हुए ग्राम पंचायत कलचा में मुर्गियों के लिए टीकाकरण अभियान चलाया गया, ताकि समय रहते उन्हें घातक संक्रमणों से बचाया जा सके। बस्तर ब्लॉक के ग्राम तुरपुरा में भी पशु सखियों द्वारा पशुधन प्रबंधन और टीकाकरण के कार्यों को तत्परता से संपन्न किया जा रहा है। पशु सखियों का यह कार्य केवल उपचार तक सीमित नहीं है, बल्कि वे पशुपालकों को जागरूक करने के लिए पशु पाठशाला जैसी अभिनव पहल भी कर रही हैं। इन पाठशालाओं के माध्यम से वे ग्रामीणों को संतुलित आहार, कम लागत में प्रोटीनयुक्त अजोला उत्पादन और स्थानीय सामग्री से दाने का मिश्रण तैयार करने की विधियाँ सिखा रही हैं। साथ ही पशुओं के रहने के स्थान को स्वच्छ और हवादार बनाने के तरीकों पर भी जोर दिया जा रहा है। साथ ही रिकॉर्ड प्रबंधन, पशु बीमा और बेहतर नस्ल के चुनाव जैसे विषयों पर दी जा रही सलाह से पशुपालकों की आय में सीधे तौर पर वृद्धि हो रही है।

## कृषकों को मिला मशरूम उत्पादन का प्रशिक्षण



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**कांकेर, 17 मार्च।** कृषि विज्ञान केन्द्र कांकेर में आज मशरूम उत्पादन तकनीकी प्रशिक्षण का आयोजन किया गया, जिसमें मशरूम अनुसंधान निदेशालय सोलन हिमाचल प्रदेश के वैज्ञानिक डॉ. श्वेतकमल ने कृषकों को मशरूम उत्पादन की विस्तृत जानकारी देते हुए मशरूम उत्पादन के विभिन्न चरणों की प्रायोगिक जानकारी भी दी। इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के प्रमुख अन्वेषक, मशरूम परियोजना डॉ एच. के. सिंह द्वारा किसानों को छत्तीगसढ़ में मशरूम उत्पादन की संभावनाओं की विस्तृत जानकारी दिया गया। मशरूम उत्पादन से संबंधित विभिन्न सामग्री जैसे प्लास्टिक ड्रम, बाल्टी, मशरूम स्पॉन बीज, मिस्ट स्प्रेयर आदि का वितरण भी अनुसूचित जनजाति योजना के अंतर्गत किसानों को किया गया। जिसके मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ मछुआ कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष श्री भरत मटियारा, विशिष्ट अतिथि श्री रामचरण कोर्राम एवं इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय प्रबंधन मण्डल के सदस्य श्री रामसुमन उइके कर कमलों से किया गया। उक्त प्रशिक्षण में लगभग 100 कृषकगण उपस्थित थे।

## किसानों की आवाज मजबूत करने में किसान मोर्चा की अहम भूमिका, : सांसद संतोष पांडेय




■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनांदगांव, 17 मार्च।** भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा जिला राजनांदगांव की प्रथम महत्वपूर्ण परिचयात्मक बैठक आज भाजपा कार्यालय में गौरवपूर्ण वातावरण में संपन्न हुई। कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ मुख्य अतिथि सांसद संतोष पांडेय, भाजपा जिला अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत, प्रदेश मंत्री मूलचंद लोधी ,रवि सिन्हा और प्रदेश प्रवक्ता किसान मोर्चा कैलाश शर्मा, जिला किसान मोर्चा अध्यक्ष दादू सोनकर द्वारा भारत माता, पंडित दीनदयाल उपाध्याय और डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के तैलचित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन के साथ किया गया। मंच का कुशल संचालन जिला महामंत्री मनीष सोनी ने किया।

खेती को लाभ का धंधा बना रही मोदी सरकारः संतोष पांडेय

बैठक को संबोधित करते हुए सांसद संतोष पांडेय ने कहा कि, ÷किसान मोर्चा की भूमिका किसानों की आवाज को मजबूत करने में सबसे अहम है। मोर्चा के माध्यम से किसानों की समस्याओं को प्रभावी ढंग से उठाकर उनके समाधान के लिए सभी पदाधिकारियों को सक्रिय भूमिका निभानी चाहिए।÷ उन्होंने 'जय जवान, जय किसान और जय विज्ञान' के मंत्र के साथ मोदी सरकार द्वारा कृषि क्षेत्र में किए जा रहे नवाचारों और जैविक खेती को भविष्य की जरूरत बताया। उन्होंने प्रधानमंत्री की जन-कल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम छोर के किसान तक पहुँचाने का आह्वान किया।

**कांग्रेस के डीएनए में शुरू से है किसान विरोधः कोमल राजपूत :** भाजपा जिला अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत ने कांग्रेस पर प्रहार करते हुए कहा कि, किसान विरोधी डीएनए कांग्रेस में शुरू से है। उनके शासन में धान की राशि किस्तों में मिलती थी और बारदाने भी किसानों को खुद खरीदने पड़ते थे। आज भाजपा सरकार में धान की रिकॉर्ड कीमत मिल रही है और भुगतान भी एकमुश्त सीधे खातों में हो रहा है।

**संगठन विस्तार और संकल्पः** प्रदेश मंत्री मूलचंद लोधी ने मनरेगा योजना की बारीकियों को बहुत ही सरलता से समझाया, वहीं प्रदेश प्रवक्ता कैलाश शर्मा ने सरकारी योजनाओं के प्रचार-प्रसार पर जोर दिया। जिला अध्यक्ष दादूराम सोनकर ने बताया कि जिले में पहली बार नए प्रकल्पों का गठन कर किसानों के हित में सर्वश्रेष्ठ टीम तैयार की गई है। कार्यक्रम के अंत में सभी पदाधिकारियों ने संगठन को मजबूत बनाने एवं किसानों के हित में निरंतर कार्य करने का सामूहिक संकल्प लिया।

**बैठक में इनकी रही गरिमामयी उपस्थितिः** बैठक में मुख्य रूप से भाजपा जिला उपाध्यक्ष तरुण लहरवानी, जिला महामंत्री मनीष सोनी, जिला महामंत्री घासीराम साहू, उपाध्यक्ष आनंद साहू, श्रीमती प्रतीक्षा भंडारी, आशुतोष सिंह ठाकुर, शासकीय शिवनाथ विज्ञान महाविद्यालय के अध्यक्ष एवं पार्षद रवि सिन्हा, विजेन्द्र सिंह ठाकुर, विवेक शर्मा, जिला मंत्री राजा राजपूत, किशोर यादव, गोपी प्रसाद देशमुख, सह-संयोजक गप्पू सोनकर, कोषाध्यक्ष भावेश वरु एवं मीडिया प्रभारी सतीश यादव सहित अन्य वरिष्ठ पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में जिला महामंत्री घासीराम साहू ने सभी का आभार व्यक्त किया। यह जानकारी जिला मीडिया प्रभारी सतीश यादव द्वारा दी गई।

## नालंदा परिसर गढ़ेगा दक्षिण बस्तर का भविष्यः अटामी

- विधायक ने गीदम में सर्व सुविधायुक्त नालंदा परिसर सेंट्रल लाइब्रेरी का भूमिपूजन किया
- सवा 4 करोड़ से अधिक राशि की मिली मंजूरी

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**दंतेवाड़ा 17 मार्च।** विधायक चैतराम अटामी ने गीदम की एजुकेशन सिटी में प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी करने वाले युवाओं के लिए बनने वाली सेंट्रल लाइब्रेरी नालंदा परिसर का भूमिपूजन किया। इस मौके पर विधायक श्री अटामी ने कहा कि नालंदा परिसर अब दंतेवाड़ा जिले के युवाओं का भविष्य गढ़ेगा। आईएएस, आईपीएस व राज्य सेवा अफसर बनने के इच्छुक यहां तैयारी के लिए निर्बाध पढ़ाई कर सकेंगे।

छत्तीसगढ़ सरकार ने दंतेवाड़ा जिले के दूरस्थ इलाकों में युवाओं के लिए आधुनिक सुविधाओं से लैस 'नालंदा परिसर' (सेंट्रल लाइब्रेरी) स्थापित करने की स्वीकृति दी है। नालंदा परिसर के निर्माण के लिए लगभग 4 करोड़ 40 लाख से अधिक की मंजूरी मिली है, जिसका उद्देश्य प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए बेहतर माहौल प्रदान करना है। दंतेवाड़ा जैसे आकांक्षी जिले के युवाओं को घर के पास ही उच्च स्तरीय पुस्तकालय और पढ़ाई का माहौल देना इसका उद्देश्य है। इसमें आधुनिक सेंट्रल लाइब्रेरी, रीडिंग ज़ोन, ऑनलाइन और ऑफलाइन पढ़ाई की सुविधा मिलेगी। विधायक श्री अटामी ने कहा कि प्रदेश में शिक्षा और रोजगार के लिए बड़ा बदलाव आया है। नई लाइब्रेरी और रीडिंग जोन्स के निर्माण से राज्य के हर वर्ग के युवाओं को पढ़ाई और करियर निर्माण के बेहतर अवसर मिलेंगे। कार्यक्रम में गीदम नगर पंचायत अध्यक्ष रजनीश सुराना, दंतेवाड़ा नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती पायल गुप्ता, भाजपा जिला कोषाध्यक्ष मनीष सुराना समेत भाजपा पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## जिले में सघन एफएमडी टीकाकरण का शुभारंभ

**कांकेर, 17 मार्च।** पशुओं के खुर-पका, मुंह पका रोग से बचाव के लिये विशेष टीकाकरण अभियान की शुरूआत जिले में हो गयी है। यह अभियान केन्द्र सरकार की योजना राष्ट्रीय पशु रोग नियंत्रण कार्यक्रम के तहत चलाया जा रहा है। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री हरेश मंडावी ने जिला पंचायत परिसर से टीकाकरण दल को हरी झंडी दिखाकर अभियान का शुभारंभ किया। यह अभियान 30 अप्रैल तक चलेगा। इस दौरान गाय, भैंस दोनो प्रजातियों के पशुओं का खुर-पका, मुंह-पका रोग से बचाव के लिये टीकाकरण किया जायेगा। इस अभियान के सफल संचालन के लिए 84 टीकाकरण दल का गठन किया गया है, जिनके द्वारा जिले के समस्त ग्रामों में टीकाकरण कार्य किया जाएगा। उप संचालक पशु चिकित्सा सेवायें डॉ. सत्यम मित्रा ने बताया कि खुर-पका, मुंह पका रोग खुर वाले पशुओं का अत्यंत संक्रामक एवं घातक विषाणुजनित रोग है, जो गाय, भैंस, भेड़, बकरी, सूकर आदि पशुओं को प्रभावित करता है। यह रोग पशुओं में तेजी से फैलता है। इस रोग के होने पर पशुओं को तेज बुखार के साथ मुंह, मसूड़े एवं जीभ के उपर, नीचें, होंठ के अंदर का भाग, खुरों के बीच की जगह पर छोटे-छोटे दाने उभर आते हैं, जो कि आपस में मिलकर छालों का रूप ले लेते हैं। मुंह में छाला होने से पशु के मुंह से लगातार लार गिरती रहती है एवं खुर में छालों के कारण पशु लंगड़ा कर चलता है।

### समय-सीमा की बैठक में जनहितकारी योजनाओं की समीक्षा कर

# कलेक्टर ने बस्तर मैराथन और ट्राइबल गेम्स की तैयारी के दिए निर्देश

- 19 मार्च को पुस्तक दान महाभियान में अधिकाधिक लोगों की हो सहभागिता

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता




**जगदलपुर, 17 मार्च।** कलेक्टर श्री आकाश छिकारा की अध्यक्षता में सोमवार को कलेक्ट्रेट के प्रेरणा कक्ष में समय-सीमा की बैठक आयोजित की गई, जिसमें बस्तर मैराथन, खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स के भव्य आयोजन को प्रमुखता देते हुए जिले के विकास कार्यों की व्यापक समीक्षा की गई। बैठक के दौरान कलेक्टर ने शासन की मंशा के अनुरूप प्रशासनिक कसावट लाने के निर्देश देते हुए कहा कि प्रत्येक सप्ताह एसडीएम अनिवार्य रूप से दो स्कूलों, दो आश्रम-छात्रावासों, पीडीएस दुकानों और आंगनबाड़ी केंद्रो का निरीक्षण करेंगे ताकि मैदानी स्तर पर व्यवस्थाओं को सुधारा जा सके। शिक्षा के क्षेत्र में पुस्तक दान महाभियान पर विशेष जोर देते हुए उन्होंने कहा कि 19 मार्च को जिला एवं ब्लॉक स्तर पर कार्यक्रम आयोजित कर पुस्तक दान महाभियान में अधिकाधिक लोगों की सहभागिता हो। इस कार्यक्रम में जनप्रतिनिधि, अधिकारी और शिक्षक अनिवार्य रूप से पुस्तकें दान करें, क्योंकि किसी के लिए पुरानी पुस्तक, पढ़ने वाले के लिए वही पुस्तकें नई हो सकती है। उन्होंने स्कूलों के पास-आउट विद्यार्थियों को अधिक से अधिक संख्या में अग्निवीर भर्ती अभियान से जोड़ने कहा।

बैठक में कलेक्टर ने सुरक्षा बलों के शिविरों में भी रक्तदान शिविर आयोजित करने और आयुष्मान कार्ड की ब्लॉकिंग स्थिति में सुधार लाने को कहा। महिला एवं बाल विकास विभाग को पोषण ट्रैकर ऐप और प्रधानमंत्री मातृत्व वंदना योजना के अंतर्गत 15 दिनों के भीतर नवजात बच्चों की जानकारी अपडेट करने तथा रिक्त आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के पदों पर भर्ती प्रक्रिया में तेजी लाने के निर्देश मिले। कृषि एवं किसान कल्याण विभाग की समीक्षा करते हुए उन्होंने धान उठाव की स्थिति, खाद-बीज के भंडारण और पीएम किसान सम्मान निधि के तहत आधार सीडिंग व एग्रीस्टैक की प्रगति का संज्ञान लिया। साथ ही उन्होंने स्पष्ट किया कि स्वामित्व योजना का क्रियान्वयन और संपूर्णता अभियान 2.0 की डाटा एंट्री समय पर पूर्ण होनी चाहिए।

कलेक्टर ने श्रमिकों को ट्रैक कर उनके राशन कार्ड बनवाने और पुनर्वासित नागरिकों को विभिन्न शासकीय योजनाओं का लाभ दिलाने की बात कही। इसके अलावा बैठक में हिट एंड रन के प्रकरणों से संबंधित समिति और नशा मुक्ति अभियान की समीक्षा बैठक की गई। साथ-साथ अप्रैल माह के पांच प्राथमिकता वाले कार्यों का चयन कर जानकारी देने के निर्देश दिए गए। अंत में आधार शिविर लगाकर आधार अपडेट करवाने, स्कॉलरशिप परीक्षा के लिए बच्चों का अधिक से अधिक पंजीयन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। बैठक में पुलिस अधीक्षक श्री शलभ सिन्हा, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री प्रतीक जैन, वन मंडलाधिकारी श्री उत्तम कुमार गुप्ता, अपर कलेक्टर श्री सीपी बघेल, श्री ऋषिकेश तिवारी, आयुक्त नगर निगम श्री प्रवीण वर्मा, सहायक कलेक्टर श्री विपिन दुबे सहित जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे।

## कोषालय में 25 मार्च तक जमा किए जा सकेंगे देयक

**कांकेर,17 मार्च।** जिले के कोषालय एवं समस्त उप कोषालयों में वर्ष 2025-26 से संबंधित समस्त देयक प्राप्त करने की अंतिम तिथि 25 मार्च निर्धारित की गई है। इस आशय की जानकारी देते हुए वरिष्ठ कोषालय अधिकारी कांकेर ने बताया कि एसएनए-स्पर्श से संबंधित समस्त भुगतान के लिए देयक स्वीकृति की अंतिम तिथि 30 मार्च निर्धारित की गई है।

## एक नजर

### जिले में एलपीजी की पर्याप्त उपलब्धता, अनावश्यक परेशान होने की जरूरत नहीं : कलेक्टर

**रायगढ़, 17 मार्च।** जिले में घरेलू गैस सिलेंडरों की पर्याप्त उपलब्धता है और उपभोक्ताओं को घबराने या अनावश्यक बुकिंग करने की आवश्यकता नहीं है। कलेक्टर श्री मयंक चतुर्वेदी ने एलपीजी की बुकिंग, वितरण और भंडारण के संबंध में आवश्यक निर्देश जारी करते हुए बताया कि जिले में वर्तमान में 2 लाख 63 हजार 406 घरेलू गैस उपभोक्ता हैं, जिनके लिए गैस कंपनियों द्वारा नियमित रूप से सिलेंडरों की आपूर्ति की जा रही है। उपभोक्ताओं से अपील की गई है कि वे रिफिल सिलेंडर की बुकिंग निर्धारित प्रक्रिया और समय अंतराल के अनुसार ही कराएं।

### किरोड़ीमलनगर में फोटोयुक्त निर्वाचक नामावली तैयार करने अधिकारियों को सौंपी गई जिम्मेदारी

**रायगढ़ए 17 मार्च।** नगर पंचायत उप निर्वाचन 2026 अंतर्गत कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ने आदेश जारी कर नगर पंचायत किरो?ीमलनगर के वार्ड क्रमांक 06 में फोटोयुक्त मतदाता नामावली के निर्माण एवं पुनरीक्षण कार्य के लिए रजिस्ट्रीकरणए सहायक रजिस्ट्रीकरण एवं अपीलीय अधिकारी नियुक्त किया है। छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग रायपुर द्वारा जारी निर्देशों के पालन में नगर पंचायत उप निर्वाचन 2026 के लिए 1 अप्रैल 2026 की अर्हता तिथि के आधार पर मतदाता सूची तैयार की जाएगी। नगर पंचायत किरोड़ीमलनगर, वार्ड क्रमांक 06ए जिला रायगढ़ के अंतर्गत फोटोयुक्त निर्वाचक नामावली तैयार एवं पुनरीक्षित करने की प्रक्रिया निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार संपन्न कराई जाएगी। कलेक्टर ने वार्ड क्रमांक 06 अंतर्गत अनुविभागीय अधिकारी राजस्वद्ध रायग? को रजिस्ट्रीकरण अधिकारीए अतिरिक्त तहसीलदार रायगढ़ श्रीमती नेहा उपाध्याय को सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी और अपर कलेक्टर को अपीलीय अधिकारी नियुक्त किया है।

### सेवई घास की टोकनी से बदली जिंदगी समूह की महिलाएं बन रहीं आत्मनिर्भर

**रायगढ़, 17 मार्च।** जनपद पंचायत लैलूंगा के ग्राम-भेडीमूड़ा 'अ' की महिलाओं ने सामूहिक प्रयास और मेहनत से आत्मनिर्भरता की नई मिसाल पेश की है। छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन  बिहान से जुड़ने के बाद महिला जागरूकता स्व-सहायता समूह की महिलाओं की आजीविका में बड़ा बदलाव आया है। समूह की सदस्य कमला भगत और कुमारी भगत बताती हैं कि पहले समूह की महिलाएं स्थानीय स्तर पर उपलब्ध सवाई घास से छोटे स्तर पर टोकनी बनाकर किसी तरह अपनी आजीविका चलाती थीं। सीमित आय के कारण परिवार की जरूरतें पूरी करना मुश्किल होता था।

बिहान मिशन से जुड़ने के बाद समूह को 15 हजार रुपये की रिवॉल्विंग फंड (आरएफ) राशि 60 हजार रुपये की सामुदायिक निवेश निधि (सीआईएफ) तथा बैंक लिंकेज के माध्यम से 3 लाख रुपये का ऋण प्राप्त हुआ। इसके साथ ही महिलाओं को टोकनी निर्माण का प्रशिक्षण दिया गया, जिससे उनके उत्पादों की गुणवत्ता और डिजाइन में भी सुधार हुआ। प्रशिक्षण के बाद समूह की महिलाओं ने सेवई घास और छींद कांसा से आकर्षक और टिकाऊ टोकनी बनाना शुरू किया। इनके उत्पादों की स्थानीय बाजार में अच्छी मांग है, जिससे समूह की आय में लगातार वृद्धि हो रही है। समूह की महिलाएं बताती हैं कि बिहान से जुड़ने के बाद उन्हें केवल आर्थिक सहयोग ही नहीं मिला, बल्कि आत्मविश्वास भी बढ़ा है।

आज वे नियमित रूप से टोकनी बनाकर बाजार में बेच रही हैं और अपने परिवार की आर्थिक स्थिति मजबूत कर रही हैं। उनकी मेहनत और लगन ने उन्हें लखपति दीदी बनने की दिशा में आगे बढ़ा दिया है।

### जिले में अवैध शराब निर्माण व बिक्री पर रोक लगाने के लिए

# ग्राम बिलासपुर व किरीतमाल में पुलिस व आबकारी विभाग ने की संयुक्त कार्रवाई

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**रायगढ़, 17 मार्च।** जिले में अवैध मदिरा के निर्माण और बिक्री पर रोक लगाने के लिए प्रशासन लगातार सख्त कार्रवाई कर रहा है। इसी क?ी में पुलिस और आबकारी विभाग की संयुक्त टीम ने भूपदेवपुर थाना क्षेत्र के ग्राम.बिलासपुर और किरीतमाल में कार्रवाई करते हुए ब?ी मात्रा में अवैध महुआ शराब और महुआ लाहन जब्त किया है। इस दौरान कई आरोपियों के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।



पुलिस उप महानिरीक्षक एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री शशि मोहन सिंह तथा कलेक्टर श्री मयंक चतुर्वेदी के निर्देश पर यह संयुक्त कार्रवाई की गई। पुलिस थाना भूपदेवपुर और आबकारी विभाग की टीम ने दोनों गांवों में दबिश देकर अवैध रूप से बनाई और संग्रहित की जा रही महुआ शराब को जब्त किया। संयुक्त कार्रवाई में कुल 92ण्500 लीटर महुआ शराब और लगभग 200 किलोग्राम महुआ लाहन बरामद किया गया।

सहायक आयुक्त आबकारी ने जानकारी देते हुए बताया कि भूपदेवपुर पुलिस ने तीन अलग.अलग मामलों में आरोपियों के खिलाफ आबकारी अधिनियम की धारा 34;2द्ध के तहत प्रकरण दर्ज किए हैं। पुलिस ने ग्राम किरीतमाल निवासी श्रवण कुमार लहरे 43 वर्ष से 7 लीटर महुआ शराब जब्त कर प्रकरण क्रमांक 42.2026 दर्ज किया है। इसी तरह मालती बाई डनसेना निवासी किरीतमाल से भी 7 लीटर महुआ शराब बरामद कर प्रकरण क्रमांक 43/2026 कायम किया गया। वहीं ग्राम बिलासपुर निवासी संतोषी चौहान 38 वर्ष के पास से भी 7 लीटर महुआ शराब जब्त कर प्रकरण क्रमांक 44/2026 के तहत मामला दर्ज किया गया है।

आबकारी विभाग की टीम ने भी क्षेत्र में अलग.अलग स्थानों पर कार्रवाई करते हुए कई मामलों में प्रकरण कायम किए हैं। ग्राम.बिलासपुर निवासी मुनु चौहान 30 वर्ष के पास से 6ण्500 लीटर महुआ शराब जब्त कर आबकारी अधिनियम की धारा 34.2 के तहत वृत्त खरसिया में प्रकरण क्रमांक 111.2026 दर्ज किया गया। इसी प्रकार किरीतमाल निवासी रमेश लहरे 22 वर्ष से 3 लीटर तथा मोंगरा बाई लहरे 70 वर्ष से 2 लीटर महुआ शराब जब्त कर धारा 34.1 क के तहत क्रमशः प्रकरण क्रमांक 109.2026 और 110/2026 कायम किए गए। इसके अलावा ग्राम किरीतमाल में कार्रवाई के दौरान 60 लीटर महुआ शराब और लगभग 200 किलोग्राम महुआ लाहन भी बरामद किया गया। इस मामले में आबकारी वृत्त रायगढ़ शहर द्वारा प्रकरण क्रमांक 136/2026 दर्ज कर मामले को विवेचना में लिया गया है। सहायक आयुक्त आबकारी ने कहा कि जिले में अवैध शराब के निर्माणए भंडारण और बिक्री के खिलाफआगे भी लगातार अभियान चलाया जाएगा और दोषियों के खिलाफसख्त कार्रवाई की जाएगी।

# जनदर्शन में नल-जल योजना के अधूरे कार्य और बैंक संबंधी शिकायत पर कलेक्टर ने जांच के दिए निर्देश

**रायगढ़, 17 मार्च।** जिला कलेक्टोरेट में आज आयोजित जनदर्शन में कलेक्टर श्री मयंक चतुर्वेदी ने जिले के विभिन्न क्षेत्रों से पहुंचे आमजनों की समस्याओं, मांगों और शिकायतों को गंभीरतापूर्वक सुना। इस दौरान उन्होंने संबंधित विभागों के अधिकारियों को प्राप्त आवेदनों का नियमानुसार और समयबद्ध निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि आमजन बड़ी उम्मीद के साथ अपनी समस्याओं के समाधान के लिए जिला कलेक्टोरेट पहुंचते हैं। जनदर्शन में प्राप्त आवेदनों का समाधान संबंधित अधिकारी संवेदनशीलता और जिम्मेदारी के साथ तय समय-सीमा में सुनिश्चित करें।



जनदर्शन के दौरान ग्राम सिंहा के ग्रामीणों ने स्कूल और आंगनबाड़ी भवन के आहता को तोड़कर ग्राम के ही दो व्यक्तियों द्वारा अवैध कब्जा करने की शिकायत की। मामले को गंभीरता से लेते हुए कलेक्टर ने संबंधित तहसीलदार को जांच कर आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए। बांजीनपाली की संतोषी कटकवार ने जननी सुरक्षा एवं मातृ वंदना योजना का लाभ दिलाने के लिए आवेदन प्रस्तुत किया। वहीं सराईभद्दर की सुन्दरमति सारथी ने विधवा पेंशन दिलाने की मांग की। ग्राम नवापारा के टीकाराम बघेल ने किसान सम्मान निधि की राशि दिलाने के लिए आवेदन दिया। ग्राम पंचायत पुरेना के ग्रामीणों ने बताया कि नल-जल योजना के अंतर्गत ग्राम में चल रहे कार्य को संबंधित ठेकेदार द्वारा अधूरा छोड़ दिया गया है। इस पर कलेक्टर ने लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के अधिकारियों को मौके की जांच कर आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

ग्राम अमलीढ़ोढा के देवव्रत गुप्ता ने अपेक्स बैंक में जमा राशि को बैंक कर्मियों द्वारा किसी अन्य व्यक्ति के नाम स्थानांतरित किए जाने की शिकायत की। कलेक्टर ने इस मामले में संबंधित एसडीएम को सात दिवस के भीतर जांच कर प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। ग्राम कमरगा के तुलसीराम गुप्ता ने बताया कि वे लिबरा मंडी में 300 क्विंटल धान लेकर गए थे, जिसमें से 280 क्विंटल धान की खरीदी हुई, लेकिन शेष धान समिति प्रबंधक द्वारा वापस नहीं किया गया। कलेक्टर ने इस मामले में भी संबंधित अधिकारी को जांच कर आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। जनदर्शन में अन्य आवेदकों ने भी अपनी समस्याओं से संबंधित आवेदन प्रस्तुत किए। कलेक्टर ने सभी मामलों में नियमानुसार कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

# सर्वाइकल कैंसर से बचाव के लिए एचपीवी टीका लगाने का अभियान शुरू

**रायगढ़, 17 मार्च।** जिले में बालिकाओं को सर्वाइकल कैंसर जैसी गंभीर बीमारी से सुरक्षित रखने के उद्देश्य से राष्ट्रीय एचपीवी टीकाकरण अभियान का शुभारंभ जिला चिकित्सालय रायगढ़ से किया गया। अभियान के तहत जिला चिकित्सालय में प्रातः 9 बजे से दोपहर 1 बजे तक ओपीडी समय में 14 से 15 वर्ष आयु वर्ग की छात्राओं को ह्यूमन पैपिलोमा वायरस (एचपीवी) से बचाव के लिए निःशुल्क वैक्सीन लगाई जा रही है। इस अभियान के माध्यम से जिले के लगभग 12 हजार छात्राओं को सर्वाइकल कैंसर से बचाव के लिए टीकाकरण किया जाएगा।

जिला स्तरीय कार्यक्रम के शुभारंभ में नगर निगम महापौर श्री जीवर्धन चौहान ने कहा कि एचपीवी टीकाकरण अभियान बालिकाओं को भविष्य में सर्वाइकल कैंसर जैसी गंभीर बीमारी से बचाने की दिशा में अत्यंत महत्वपूर्ण पहल है। उन्होंने अभिभावकों से अपील की कि वे अपनी बेटियों को इस टीकाकरण से अवश्य लाभान्वित कराएं। नगर निगम सभापति श्री डिग्री लाल साहू ने कहा कि स्वास्थ्य विभाग द्वारा चलाया जा रहा यह अभियान बालिकाओं के स्वास्थ्य संरक्षण के साथ-साथ समाज में जागरूकता बढ़ाने की दिशा में भी महत्वपूर्ण है। यह टीकाकरण कार्य मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी के मार्गदर्शन में प्रशिक्षित स्वास्थ्य कर्मियों द्वारा किया जा रहा है। जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. भानु पटेल ने बताया कि महिलाओं में होने वाले सर्वाइकल कैंसर के लगभग 99 प्रतिशत मामलों का कारण ह्यूमन पैपिलोमा वायरस होता है।

# उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम अंतर्गत जिले के 18,303 शिक्षार्थी होंगे शामिल, महापरीक्षा अभियान 22 मार्च को

**रायगढ़, 17 मार्च।** जिले में 15 वर्ष एवं उससे अधिक आयु वर्ग के असाक्षरों को साक्षर बनाने के उद्देश्य से केंद्र सरकार की योजना ÷उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम÷ का प्रभावी क्रियान्वयन किया जा रहा है। यह कार्यक्रम कलेक्टर एवं अध्यक्ष जिला साक्षरता मिशन प्राधिकरण रायगढ़ के मार्गदर्शन तथा मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत एवं उपाध्यक्ष के नेतृत्व में संचालित हो रहा है।

कार्यक्रम के अंतर्गत शिक्षार्थियों को 200 घंटे का अध्यापन पूर्ण कराने के बाद उनका आकलन किया जाता है। इसी कड़ी में राष्ट्रीय मुक्त विद्यालयी शिक्षा संस्थान (एनआईओएस) द्वारा 22 मार्च 2026 को प्रातः 10 बजे से शाम 5 बजे तक महापरीक्षा आयोजित की जाएगी। इस परीक्षा में जिले के 18,303 शिक्षार्थी शामिल होंगे। शिक्षार्थी अपनी सुविधा के अनुसार निर्धारित परीक्षा केंद्र में उपस्थित होकर मूल्यांकन परीक्षा दे सकेंगे, जिसके लिए प्रत्येक शिक्षार्थी को 3 घंटे का समय प्रदान किया जाएगा। इस परीक्षा में वे शिक्षार्थी भी शामिल होंगे, जिन्होंने पहले पढ़ना-लिखना अभियान या उल्लास कार्यक्रम की महापरीक्षा में भाग लिया था, लेकिन किसी कारणवश उन्हें राष्ट्रीय मुक्त विद्यालयी शिक्षा संस्थान, नई दिल्ली से प्रमाण-पत्र प्राप्त नहीं हो पाया। इसके अलावा ऐसे नवसाक्षर, जो लंबे अंतराल के कारण पढ़ना-लिखना भूल गए हैं, उन्हें भी इस आकलन परीक्षा में सम्मिलित होने का अवसर दिया जाएगा। उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम की विशेषता यह है कि यह पूरी तरह स्वयंसेविता और कर्तव्यबोध पर आधारित है। इसमें कक्षा 9वीं से 12वीं तक के विद्यार्थियों को भी सक्रिय रूप से जोड़ा गया है। शासन के प्रावधान के अनुसार यदि कोई विद्यार्थी 10 असाक्षरों को साक्षर बनाता है।

# जिले में बढ़ाई गई गैस सिलेंडरों की आपूर्ति

**रायगढ़, 17 मार्च।** ऑयल मार्केटिंग कंपनियों द्वारा दो रिफिल बुकिंग के बीच न्यूनतम अंतराल तय किया गया है। इसके अनुसार नगरीय क्षेत्रों में 25 दिन तथा ग्रामीण क्षेत्रों में 45 दिन का अंतराल रखा गया है। उपभोक्ताओं को अपने क्षेत्र के अनुसार निर्धारित अवधि पूर्ण होने के बाद ही रिफिल गैस सिलेंडर की बुकिंग करनी चाहिए। बुकिंग के बाद पंजीकृत मोबाइल नंबर पर प्राप्त डीएसी या ओटीपी नंबर के आधार पर संबंधित गैस एजेंसी से सिलेंडर प्राप्त किया जा सकता है या होम डिलीवरी के माध्यम से घर तक उपलब्ध कराया जाता है।जिले में पहले प्रतिदिन लगभग 3600 घरेलू गैस सिलेंडरों की आपूर्ति की जाती थी, जिसे बढ़ाकर अब 3800 सिलेंडर प्रतिदिन कर दिया गया है। गैस एजेंसियों में कंपनियों द्वारा लगातार पर्याप्त मात्रा में सिलेंडर उपलब्ध कराए जा रहे हैं। उपभोक्ताओं से कहा गया है कि अफवाहों या दुष्प्रचार से प्रभावित होकर बार-बार ऑनलाइन बुकिंग न करें और आवश्यकता के अनुसार ही सिलेंडर बुक कराएं।

### व्यवसायिक गैस उपभोक्ताओं के लिए निर्देश

वर्तमान परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए ऑयल कंपनियों और शासन के निर्णय अनुसार व्यवसायिक एलपीजी सिलेंडरों की आपूर्ति अत्यावश्यक सेवाओं जैसे अस्पताल, शैक्षणिक संस्थानों को प्राथमिकता के आधार पर दी जाएगी। साथ ही व्यवसायिक प्रतिष्ठानों में विस्फोटक लाइसेंस के अभाव में अधिकतम 100 किलोग्राम तक ही एलपीजी भंडारण का प्रावधान है। होटल, रेस्टोरेंट, अन्य प्रतिष्ठानों तथा विवाह समारोह के आयोजकों से अपील की गई है कि गैस की खपत कम करने के लिए भोजन के मेन्यू को सीमित रखें तथा तंदूर के उपयोग के साथ वैकल्पिक ऊर्जा स्रोत जैसे डीजल स्टोव, इलेक्ट्रिक इंडक्शन, लकड़ी या गोबर के कंडे (सीमित मात्रा में) का उपयोग करें।

### अवैध भंडारण रोकने के लिए दल गठित

जिले में घरेलू गैस सिलेंडरों के अवैध संग्रहण और दुरुपयोग की रोकथाम के लिए विकासखंडवार राजस्व और खाद्य विभाग के अधिकारियों की संयुक्त टीमें गठित की गई हैं। इन टीमों द्वारा लगातार निरीक्षण और छापेमारी की कार्रवाई की जा रही है, जिससे अनियमितताओं और कालाबाजारी पर नियंत्रण रखा जा सके।

### शिकायत के लिए कंट्रोल रूम स्थापित

उपभोक्ताओं की सुविधा के लिए जिला स्तर पर कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है। घरेलू गैस सिलेंडर से संबंधित किसी भी समस्या, शिकायत या सुझाव के लिए टोल फ्री नंबर 07762-319962 पर संपर्क किया जा सकता है। कलेक्टर श्री मयंक चतुर्वेदी ने सभी उपभोक्ताओं से अपील की है कि वे अफवाहों से दूर रहें, निर्धारित नियमों का पालन करते हुए गैस की बुकिंग करें और गैस का जिम्मेदारीपूर्वक उपयोग करें।

# पुलिस ने कवर्धा में एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर डोडा जब्त किया

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**दुर्ग,17 मार्च।** दुर्ग जिले के जेवरा-सिरसा में अवैध अफीम की खेती और उससे जुड़े तस्करी नेटवर्क का लगातार खुलासा हो रहा है बेमेतरा के बाद अब दुर्ग पुलिस ने कबीरधाम में एक ढाबा में दबिश देकर राजस्थान के एक व्यक्ति को पकड़कर उसके पास से अफीम (डोडा) चूरी बिक्री से प्राप्त 42 हजार रुपए नगद बरामद किया है पुलिस ने अवैध अफीम खेती प्रकरण में अब तक 7 आरोपियों को गिरफ्तार कर चुकी है पुलिस जांच-पड़ताल कर रही है कि अवैध अफीम और कहां-कहां तक सप्लाई हुई है पुलिस प्रवक्ता मणिशंकर चन्द्रा ने बताया कि प्रकरण में पूर्व में विकास बिश्नोई, विनायक ताम्रकार, मनीष उर्फ गोलू ठाकुर एवं छोटू राम को गिरफ्तार किया जा चुका है इसके पश्चात 15 मार्च को पुलिस ने छापा मारकर में



रणछोड़ राम उर्फ रणजीत एवं सुनील देवासी को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से अफीम डोडा (चुक्की) एवं नगदी राशि बरामद की गई थी विवेचना के दौरान पुलिस रिमांड में लिए गए आरोपी विकास बिश्नोई के मेमोरेंडम कथन में यह तथ्य सामने आया कि राजस्थानी भोजनालय ढाबा, बंजारी माता मंदिर के पास, चिल्फी रोड ग्राम पालक, जिला कबीरधाम में संचालित ढाबा में आरोपी मदरूपा राम विश्नोई द्वारा अवैध रूप से अफीम डोडा चूरी की बिक्री की जाती है। प्राप्त सूचना एवं मेमोरेंडम के आधार पर आज पुलिस टीम ने दबिश देकर आरोपी के ढाबा के काउंटर से अफीम डोडा चूरी की बिक्री से प्राप्त नगदी 42 हजार एवं एक मोबाइल जब्त किया है जांच के दौरान आरोपी मदरूपा राम विश्नोई (45 साल) निवासी कृष्णा नगर, गोदारो की ताणी, खायड़ा खुर्द, थाना ओसियां, जिला जोधपुर (राजस्थान) के विरुद्ध अपराध में संलिप्तता के पर्याप्त साक्ष्य पाए जाने पर उसे गिरफ्तार किया गया तथा निकटतम थाना बोड़ला जिला कबीरधाम को भी विधिवत सूचित किया गया। प्रकरण में अन्य संभावित आरोपियों एवं मादक पदार्थ तस्करी के नेटवर्क के संबंध में विस्तृत विवेचना जारी है। जिले के ढाबों पर पर है पुलिस की नजर क्राइम डीएसपी यदुमणि सिदार ने बताया कि आरोपी विकास बिश्नोई से पुलिस की पूछताछ में यह बात सामने आई कि समोदा से निकाले गए अफीम को ढाबा चलाने वाले और एमपी के लोगों तक अफीम पहुंचाने का प्लान तैयार किया गया था और इस पर अमल की तैयारी भी थी। चेकिंग में बेमेतरा ढाबा व कबीरधाम ढाबा में दबिश देकर तीन लोगों को पुलिस पकड़ चुकी है जो सभी राजस्थान के रहने वाले हैं आने वाले दिनों में पुलिस और भी ढाबों में छापामार कर कार्रवाई करेगी इस से और भी बड़ा खुलासा हो सकता है।

# विमला साहू की आत्मनिर्भर बनने की इच्छा पूरी हुई

**धमतरी, 17 मार्च ।** धमतरी विकासखंड के ग्राम देवपुर की श्रीमती विमला साहू की कहानी आज ग्रामीण महिलाओं के लिए प्रेरणा का स्रोत बन गई है। एक समय ऐसा था जब उनका जीवन पूरी तरह से घरेलू जिम्मेदारियों तक ही सीमित था। वे एक गृहिणी के रूप में परिवार की देखभाल करती थीं और आर्थिक आवश्यकताओं के लिए अपने पति पर निर्भर थीं। घरेलू कार्यों में व्यस्त रहने के कारण उन्हें किसी प्रकार की आय प्राप्त नहीं होती थी, जिससे आत्मनिर्भर बनने की उनकी इच्छा अधूरी रह जाती थी।

इसी दौरान छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन 'बिहान' के अंतर्गत संचालित लखपति दीदी पहल उनके जीवन में एक नए अवसर के रूप में सामने आई।  विमला साहू इस योजना से जुड़ीं। योजना के अंतर्गत उन्हें मशरूम उत्पादन जैसे आयवर्धक गतिविधि से जोड़ने के लिए विकासखंड एवं जिला स्तर की टीम द्वारा आवश्यक मार्गदर्शन और प्रशिक्षण प्रदान किया गया। प्रशिक्षण के दौरान उन्हें मशरूम उत्पादन की आधुनिक तकनीक, प्रबंधन, विपणन तथा समूह के साथ समन्वय से कार्य करने की जानकारी दी गई।प्रशिक्षण प्राप्त करने के बाद विमला साहू ने आत्मविश्वास के साथ मशरूम



उत्पादन की शुरुआत की। उन्होंने पहली बार 200 बैग ऑयस्टर मशरूम तैयार किए। शुरुआत में ही उन्हें अच्छा उत्पादन प्राप्त हुआ, जिससे उनकी आय में वृद्धि होने लगी। धीरे-धीरे यह गतिविधि उनके लिए आजीविका का सशक्त माध्यम बन गई। आज वे न केवल अपने परिवार की आर्थिक स्थिति मजबूत करने में योगदान दे रही हैं, बल्कि अन्य महिलाओं को भी इस कार्य के लिए प्रेरित कर रही हैं। विमला साहू की सफलता का एक महत्वपूर्ण पहलू उनका टीमवर्क और सहयोग की भावना है। वे हमेशा इस बात पर जोर देती हैं कि सामूहिक प्रयास से ही बड़े लक्ष्य हासिल किए जा सकते हैं। उनका मानना है कि ÷आप अकेले एक हाथ से ताली नहीं बजा सकते÷, इसलिए समूह के साथ मिलकर कार्य करना सफलता की कुंजी है। स्वयं सहायता समूह की अन्य दीदियों के साथ समन्वय और सहयोग ने उनके प्रयासों को और अधिक प्रभावी बनाया।विमला साहू की पहचान एक सफल महिला उद्यमी के रूप में हो रही है। लखपति दीदी पहल ने उन्हें आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के साथ-साथ आत्मविश्वास और समाज में नई पहचान भी दी है। उनकी यह सफलता कहानी यह दर्शाती है कि यदि महिलाओं को उचित प्रशिक्षण, मार्गदर्शन और अवसर मिले, तो वे न केवल आत्मनिर्भर बन सकती हैं बल्कि अपने परिवार और समाज के विकास में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती हैं।

# घरेलू एलपीजी की उपलब्धता को लेकर कलेक्टर ने बैठक में एजेंसियों को दिए निर्देश

**मोहला 17 मार्च** । जिले में घरेलू एलपीजी गैस की उपलब्धता एवं आपूर्ति व्यवस्था की समीक्षा हेतु कलेक्टर श्रीमती तुलिका प्रजापति की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में गैस एजेंसी संचालकों एवं पेट्रोल पंप संचालकों की समीक्षा बैठक ली।  बैठक में घरेलू गैस सिलेंडर की उपलब्धता, आपूर्ति व्यवस्था तथा उपभोक्ताओं को समय पर गैस उपलब्ध कराने के संबंध में विस्तृत चर्चा की गई।

कलेक्टर श्रीमती प्रजापति ने निर्देशित किया कि जिले के सभी शासकीय संस्थानों जैसे शासकीय विश्राम गृह, शासकीय छात्रावास तथा पुलिस मेस में गैस सिलेंडरों की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि उपभोक्ताओं को नियमित रूप से गैस सिलेंडर उपलब्ध कराए जाएं। वर्तमान में उपभोक्ताओं को शहरी क्षेत्र मे 25 दिन एवं ग्रामीण क्षेत्र मे 45 दिन के अंतराल




में दूसरा सिलेंडर उपलब्ध होगा, इसकी स्पष्ट जानकारी सभी गैस एजेंसियों में सूचना पट्ट पर चस्पा की जाए, ताकि उपभोक्ताओं को असुविधा न हो।

उन्होंने सख्त निर्देश देते हुए कहा कि किसी भी स्थिति में गैस सिलेंडरों का अनावश्यक भंडारण न किया जाए। साथ ही घरेलू एलपीजी गैस सिलेंडरों का व्यावसायिक उपयोग अथवा अन्य किसी प्रकार के दुरुपयोग के लिए सिलेंडर प्रदान न किया जाए, अन्यथा संबंधित एजेंसी के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी। कलेक्टर श्रीमती प्रजापति ने यह भी निर्देश दिया कि सभी गैस एजेंसियां प्रतिदिन गैस सिलेंडरों के स्टॉक की जानकारी गूगल शीट में अनिवार्य रूप से दर्ज करें।

बैठक में पेट्रोल पंप संचालकों को भी आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। कलेक्टर ने कहा कि पेट्रोल पंपों में पेट्रोल और डीजल की आपूर्ति सामान्य बनाए रखी जाए तथा उपभोक्ताओं को केवल वाहनों में ही पेट्रोल-डीजल उपलब्ध कराया जाए। किसी भी स्थिति में बोतल, कंटेनर या ड्रम में पेट्रोल-डीजल देने की अनुमति नहीं होगी। उन्होंने यह भी कहा कि डेड स्टॉक को छोड़कर पेट्रोल-डीजल का अनावश्यक भंडारण न किया जाए। सभी पेट्रोल पंप संचालक प्रतिदिन पेट्रोल और डीजल के स्टॉक की जानकारी गूगल शीट में दर्ज करना सुनिश्चित करें।

### कुक्कुट पालन से बदली पुष्पा बाई की जिंदगी डीएमएफ मद से मिली 5.50 लाख की सहायता

**मोहला, 17 मार्च ।** कभी केवल गृहिणी के रूप में घर की जिम्मेदारियां संभालने वाली ग्राम कुंजामटोला की श्रीमती पुष्पा बाई आज कुक्कुट पालन के माध्यम से आत्मनिर्भरता के साथ एक सफल उद्यमी के रूप में नई पहचान बना रही हैं। गणपति स्व-सहायता समूह से जुड़ी पुष्पा बाई को जिला प्रशासन द्वारा डीएमएफ मद से आजीविका संवर्धन के लिए 5 लाख 50 हजार रुपये की सहायता प्रदान की गई, जिससे कुक्कुट पालन के लिए शेड का निर्माण हुआ और उन्होंने पोल्ट्री व्यवसाय शुरू कर अपने परिवार की आर्थिक स्थिति को मजबूत बनाया है। ग्रामीण क्षेत्रों में महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने और उन्हें स्वरोजगार से जोड़ने के उद्देश्य से जिला प्रशासन द्वारा विभिन्न योजनाओं के माध्यम से लगातार प्रोत्साहन दिया जा रहा है। इसी क्रम में श्रीमती पुष्पा बाई को यह सहायता प्रदान की गई, ताकि वे कुक्कुट पालन के जरिए अपनी आय बढ़ा सकें और परिवार की आर्थिक स्थिति को मजबूत बना सकें। शेड निर्माण के बाद कुक्कुट पालन का कार्य शुरू होने से उन्हें नियमित आय का एक स्थायी स्रोत मिलने लगा है। स्व-सहायता समूह से जुड़कर श्रीमती पुष्पा बाई पहले से ही समूह की गतिविधियों में सक्रिय रही हैं।

एक नज़र

### मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने जगन्नाथ मंदिर में की पूजा-अर्चना



**रायपुर 17 मार्च।** मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय आज राजधानी रायपुर स्थित जगन्नाथ मंदिर पहुँचकर भगवान जगन्नाथ महाप्रभु की भव्य महाआरती में शामिल हुए और विधिवत पूजा-अर्चना कर प्रदेशवासियों के जीवन में सुख, समृद्धि, शांति और निरंतर प्रगति की मंगलकामना की। इस अवसर पर विधायक श्री पुरंदर मिश्रा सहित अन्य स्थानीय जनप्रतिनिधि और श्रद्धालुजन उपस्थित थे।

### श्रम निरीक्षक लक्ष्मण सिंह मरकाम निलंबित

**रायपुर, 17 मार्च।** मुख्यमंत्री निर्माण श्रमिक मृत्यु एवं दिव्यांग सहायता योजना से जुड़े प्रकरण में प्रथम दृष्टया अनियमितता पाए जाने पर जिला जांजगीर-चांपा के श्रम निरीक्षक श्री लक्ष्मण सिंह मरकाम को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार जिला पंचायत उपाध्यक्ष, जिला जांजगीर-चांपा द्वारा 02 मार्च 2026 को कलेक्टर को शिकायत भेजी गई थी। इस संबंध में विधानसभा सदस्य श्री बालेश्वर साहू द्वारा विधानसभा में ध्यानाकर्षण के जरिए मुद्दा उठाया गया। इसके बाद कलेक्टर जांजगीर-चांपा द्वारा कराई गई प्राथमिक जांच में निर्माण श्रमिक के पंजीयन में प्रथम दृष्टया अनियमितता परिलक्षित हुई। जांच में पंजीयन आवेदन स्वीकृत करने वाले क्षेत्रीय श्रम निरीक्षक श्री लक्ष्मण सिंह मरकाम, कार्यालय श्रम पदाधिकारी जिला जांजगीर- चांपा की भूमिका संदिग्ध पाए जाने पर उन्हें तत्काल प्रभाव से निलंबित करते हुए विभागीय जांच संस्थित की गई है। निलंबित श्रम निरीक्षक श्री मरकाम के निलंबन अवधि के दौरान मुख्यालय कार्यालय सहायक श्रमायुक्त, जिला बिलासपुर निर्धारित किया गया है। साथ ही उन्हें निलंबन अवधि में नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ता देय होगा। यह आदेश श्रमायुक्त के अनुमोदन से अपर श्रमायुक्त (स्थापना), कार्यालय श्रमायुक्त, छत्तीसगढ़, नवा रायपुर, अटल नगर द्वारा आज सोमवार को जारी किया गया है।

### प्रशिक्षु आईएफएस अधिकारियों ने लघु वनोपजों से उत्पाद बनाने की प्रक्रिया देखी

**रायपुर, 17 मार्च।** छत्तीसगढ़ के जंगलों में भारतीय वन सेवा के वर्ष 2025-26 बैच के 133 प्रशिक्षु अधिकारियों ने मृदा संरक्षण, जल संरक्षण, वन प्रबंधन तथा लघु वनोपज के उत्पादन, प्रसंस्करण से जुड़ी तकनीकों का प्रशिक्षण प्राप्त किया। यह चार दिवसीय विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। वन मंत्री श्री केदार कश्यप के मार्गदर्शन, प्रधान मुख्य वन संरक्षक एवं वन बल प्रमुख श्री व्ही. श्रीनिवास राव के सहयोग तथा प्रधान मुख्य वन संरक्षक (वन्यप्राणी) श्री अरुण कुमार पाण्डेय के नेतृत्व में आयोजित इस प्रशिक्षण में अधिकारियों को छत्तीसगढ़ की वन प्रबंधन प्रणाली और जल संरक्षण कार्यों का व्यावहारिक अध्ययन कराया गया। इंदिरा गांधी राष्ट्रीय वन अकादमी, देहरादून से आए प्रशिक्षु अधिकारियों ने 8 से 15 मार्च 2026 तक धमतरी वनमंडल के विभिन्न क्षेत्रों में फील्ड प्रशिक्षण प्राप्त किया। इस दौरान उन्होंने पम्पारनाला, कांसानाला और साजापानी नाला जैसे क्षेत्रों में मृदा एवं जल संरक्षण तथा वाटरशेड प्रबंधन से जुड़े कार्यों का अध्ययन किया। प्रशिक्षण के अंतिम चरण में अधिकारियों को वैज्ञानिक पद्धति से वृक्षों के सीमांकन, मार्किंग और कटाई की तकनीकी प्रक्रिया से अवगत कराया गया। साथ ही यह भी बताया गया कि किस प्रकार इमारती लकड़ी तैयार कर ई-ऑक्शन के माध्यम से शासन को अधिकतम राजस्व प्राप्त किया जा सकता है। मैदानी प्रशिक्षण के दौरान प्रशिक्षु अधिकारियों ने दुगली स्थित वन धन विकास केंद्र का भी अवलोकन किया। यहां उन्होंने हर्रा, बहेड़ा और अश्वगंधा जैसे लघु वनोपजों से उत्पाद बनाने की प्रक्रिया देखी। अधिकारियों को यह भी बताया गया कि स्थानीय महिला स्व-सहायता समूह किस प्रकार जड़ी-बूटियों का सतत उपयोग कर आजीविका के अवसर बढ़ा रहे हैं और वनों के संरक्षण में योगदान दे रहे हैं। धमतरी वनमंडल के डीएफओ श्री जाधव श्रीकृष्ण ने प्रशिक्षु अधिकारियों को वन प्रबंधन, प्रशासनिक कार्यों तथा लघु वनोपज प्रसंस्करण से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार के लिए प्रतिबद्ध है हमारी सरकार: मुख्यमंत्री

**रायपुर 17 मार्च।** मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय से राजधानी रायपुर स्थित मुख्यमंत्री निवास कार्यालय में चिकित्सक संगठन एवं मेडिकल छात्राओं ने सौजन्य मुलाकात की और प्रदेश को डीएम कार्डियोलॉजिस्ट की 2 सीट मिलने पर उनका आभार व्यक्त किया।

मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने कहा कि हमारी सरकार प्रदेश में स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में हमारी सरकार लगातार प्राथमिकता के साथ बेहतर कार्य कर रही है, ताकि प्रदेशवासियों को सहज और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ मिल सके।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि प्रदेश में स्वास्थ्य केंद्रों में बुनियादी सुविधाओं के साथ-साथ उच्चस्तरीय स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए भी निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि एक समय प्रदेश में केवल एक मेडिकल कॉलेज हुआ करता था, जिसमें लगभग 100 से 150 सीटें थीं। आज प्रदेश के विभिन्न स्थानों पर 14 मेडिकल कॉलेज स्थापित हो चुके हैं, जिनमें लगभग 1400 सीटें उपलब्ध हैं। इसके साथ ही फिजियोथेरेपी, नर्सिंग सहित अन्य उच्च शैक्षणिक संस्थान भी स्थापित हुए हैं, जिनका लाभ प्रदेश के विद्यार्थियों को मिल रहा है। उन्होंने कहा कि नवा रायपुर में मेडिको सिटी की स्थापना की जा रही है, जहां बड़े-बड़े सुपरस्पेशलिटी अस्पताल स्थापित किए जाएंगे, जिससे प्रदेश के लोगों को अत्याधुनिक चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध होंगी। मुख्यमंत्री श्री साय ने छत्तीसगढ़ को डीएम कार्डियोलॉजिस्ट की 2 सीट प्रदान किए जाने पर केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री श्री जगत प्रकाश नड्डा के प्रति भी आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर श्री तुलसी कौशिक, डॉ. देवेंद्र कश्यप सहित जूडो और मेडिकल कॉलेज के छात्र-छात्राएं बड़ी संख्या में उपस्थित थे।



**मंत्री केदार कश्यप के विभागों के लिए 3 हजार 622 करोड़ रुपए से अधिक की अनुदान मांगें पारित**

# पर्यावरण संरक्षण, जैव संवर्धन तथा वनवासियों की आजीविका को मजबूत करने सरकार प्रतिबद्धः कश्यप

**रायपुर,17 मार्च।** वन एवं जलवायु परिवर्तन, सहकारिता, परिवहन तथा संसदीय कार्य मंत्री श्री केदार कश्यप के विभागों से संबंधित 3 हजार 622 करोड़ 86 लाख 35 हजार रूपए की अनुदान मांगे विधानसभा में पारित की गई। इसमें वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग लिए 2 हजार 867 करोड़ 30 लाख रूपए, सहकारिता विभाग के लिए 389 करोड़ 40 लाख 85 हजार रूपए, परिवहन विभाग के लिए 243 करोड़ 50 लाख 50 हजार रूपए और राज्य विधानमंडल के लिए 122 करोड़ 65 लाख रूपए शामिल हैं।

मंत्री श्री कश्यप ने अनुदान मांगों की चर्चा के जवाब में कहा कि हमारी सरकार पर्यावरण संरक्षण, जैव विविधता संवर्धन तथा वनवासियों की आजीविका को मजबूत करने पर विशेष जोर दे रही है। राज्य में बड़े पैमाने पर वृक्षारोपण के लिए आगामी वर्षा ऋतु में लगभग 3.50 करोड़ पौधे रोपने और वितरित करने का लक्ष्य रखा गया है। इसके साथ ही बिगड़े बांस वनों के पुनरोद्धार के लिए 80 करोड़ रुपये और बिगड़े वनों के सुधार के लिए 310 करोड़ रुपये का प्रावधान बजट में किया गया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के विकसित भारत के लक्ष्य को साकार करने के लिए मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने छत्तीसगढ़ अंजोर विजन 2047 की परिकल्पना की है, जिसका उद्देश्य प्रदेश को पूर्ण विकसित एवं समृद्ध राज्य बनाना है।

इसी तरह नदी तटों पर भू-क्षरण रोकने के लिए 7 करोड़ रुपये तथा भू-जल संरक्षण योजना के लिए 120 करोड़ रुपये का बजट प्रस्तावित है। इसके अलावा राष्ट्रीय और राज्य मार्गों के किनारे वृक्षारोपण के लिए भी 15 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। उन्होंने सदन में कहा कि वन्यजीव संरक्षण के लिए हमारी सरकार प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। इसके लिए 320.58 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है, जबकि बाघ संरक्षण के लिए 'प्रोजेक्ट टाइगर' योजना के तहत 23.50 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे।

मंत्री श्री कश्यप ने बताया कि दूरस्थ अंचलों में निवासरत वनवासियों को बारहमासी आवागमन सुविधा उपलब्ध कराने के लिए वन मार्गों में रपटा पुल-पुलिया का निर्माण किया जा रहा है। इस योजनांतर्गत इस वर्ष 5 करोड़ रूपए का बजट प्रावधान किया गया है। साथ ही सड़कें तथा मकान निर्माण के लिए 11 करोड़ रूपए का बजट प्रास्तावित है। इसी तरह काष्ठ एवं बांस कूपों के विदोहन के उपरांत प्राकृतिक पुनरोत्पादन को बढ़ावा देने इस योजना के लिए 300 करोड़ रूपए का बजट रखा गया है। वहीं ए.एन.आर. योजनांतर्गत भी 300 करोड़ रूपए का प्रावधान है। इसी तरह वनवासियों को उनके मालिकाना हक की भूमि में ईमारती लकड़ी के विदोहन के लिए 183 करोड़ रूपए का प्रावधान किया गया है। मंत्री श्री कश्यप ने बताया कि वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग को ई-कुबेर योजना हेतु मुख्यमंत्री उत्कृष्टता पुरस्कार प्राप्त हुआ है। इसी तरह कांगेर वैली नेशनल पार्क को यूनेस्को से विश्व विरासत स्थल के रूप में चिन्हांकन हेतु चयनित किया गया है। वहीं वन विभाग में मानव संसाधन में वृद्धि करने के लिए वनरक्षकों 1484 एवं सहायक ग्रेड-3 के 50 पदों पर भर्ती की जा रही है।

मंत्री श्री कश्यप ने बताया कि राज्य सरकार तेंदूपत्ता संग्राहकों के हित में चरणपादुका वितरण योजना को फिर से शुरू किया गया है। इस योजना के लिए वित्तीय वर्ष 2026-27 में 60 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। इसके अलावा तेंदूपत्ता संग्राहक परिवारों की सामाजिक सुरक्षा के लिए राजमोहिनी देवी तेंदूपत्ता सामाजिक सुरक्षा योजना के तहत 50 करोड़ रुपये रखे गए हैं। उन्होंने बताया कि राज्य में लगभग 44.25 प्रतिशत भू-भाग वनाच्छादित है और भारतीय वन सर्वेक्षण की रिपोर्ट के अनुसार वन आवरण के मामले में राज्य देश में तीसरे स्थान पर है।

## मनखे-मनखे एक समान के सिद्धांत पर चल रही हमारी सरकार : मंत्री गुरु खुशवंत साहेब

**रायपुर, 17 मार्च।** अनुसूचित जाति विकास मंत्री गुरु खुशवंत साहेब के विभाग के लिए 12 हजार 970 करोड़ रूपए की अनुदान मांगें विधानसभा में आज पारित कर दी गई है। मंत्री गुरु खुशवंत साहेब ने विधानसभा में वर्ष 2026-27 के लिए अनुसूचित जाति विकास विभाग के अनुदान मांगों पर चर्चा के जवाब में कहा कि हमारी सरकार समाज के अंतिम छोर पर खड़े अनुसूचित जाति वर्गों के सामाजिक, शैक्षणिक और आर्थिक उत्थान के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में हमारी सरकार प्रातः स्मरणीय, विश्ववंदनीय परम् पूज्य बाबा गुरु घासीदास बाबा जी के मनखे-मनखे एक समान के संदेश पर चल रही है। इसी कड़ी में सरकार अनुसूचित जातियों की सांस्कृतिक विरासत का सम्मान करते हुए उनके समग्र विकास के लिए लगातार कार्य कर रही है।

मंत्री श्री साहेब ने बताया कि अनुसूचित जाति कल्याण हेतु 7 करोड़ 15 लाख 39 हजार रुपये तथा अनुसूचित जाति उपयोजना हेतु 565 करोड़ 89 लाख 8 हजार रुपये का प्रावधान किया गया है। इस प्रकार कुल बजट 573 करोड़ 4 लाख 47 हजार रुपये बजट का प्रावधान किया गया है, जो पिछले वर्ष के मुख्य बजट 531 करोड़ 17 लाख 64 हजार रुपये की तुलना में 7.88 प्रतिशत अधिक है। मंत्री श्री गुरू खुशवंत साहेब ने बताया कि राज्य के मुख्य बजट में अनुसूचित जाति उपयोजना के अंतर्गत विभिन्न विभागों के माध्यम से 12,970 करोड़ 2 लाख 45 हजार रुपए का समेकित बजट प्रावधान किया गया है। यह राशि विकास और अधोसंरचना से जुड़ी योजनाओं पर खर्च की जाएगी।

### मरीजों की सेहत से समझौता नहीं': जायसवाल

**रायपुर 17 मार्च।** प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने रविवार को शासकीय सिविल अस्पताल मनेन्द्रगढ़ का औचक निरीक्षण कर अस्पताल की स्वास्थ्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने अस्पताल में भर्ती मरीजों से मुलाकात कर उनका हालचाल जाना तथा उन्हें मिल रही स्वास्थ्य सुविधाओं के बारे में जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान स्वास्थ्य मंत्री ने अस्पताल में उपचार व्यवस्था, दवाइयों की उपलब्धता, साफ-सफाई तथा अन्य व्यवस्थाओं की विस्तार से समीक्षा की।

## कौशल विकास, तकनीकी शिक्षा एवं रोजगार विभाग का वर्ष 2026-27 का बजट पारित

**रायपुर, 17 मार्च।** छत्तीसगढ़ विधानसभा के बजट सत्र फरवरी-मार्च 2026 में कौशल विकास, तकनीकी शिक्षा एवं रोजगार मंत्री श्री गुरु खुशवंत साहेब ने विभागीय बजट प्रस्तुत किया। मंत्री ने कहा कि राज्य के आर्थिक विकास के लिए कृषि, उद्योग, शिक्षा, सेवाएं और प्रौद्योगिकी प्रमुख क्षेत्र हैं। इन क्षेत्रों के विकास के लिए कुशल इंजीनियरों और तकनीकी कौशल से युक्त मानव संसाधन का निर्माण अत्यंत आवश्यक है। राज्य सरकार तकनीकी एवं व्यावसायिक शिक्षा के समुचित विकास के लिए निरंतर प्रयासरत है।

मंत्री श्री गुरु खुशवंत साहेब ने बताया कि प्रदेश के 33 जिलों में वर्तमान में 4 छत्तीसगढ़ इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, 2 शासकीय इंजीनियरिंग महाविद्यालय, 1 सेंट्रल इंस्टीट्यूट ऑफ पेट्रोकेमिकल्स इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी रायपुर, 1 विश्वविद्यालय शिक्षण विभाग (छत्तीसगढ़ स्वामी विवेकानंद तकनीकी विश्वविद्यालय भिलाई) तथा 20 निजी इंजीनियरिंग महाविद्यालय संचालित हैं। वहीं पॉलीटेक्निक क्षेत्र में 3 सीजीआईटी (पॉलीटेक्निक), 35 शासकीय पॉलीटेक्निक, 1 विश्वविद्यालय शिक्षण विभाग तथा 14 निजी पॉलीटेक्निक संस्थान संचालित हैं। इंजीनियरिंग महाविद्यालयों में 11 हजार 528 तथा पॉलीटेक्निक संस्थानों में 8,408 सीटें उपलब्ध हैं। तकनीकी शिक्षा विभाग का बजट वर्ष 2018 में 265.49 करोड़ रुपये था, जो बढ़कर वर्ष 2026-27 में 372.35 करोड़ रुपये हो गया है।

मंत्री श्री गुरु खुशवंत साहेब ने बताया कि राज्य में विश्वस्तरीय तकनीकी मानव संसाधन तैयार करने के उद्देश्य से रायगढ़, जगदलपुर, कबीरधाम, जशपुर, रायपुर, दुर्ग और बिलासपुर में छत्तीसगढ़ इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी की स्थापना के लिए 12.02 करोड़ रुपये तथा मशीन और उपकरणों की खरीद के लिए 98 लाख रुपये का प्रावधान किया गया है। उन्होंने बताया कि सीजीआईटी रायगढ़ में अतिरिक्त कक्ष निर्माण और ऑडिटोरियम जीर्णोद्धार के लिए 2.50 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। नया रायपुर स्थित अंतर्राष्ट्रीय सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान के लिए स्थापना अनुदान के रूप में 15 करोड़ रुपये तथा 18 नए पदों के सृजन के लिए 50 लाख रुपये का प्रावधान किया गया है। श्री गुरु खुशवंत साहेब ने बताया कि छत्तीसगढ़ स्वामी विवेकानंद तकनीकी विश्वविद्यालय भिलाई के अधोसंरचना विकास हेतु 41.90 करोड़ रुपये की परियोजना में से वर्ष 2026-27 में 10 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। इसके अतिरिक्त मशीन एवं उपकरण क्रय के लिए 10 करोड़ रुपये तथा स्थापना अनुदान के लिए 20 करोड़ रुपये निर्धारित किए गए हैं।

## डिजिटल सुशासन और शासकीय खरीद में पारदर्शिता की ओर सशक्त कदम



**रायपुर, 17 मार्च।** राजधानी रायपुर के सिविल लाइन्स स्थित न्यू सर्किट हाउस में सूचना विज्ञान केंद्र (एन.आई.सी.) द्वारा विकसित इलेक्ट्रानिक प्रोक्योरमेंट सिस्टम पर दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का शुभारंभ हुआ। चिप्स एवं एन.आई.सी. के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस कार्यशाला में शासकीय खरीद में पारदर्शिता और दक्षता बढ़ाने के लिए राज्य के समस्त विभागों को नवीन प्रोक्योरमेंट प्रणाली का प्रशिक्षण दिया जाना है। कार्यशाला के प्रथम दिन लोक कल्याण विभाग, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, जल संसाधन विभाग, गृहनिर्माण विभाग,पर्यटन विभाग सहित 50 विभागों के नोडल अधिकारी शामिल हुए, जिन्हें एन.आई.सी. नई दिल्ली से श्रीमती उषा सक्सेना, उप-महासंचालक के नेतृत्व में आये पांच सदस्यी दल द्वारा प्रशिक्षण दिया जाएगा।

कार्यशाला का शुभारम्भ करते हुए चिप्स के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री प्रभात मलिक ने बताया वर्तमान ई-खरीद प्रणाली दस वर्षों से कार्यशील है, वर्तमान प्रोक्योरमेंट प्रणाली से एन.आई.सी. द्वारा विकसित नवीन जेपनिक प्रोक्योरमेंट सिस्टम की ओर माइग्रेशन प्रदेश के लिए एक नई और सशक्त शुरुआत है। श्री मलिक ने इस प्रशिक्षण कार्यशाला में उपस्थित विभिन्न विभागों के अधिकारियों को जेपनिक प्रोक्योरमेंट सिस्टम के माध्यम से डिजिटल सुशासन को सशक्त बनाने हेतु योगदान के लिए प्रोत्साहित किया।

राज्य के विभिन्न विभागों के प्रोक्योरममेंट से सम्बन्धित नोडल अधिकारीयों को नवीन प्रणाली का प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केंद्र, नई दिल्ली की उप-महासंचालक एवं ई-प्रोक्योरमेंट ग्रुप प्रमुख श्रीमती उषा सक्सेना ने अपने उद्बोधन में प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की डिजिटल सुशासन नीति का उल्लेख करते हुए कहा कि टेंडर में सबसे ज़रूरी तत्व पारदर्शिता, दक्षता और समानता हैं, यानि टेंडर प्रक्रिया में सभी के लिए समान अवसर उपलब्ध रहना। एन.आई.सी. का जेपनिक प्रोक्योरमेंट सिस्टम इन सभी ज़रूरी मानकों को पूर्ण करता है। श्रीमती उषा सक्सेना ने बताया कि जेपनिक प्रोक्योरमेंट सिस्टम के माध्यम से प्रतिदिन 5-6 हज़ार निविदाएं हैंडल की जा रही हैं। इस राज्य स्तरीय प्रशिक्षण कार्यशाला के द्वितीय प्रशिक्षण सत्र में ई-खरीद से संबंधित शासकीय नीतियों, बेस्ट प्रैक्टिस, सॉफ्टवेयर फीचर के विषय में विस्तार से बताया जायेगा।

### छात्रावास की छात्राओं के संबंध में प्रसारित खबर भ्रामक एवं तथ्यहीन

**रायपुर, 17 मार्च।** पोर्टा केबिन हाई स्कूल छात्रावास की तीन छात्राएँ गर्भवती हैं। इस संबंध में शिक्षा विभाग द्वारा मामले की तथ्यात्मक जांच कराई गई, जिसमें उक्त खबर भ्रामक एवं निराधार पाई गई है। उक्त मामले में आज विधानसभा के सदन में सरकार की ओर से स्कूल शिक्षा मंत्री श्री गजेंद्र यादव ने भी स्पष्टीकरण देते हुए बताया कि मामले में प्रस्तुत तथ्यों की विस्तृत जांच की गई है। मंत्री ने कहा कि जिन तीन छात्राओं का उल्लेख किया जा रहा है, उनमें से दो छात्राएँ पोर्टा केबिन हाई स्कूल छात्रावास की निवासी नहीं हैं। वे स्वामी आत्मानंद हिन्दी माध्यम विद्यालय, गंगालूर में अध्ययनरत हैं और अपने घर से ही विद्यालय आना-जाना करती हैं। मंत्री ने आगे बताया कि समाचार में उल्लेखित तीसरी छात्रा पूर्व में पोर्टा केबिन हाई स्कूल छात्रावास में अध्ययनरत थी, लेकिन 18 अक्टूबर 2025 को दीपावली अवकाश में घर जाने के बाद से वह छात्रावास वापस नहीं आई। इसके बाद 6 नवंबर 2025 को छात्रा ने छात्रावास में उपस्थित होकर स्वेच्छा से घर से आना-जाना करने के लिए आवेदन प्रस्तुत किया था। तब से वह छात्रावास में निवास नहीं कर रही है। मंत्री के अनुसार छात्रा को छात्रावास से निष्कासित नहीं किया गया है।

**पुरखा पाट पत्रिका का ऑनलाइन विमोचन, आदिवासी संस्कृति को संजोने का संकल्प**

# देशभर से जुड़े साहित्यकारों और वक्ताओं ने युवाओं को लेखन और सांस्कृतिक संरक्षण के लिए किया प्रेरित

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**कांकेर 17 मार्च।** आदिवासी समाज की परंपराओं, संस्कृति और इतिहास को संरक्षित करने के उद्देश्य से पुरखा पाट त्रैमासिक पत्रिका का ऑनलाइन विमोचन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम में देश के विभिन्न राज्यों से साहित्यकार, लेखक, वक्ता और समाज के जागरूक नागरिक बड़ी संख्या में जुड़े। आयोजन में उपस्थित सभी पाठकों, लेखकों और अतिथियों के प्रति आयोजकों ने आभार व्यक्त करते हुए कहा कि सभी ने अपने बहुमूल्य समय से इस पहल को मजबूती प्रदान की है।

कार्यक्रम के दौरान विभिन्न वक्ताओं ने अपने विचार रखते हुए इस प्रयास को आदिवासी समाज के लिए एक महत्वपूर्ण कदम बताया। मुख्य वक्ता तुमेश कुमार चिराम (आर्यन चिराम) ने पत्रिका के आवरण पृष्ठ का विस्तृत वर्णन करते हुए बताया कि इसमें आदिवासी जीवन और इतिहास की झलक प्रस्तुत की गई है। उन्होंने कहा कि प्राचीन




समय में जब आदिवासी गुफाओं और कंदराओं में निवास करते थे, तब वे अपने अस्तित्व के प्रमाण के रूप में हाथों के निशान छोड़ते थे, जो आज भी हाथा देना परंपरा के रूप में प्रचलित है।

उन्होंने आगे बताया कि आवरण में आदिवासी समाज द्वारा पूजे जाने वाले सात प्रमुख देवों—भूमि, अग्नि, वायु, जल, आकाश, सूर्य और चंद्रमा—को दर्शाया गया है। साथ ही एक विशाल वृक्ष को प्रकृति के प्रतीक के रूप में दिखाया गया है, जिसके आसपास आदिवासी लोग नृत्य और लोकगीतों के माध्यम से अपनी संस्कृति का प्रदर्शन कर रहे हैं। चित्र में एक बुजुर्ग द्वारा अगली पीढ़ी को मौखिक परंपराओं का ज्ञान देते हुए भी दर्शाया गया है, वहीं एक अन्य दृश्य में अदृश्य शक्ति की आराधना करते हुए पत्थर स्वरूप प्रतीक की पूजा को दर्शाया गया है। पत्थलगड़ी परंपरा को दर्शाने के लिए पांच मूर्तियों का भी चित्रण किया गया है।

कार्यक्रम में पुरखा पाट नाम के महत्व पर भी प्रकाश डाला गया। यह पत्रिका आदिवासी युवाओं द्वारा हल्बा क्रांति साहित्यिक प्रकाशन के माध्यम से प्रत्येक तीन माह में प्रकाशित की जाएगी। इसका मुख्य उद्देश्य आदिवासी समाज की रीति-नीति, परंपरा और संस्कृति को लिखित रूप में संरक्षित करना तथा युवाओं को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का मंच प्रदान करना है, ताकि उनकी पहचान देश और दुनिया तक पहुंचे।

धर्मपाल कोडापे ने अपने संबोधन में कहा कि यह पत्रिका आदिवासी लेखकों को आगे बढ़ाने और उनके वास्तविक इतिहास को सामने लाने का सशक्त माध्यम बनेगी। वहीं माखनलाल सोरी ने मातृभाषा के संरक्षण की आवश्यकता पर जोर दिया। भागेश्वर पात्र ने युवाओं से समाज की परंपराओं को लिपिबद्ध करने का आह्वान किया। विपिन भगत और डॉ. जीवन लाल सलाम ने इस पहल के लिए शुभकामनाएं देते हुए हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया।

श्याम सिंह तारम ने पत्रिका को सफल बनाने के लिए निरंतर प्रयास करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में राजेश्वरी पिद्दा ने गांवों के नामकरण की परंपरा पर प्रकाश डालते हुए कहा कि गांवों के नामों के पीछे छिपे इतिहास को संरक्षित करना जरूरी है और युवाओं को इस दिशा में कार्य करना चाहिए। कार्यक्रम में अन्य वक्ताओं ने भी अपनी खुशी व्यक्त करते हुए पत्रिका की हार्ड कॉपी प्रकाशित करने की मांग रखी। कार्यक्रम का सफल संचालन सह-संपादक स्वरूप नायक द्वारा किया गया।

### ओडिशा के कटक स्थित एससीबी मेडिकल कॉलेज में हुई दुर्घटना पर मुख्यमंत्री जताया गहरा शोक

**रायपुर 17 मार्च।** मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने ओडिशा के कटक स्थित एससीबी मेडिकल कॉलेज के ट्रॉमा केयर आईसीयू में आग लगने की दुर्घटना में हुई जनहानि पर गहरा दुःख व्यक्त किया है। उन्होंने इस घटना को अत्यंत पीड़ादायक और हृदयविदारक बताया है। मुख्यमंत्री श्री साय ने शोक संतप्त परिवारों के प्रति अपनी गहरी संवेदनाएँ व्यक्त करते हुए कहा कि इस दुखद घड़ी में छत्तीसगढ़ की जनता उनके साथ खड़ी है। उन्होंने ईश्वर से दिवंगत आत्माओं की शांति तथा घायलों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की है। मुख्यमंत्री श्री साय ने महाप्रभु जगन्नाथ स्वामी से प्रार्थना करते हुए कहा कि वे दिवंगत पुण्यात्माओं को अपने श्रीचरणों में स्थान दें और शोकाकुल परिवारों को इस कठिन समय को सहने की शक्ति प्रदान करें।

**न्यायालय तहसीलदार लालबहादुर नगर, जिला-राजनांदगांव (छ.ग.)**

रा.प्र.क्र. 202603094500009-अ/6 (अ) वर्ष 2025-26

**ईश्तहार**

एतद सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, आवेदक सियाराम पिता भागचंद जाति गोड़ निवासी ग्राम पटपर तहसील लालबहादुर नगर जिला राजनांदगांव द्वारा ग्राम पटपर पटवारी हल्का नं. 17 में स्थित अपने नाम की कृषि भूमि खसरा नं. 465/2, 527/1, 592, 1076/2, 1094/1 रकबा 0.325, 0.028, 0.012, 0.048, 0.133, हेक्टेयर भूमि कुल खसरा 05 कुल रकबा 0.546 हेक्टेयर भूमि राजस्व अभिलेख में वर्ष 2019-20 में दर्ज था। किन्तु आन लाईन रिकार्ड में खसरा नं. 527/1, रकबा 0.028 हेक्टेयर भूमि अनावेदक जग्गूराम साहू पिता देवीराम साहू जाति तेली निवासी ग्राम पटपर की भूमि त्रुटिवंश मेरे खाते में दर्ज हो गया था। वर्तमान में खसरा नं0 465/2, 527/1, 592, 1076/2, 1094/1 रकबा 0.325, 0.028, 0.012, 0.048, 0.133, हेक्टेयर भूमि अनावेदक जग्गूराम साहू पिता देवीराम साहू जाति तेली निवासी ग्राम पटपर के नाम पर दर्ज जिसमें खसरा नं0 527/1, रकबा 0.028 हेक्टेयर भूमि छोड़कर शेष भूमि मेरे खाते में दर्ज किये जाने बाबत् आवेदन पत्र, बी-1 ऋण पुस्तिका, पाँचसाला खसरा वर्ष 1998-99 से 2002-03 की छायाप्रति पेश किया है।

अतः उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को उजर व आपत्ति हो तो वह दिनांक 20.03.2026 तक इस न्यायालय में उपस्थित होकर पेश कर सकते हैं। नियत समयावधि में आपत्ति प्राप्त नही होने के पश्चात् प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 02.03.2026 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर

तहसीलदार
लालबहादुर नगर

**न्यायालय तहसीलदार लालबहादुर नगर, जिला-राजनांदगांव (छ.ग.)**

रा.प्र.क्र.202602094500037-अ/74-वर्ष 2025-26

**ईश्तहार**

एतद सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, आवेदक शिवलाल पिता धनसिंग जाति गोड़ निवासी ग्राम ठाकुरटोला तहसील लालबहादुर नगर जिला राजनांदगांव द्वारा ग्राम ठाकुरटोला पटवारी हल्का नं. 11 रा.नि.मं. लालबहादुर नगर तहसील लालबहादुर नगर जिला राजनांदगांव में स्थित अपने नाम की कृषि भूमि खसरा नं. 23/5 रकबा 0.364 हेक्टेयर भूमि कुल खसरा 01 कुल रकबा 0.364 हेक्टेयर भूमि राजस्व अभिलेख में दर्ज है। उक्त भूमि का ऋण पुस्तिका हल्का पटवारी के प्रतिवेदन अनुसार जारी नही हुआ है। उक्त भूमि का ऋण पुस्तिका जारी नहीं होने के कारण आवेदक को शासकीय एवं अर्धशासकीय कार्य में परेशानी हो रही है। उक्त भूमि का नवीन ऋण पुस्तिका प्रदाय किये जाने हेतु आवेदन पत्र मय बी-1, चलान की मूल प्रति पेश किया गया है।

अतः उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को उजर व आपत्ति हो तो वह दिनांक 27.03.2026 तक इस न्यायालय में उपस्थित होकर पेश कर सकते हैं। नियत समयावधि में आपत्ति प्राप्त नहीं होने के पश्चात् प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 24.02.2026 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर

तहसीलदार
लाल बहादुर नगर

# रात में बदल गया मौसम का मिजाज

## रायपुर समेत कई जिलों में बारिश के साथ गिरे ओले



**रायपुर, 17 मार्च।** छत्तीसगढ़ में तेज गर्मी के बीच अचानक मौसम का मिजाज बदल गया है। सोमवार देर रात राजधानी रायपुर समेत प्रदेश के कई जिलों में तेज आंधी के साथ झमाझम बारिश हुई। कई इलाकों में मोटे-मोटे ओले भी गिरे, जिससे लोगों को गर्मी से राहत मिली। इस दौरान हवाएं 50 से 60 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चलीं। तेज हवा और ओलावृष्टि के कारण कुछ स्थानों पर पेड़ गिरने की भी खबरें सामने आई हैं।

सोमवार को दिन में प्रदेश का अधिकतम तापमान सामान्य से 2 से 4 डिग्री सेल्सियस अधिक दर्ज किया गया। मौसम विभाग के अनुसार, अगले पांच दिनों में अधिकतम तापमान में 3 से 5 डिग्री सेल्सियस तक गिरावट आने की संभावना है, जिसके बाद तापमान में ज्यादा बदलाव नहीं होगा।

मौसम विभाग का कहना है कि 17 मार्च को प्रदेश के एक-दो स्थानों पर 30 से 40 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवा चलने के साथ गरज-चमक और वज्रपात की संभावना है। साथ ही बहुत हल्की से हल्की बारिश भी हो सकती है।

### आज का पूर्वानुमान

मौसम विभाग के अनुसार आज प्रदेश के एक-दो स्थानों पर बहुत हल्की बारिश हो सकती है। वहीं कुछ इलाकों में 30 से 40 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवा चलने और गरज-चमक के साथ वज्रपात की संभावना जताई गई है। आने वाले दो दिनों बाद प्रदेश के कुछ स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश हो सकती है। इस दौरान 40 से 50 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवा चलने और बिजली गिरने की भी आशंका है।

# विस परिसर में स्वास्थ्य शिविर का शुभारंभ

**रायपुर, 17 मार्च।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने आज छत्तीसगढ़ विधानसभा परिसर में आयोजित तीन दिवसीय स्वास्थ्य शिविर का शुभारंभ किया। इस अवसर पर नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत, स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल सहित स्वास्थ्य विभाग के वरिष्ठ अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने शिविर में स्वयं स्वास्थ्य जांच कराकर स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता का सशक्त संदेश दिया। उन्होंने कहा कि वर्तमान जीवनशैली में शारीरिक गतिविधियों में कमी आने के कारण विभिन्न प्रकार की बीमारियां तेजी से बढ़ रही हैं, ऐसे में नियमित स्वास्थ्य जांच अत्यंत आवश्यक हो गई है।

मुख्यमंत्री साय ने कहा कि समय-समय पर स्वास्थ्य परीक्षण कराने से व्यक्ति समय रहते जागरूक रहकर आवश्यक सावधानी अपनाते हुए गंभीर बीमारियों से बचाव कर सकता है। उन्होंने कहा कि स्वस्थ नागरिक ही सशक्त समाज और समृद्ध राज्य की नींव होते हैं।



मुख्यमंत्री साय ने विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह द्वारा की गई इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे स्वास्थ्य शिविर न केवल लोगों को जागरूक करते हैं, बल्कि उन्हें अपने स्वास्थ्य के प्रति जिम्मेदार बनने के लिए प्रेरित भी करते हैं। इस अवसर पर स्वास्थ्य विभाग के सचिव अमित कटारिया, संचालक स्वास्थ्य संजीव कुमार झा, सीजीएमएससी के प्रबंध संचालक रितेश अग्रवाल सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

## एक नजर

### स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों का त्याग व बलिदान देश की अमूल्य धरोहर: सीएम

**रायपुर, 17 मार्च।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से विधानसभा स्थित मुख्यमंत्री कार्यालय कक्ष में छत्तीसगढ़ प्रदेश स्वतंत्रता संग्राम सेनानी उत्तराधिकारी संस्था के प्रतिनिधि मंडल ने सौजन्य मुलाकात की। प्रतिनिधि मंडल ने मुख्यमंत्री को 23 मार्च को बेमेतरा जिले में आयोजित स्वतंत्रता संग्राम सेनानी परिवार सम्मान समारोह में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया। मुख्यमंत्री साय ने आमंत्रण के लिए संस्था के पदाधिकारियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों का योगदान देश के इतिहास में अमूल्य है। मुख्यमंत्री ने कहा कि स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के परिवारों का सम्मान करना हम सभी का दायित्व है। यह केवल कृतज्ञता प्रकट करने का अवसर नहीं, बल्कि नई पीढ़ी को देशभक्ति, समर्पण और राष्ट्रसेवा की प्रेरणा देने का भी सशक्त माध्यम है।उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन समाज में राष्ट्रीय मूल्यों को सुदृढ़ करते हैं और स्वतंत्रता संग्राम के गौरवशाली इतिहास को जन-जन तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ रजककार विकास बोर्ड के अध्यक्ष प्रहलाद रजक, संस्था के अध्यक्ष डॉ. शिरीष शर्मा, डॉ. शिवेन्द्र त्रिपाठी, ललित मिश्रा, विनायक दीवान सहित अन्य प्रतिनिधि उपस्थित थे।

### चोरों ने गैस सिलेंडर को बनाया निशाना

**रायपुर, 17 मार्च।** राजधानी रायपुर में शातिर चोरों ने अपना काम करने का तरीका पूरी तरह बदल दिया है। अब तिजोरियों के ताले तोड़ने की मेहनत के बजाय, चोर आंगन में रखे गैस सिलेंडरों पर हाथ साफकर रहे हैं। ऐसा लगता है जैसे चोरों ने अब स्मार्ट वर्किंग के साथ-साथ किचन बजट पर भी नजर डाल ली है। ताजा मामला राजेंद्र नगर थाना क्षेत्र की बजाज कॉलोनी का है। यहाँ के निवासी और कारोबारी रितेश उप्पल के घर को चोरों ने अपना निशाना बनाया, चोरों ने बड़े ही इत्मीनान से घर के आंगन में कदम रखा, कोई कीमती इलेक्ट्रॉनिक्स या गाड़ी नहीं, बल्कि वहाँ रखा कीमती गैस सिलेंडर, सिलेंडर उठाया और रफूचक्कर हो गए चोर भले ही शातिर थे, लेकिन वे सीसीटीवी कैमरे की पैनी नजर से नहीं बच पाए। पूरी वारदात कैमरे में रिकॉर्ड हो गई है, जिसमें चोर सिलेंडर को इस तरह ले जाते दिख रहे हैं जैसे अपनी ही मिल्कियत उठा रहे हों। कारोबारी रितेश उप्पल की शिकायत पर राजेंद्र नगर थाना पुलिस ने एफआई दर्ज कर ली है।

### राष्ट्रीय विज्ञान दिवस पर अनुसंधान और सतत नवाचार को बढ़ावा

**रायपुर, 17 मार्च।** राष्ट्रीय विज्ञान दिवस पर, वेदांता एल्युमीनियम — जो भारत का सबसे बड़ा एल्युमीनियम उत्पादक है, ने कहा कि वह भारत के वैज्ञानिक और तकनीकी विकास को आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है। कंपनी ने बताया कि वह अपने काम में शोध-आधारित उत्पादन, डिजिटल नवाचार और इंजीनियरिंग-आधारित तकनीकों का उपयोग करती है। इस कंपनी में वैज्ञानिकों और तकनीकी विशेषज्ञों की एक एकीकृत टीम काम करती है, जिसमें धातु विज्ञान (मेटलर्जी), रसायन विज्ञान, प्रक्रिया इंजीनियरिंग, डेटा साइंस और डिजिटल विशेषज्ञ शामिल हैं। इसके साथ ही 800 से ज्यादा महिलाएँ भी मुख्य वैज्ञानिक, तकनीकी, डिजिटल और इंजीनियरिंग भूमिकाओं में काम कर रही हैं। ये महिलाएँ इस तकनीकी और वैज्ञानिक कामगारों की कुल टीम का लगभग 20% हिस्सा हैं। ये सब मिलकर भारत के बढ़ते हुए नवाचार माहौल में योगदान दे रहे हैं। ये पेशेवर संसाधन-सक्षम शोधन, सामग्री विज्ञान, ऊर्जा अनुकूलन, टिकाऊ खनन तकनीक, औद्योगिक एआई और डिजिटल निर्माण के क्षेत्र में अग्रणी प्रगति कर रहे हैं। कंपनी की एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है कि उसने एक विशेष शोधन प्रक्रिया विकसित की है, जो बॉक्साइट के अपशिष्ट (रेड मड) को 30त्न तक कम करती है, एलुमिना की वसूली बढ़ाती है और टिकाऊ शोधन को मजबूत करती है।

# गोदावरी सोलर प्लांट की भूमि वन विभाग की नहीं : केदार कश्यप

**रायपुर, 17 मार्च।** विधानसभा में आज वन मत्री केदार कश्यप ने बताया कि महासमुंद वनमंडल के सरायपाली वन क्षेत्र गोदावरी सोलर प्लांट को आबंटित जमीन वन विभाग का नहीं है। वन मंत्री के जवाब से असंतुष्ट होकर विपक्ष ने बर्हिगमन किया।

विधानसभा में आज विधायक चातुरीनंद ने वन विभाग की नर्सरी भूमि में गोदावरी सोलर प्लांट की स्थापना नियम विरूद्ध कराए जाने का मामला उठा और उन्होंने कहा कि ग्राम जंगलबेड़ा में अवैध पेड़ कटाई की गई है। उन्होंने कहा कि उनके मूल प्रश्न में छेड़छाड़ की गई है। भूपेश बघेल ने कहा कि यह गंभीर मामला है। विधानसभा सचिवालय द्वारा मूल प्रश्न बदला गया है तो इस पर कार्यवाही होना चाहिए।

सभापति धर्मलाल कौशिक ने कहा कि इसमें मूल प्रश्न इस समय अवधि स्पष्ट नहीं है।




» जल, जंगल, जमीन छीनने का आरोप लगाया विधायक चातुरी नंद ने

» वनमंत्री के जवाब से असंतुष्ट विपक्ष ने किया सदन से वाकआउट

इसलिए इस पर कोई कार्यवाही नहीं हो सकती। विधायक चातुरीनंद ने आरोप लगाया कि राजस्व रिकॉर्ड बदला गया गया है। उनहोंने आरोप लगाया कि जल जंगल जमीन को सरकार बेच रही है। वन मंत्री केदार कश्यप ने कहा कि गोदावरी सोलर प्लांट को नर्सरी की जमीन नहीं दी गई है। यह जमीन वन विभाग की नहीं है, इसलिए अवैध पेड़ कटाई का मामला प्रश्न नहीं उठता, चातुरीनंद ने कहा कि पेड़ कटाई से ग्रामवासी परेशान हैं। भूपेश बघेल ने कहा कि यह मामल बहुत गंभीर है, इसलिए हम वनमंत्री के जवाब से असंतुष्ट होकर सदन से बर्हिगमन करते है।

कांग्रेस के भूपेश बघेल ने सहकारी समितियों में धान शार्टेज का मामला उठाया। वन मंत्री केदार कश्प ने कहा कि रायपुर संभाग की 161 सहकारी समितियों धान का शार्टेज पाया गया है। 2026-27 में तीन राईस मिलों में एफआईआर दर्ज कराया गया है।

सभा



रायपुर, 17 मार्च। विधानसभा घेराव के लिए जाने के पहले भारतमाता की प्रतिमा के सामने कांग्रेसियों की सभा हुई।

## राजधानी बन गई है अपराध का गढ़ : कांग्रेस

**रायपुर, 17 मार्च।** प्रदेश की राजधानी अपराध का गढ़ बन चुकी है। प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि लूट, चाकूबाजी, हत्या, चोरी, बलत्कार की घटनाये प्रतिदिन बढ़ते जा रही है। राजधानी के कालीबाड़ी में सरेआम अपराधियो के दो गुट में गैंगवार हुआ, दौड़ा-दौड़ाकर चाकू चलाया गया। राजधानी के एक ही इन्द्रप्रस्थ नगर में घर में घुसकर चार बदमाशो ने दो भाईयो के उपर में आत्मघाती प्रहार किया। लगातार इस प्रकार की घटनाये हो रही है और पुलिस मौन बनी हुयी है। प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि पिछले दो वर्षो में छत्तीसगढ़ अपराध का गढ़ बन गया है। लूट, हत्या, बलात्कार, चाकूबाजी की घटनाओं के कारण पूरे प्रदेश में दहशत का माहौल है। छत्तीसगढ़ देश का ऐसा अकेला राज्य है, जहां पर कलेक्टर, एसपी कार्यालय जला दिया गया, अपराधी को गांव वालो ने उसके घर में जिंदा जला दिया, एसडीएम को जनता मारने दौड़ा दिया उसे जान बचाकर भगाना पड़ा। राज्य की राजधानी में 2 साल में गोलीबारी की घटना हो गयी, राज्य में मासूम बच्चियां महिलाएं सुरक्षित नहीं है। हर दिन 8 बलात्कार और हर दूसरे दिन 3 सामूहिक दुराचार की घटनाएं हो रही है। राजधानी चाकूपुर बन गया है।

# मालवाहकों पर प्रतिबंध से बढ़ रही समस्याएं, पुलिस कमिश्नर से मिले व्यापारी

**रायपुर, 17 मार्च।** कैट के राष्ट्रीय वाइस चेयरमेन एवं राष्ट्रीय व्यापारी कल्याण बोर्ड (भारत सरकार) के सदस्य अमर पारवानी, छत्तीसगढ़ इकाई के चेयरमेन जितेंद्र दोशी, विक्रम सिंहदेव, अध्यक्ष परमानंद जैन, महामंत्री सुरिन्दर सिंह, कोषाध्यक्ष अजय अग्रवाल, कार्यकारी अध्यक्ष राजेंद्र जग्गी, राम मंधान, वासु मखीजा, भरत जैन, राकेश ओचवानी, शंकर बजाज ने संयुक्त रूप से बताया कि कैट के प्रतिनिधिमंडल सहित विभिन्न व्यापारी संगठनों के पदाधिकारियों ने अमर पारवानी जी के नेतृत्व में रायपुर के कमिश्नर डॉ. संजीव शुक्ला जी से भेंट कर शहर के ट्रांसपोर्ट क्षेत्र में शाम 5 बजे से रात 9 बजे तक मालवाहक ऑटो, रिक्शा आदि के प्रवेश पर लगाए गए प्रतिबंध से उत्पन्न हो रही समस्याओं से अवगत कराया।प्रतिनिधिमंडल ने बताया कि विगत दिनों शहर में ट्रैफिक की समस्या के समाधान के उद्देश्य से तेलघानी नाका, भैंसस्थान, गुढियारी, अग्रसेन चौक सहित उन क्षेत्रों में, जहां से प्रदेश के विभिन्न स्थानों के लिए माल बुकिंग और ट्रांसपोर्ट संचालन होता है, वहां शाम 5 बजे से रात 9 बजे तक मालवाहक ऑटो व रिक्शों के आवागमन पर प्रतिबंध लगाया गया है।



## इलेक्ट्रानिक प्रोक्योरमेंट सिस्टम पर कार्यशाला का शुभारंभ

**रायपुर, 17 मार्च।** राजधानी रायपुर के सिविल लाइन्स स्थित न्यू सर्किट हाउस में सूचना विज्ञान केंद्र (एन.आई.सी.) द्वारा विकसित इलेक्ट्रानिक प्रोक्योरमेंट सिस्टम पर दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का शुभारंभ हुआ। चिप्स एवं एन.आई.सी. के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस कार्यशाला में शासकीय खरीद में पारदर्शिता और दक्षता बढ़ाने के लिए राज्य के समस्त विभागों को नवीन प्रोक्योरमेंट प्रणाली का प्रशिक्षण दिया जाना है। कार्यशाला के प्रथम दिन लोक कल्याण विभाग, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, जल संसाधन विभाग, गृहनिर्माण विभाग,पर्यटन विभाग सहित 50 विभागों के नोडल अधिकारी शामिल हुए, जिन्हें एन.आई.सी. नई दिल्ली से श्रीमती उषा सक्सेना, उप-महासंचालक के नेतृत्व में आये पांच सदस्यी दल द्वारा प्रशिक्षण दिया जाएगा।

## मारकंडेश्वर महादेव मंदिर में होगी ज्योति कलश की स्थापना



**रायपुर, 17 मार्च।** चैत्र नवरात्रि 19 मार्च से शुरू हो रही है। ज्योति कलश की स्थापना के लिए मां दुर्गा मारकंडेश्वर महादेव मंदिर में समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में लिए गए निर्णय के अनुसार 19 मार्च को नवरात्रि के पहले दिन सुबह 9:30 बजे से पूजा पाठ का श्रीगणेश हो जाएगा। उसके पश्चात माताजी के दरबार में ज्योत प्रज्वलित कर माताजी की आरती की जाएगी। पद्मशाली समाज ने सभी सदस्यों से निवेदन है कि जो भक्त कलश पात्र और ज्योत प्रज्वलित कर रहे हैं उन्हें भी माताजी के दर्शन के लिए जरूर आना चाहिए। यह जानकारी गोपाल परसावार अध्यक्ष रायपुर क्षेत्र पदमशाली समाज ने दी है।

# अंधविश्वास के कारण प्रताड़ित हो रहे निर्दोष लोग: मिश्र

**रायपुर, 17 मार्च।** अंधश्रद्धा निर्मूलन समिति के अध्यक्ष व नेत्र विशेषज्ञ डॉ. दिनेश मिश्र ने सुभाषचन्द्र बोस राज्य पुलिस अकादमी, चन्द्रखुरी रायपुर में आयोजित कार्यशाला में व्याख्यान देते हुए कहा विज्ञान की शिक्षा, एवं प्रौद्योगिकी के कारण देश में वैज्ञानिक उपलब्धियां बढ़ रही हैं शिक्षा के क्षेत्र में भी तकनीक का प्रभाव बढ़ है, पर उसके बाद भी देश में अंधविश्वास और सामाजिक कुरीतियों के कारण अक्सर अनेक निर्दोष लोगों को प्रताड़ना का शिकार होना पड़ता है जिनमे डायन/टोनही के संदेह में प्रताड़ित महिलाओं की संख्या अधिक है.जादू टोना, टोनही जैसे अंधविश्वास से जिससे बचाव, राहत के लिए आम जन में जागरूकता के साथ लिए शिकायतों पर संज्ञान लेकर तुरंत कार्यवाही आवश्यक हैं. प्रदेश में सन 2005 से राज्य टोनही प्रताड़ना निरोधक कानून बना हुआ है, जिसकेअभी भी गांव गांव में प्रचार, प्रसार तथा और शिकायतों पर त्वरित कार्यवाही से पीड़ितों को राहत मिलेगी.

» राज्य पुलिस अकादमी में व्याख्यान



डॉ. दिनेश मिश्र ने कहा सामाजिक अंधविश्वासों पर चर्चा, तर्क और विश्लेषण जारी रहना समाज में वैज्ञानिक दृष्टिकोण के लिए जरूरी है.वैज्ञानिक दृष्टिकोण का सम्बंध तर्कशीलता से है, वैज्ञानिक दृष्टिकोण हमारे अंदर अन्वेषण की प्रवृत्ति विकसित करता है, तथा विवेकपूर्ण निर्णय लेने में सहायता करता है, इस लिए वैज्ञानिक दृष्टिकोण का विकास हमारे संविधान का महत्वपूर्ण अंश है

किसी भी काम को यदि सही ढंग से किया जाये, मेहनत, ईमानदारी से किया जाए तो सफलता जरूर मिलती है। उन्होंने कहा कि 18वीं सदी की मान्यताएं व कुरीतियां अभी भी जड़े जमायी हुई है जिसके कारण जादू-टोना, डायन, टोनही, बलि व बाल विवाह जैसी परंपराएं व अंधविश्वास आज भी वजूद में है। जिससे प्रतिवर्ष अनेक मासूम जिन्दगियां तबाह हो रही है। उन्होंने कहा कि ऐसे में वैज्ञानिक जागरूकता को बढ़ाने और तार्किक सोच को अपनाने की आवश्यकता है। उन्होंने आगे कहा कि अंधविश्वास को कुरीतियों के विरूद्ध सभी को एकजुट होकर आगे आना चाहिए।




कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरुण छत्तीसगढ़, तरुण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2024-26